Vol.23, Issue 6 | Annual Subscription ₹480

@NewsRotary

/RotaryNewsIndia

अप्रैल 2024

रोटरी समाचार

Rotary

भारत

www.rotarynewsonline.org

ADVT.



CREATE HOPE in the WORLD

Rotary
A Project by
Rotary Club of Virudhunagar
District - 3212

Project Punch is now a National Project

Project Punch- Spoken English Programme For Student Teachers

A 3-Day Spoken English Programme

75 PLUS

Programmes in Two years

As on
18 March, 2024

No. of Occurrences
78

No. of Beneficiaries
8474

"The limits of my language are the limits of my world"
Ludwig Wittgenstein

The participants are trained and motivated to speak in English fluently and flawlessly.

Do you wish to conduct **Project Punch?**
Contact:
Project Chairman
Rtn. A.Shyamraj
97502 07464

PROJECT PUNCH

What is Project Punch?

Project Punch is a 3-day Spoken English Training Programme by Rotary Club of Virudhunagar for student teachers (B.Ed. students) to improve their Communicative English and Public Speaking skills.

Project Punch is now a National Project. We serve beyond RID 3212 and Tamil Nadu. Recently, our team of Trainers travelled to Maharashtra and delivered 2 programmes of Project Punch to the students and the teachers of Eklaya adivasi bhatakya vimukta jati-jamati va magasvargiya sevabhavi sanstha, Manchi Hill (Maharashtra).

IDHAYAM
PROMISE OF HEALTH AND HAPPINESS

LEKHA ads/Apr 24/ Rotary-1

विषयसूची

14
सात महिला गवर्नरों ने भारत में इतिहास रचा

24
एक बेहतर दुनिया के लिए टीआरएफ को दान देते रहें

30
मंडल नेतृत्व को सशक्त करना

33
रोटरी ने हैदराबाद में नवजात शिशु आईसीयू का उन्नयन किया

34
आगामी क्लब अध्यक्ष श्रीलंका में सकारात्मक प्रभाव के लिए तैयार

38
मैसूरु में आंगनवाड़ियों का सौंदर्यीकरण

42
एक नई पहल के साथ गणतंत्र दिवस समारोह

46
मंगल, विविधता और STEM के बारे में सब कुछ

48
रोटरी क्लब जम्मू स्टार्स ऑटिज़्म क्लिनिक की मदद करता हैं

52
ग्रामीण छात्रों के लिए अंग्रेजी कोचिंग

54
पश्चिम बंगाल के एक नेत्र अस्पताल को मिली नई इमारत

60
पर्यावरण की मदद के लिए रोटरी क्लब क्या कर सकते हैं

66
इंटेक्टर्स वयस्कों को साक्षर बनाते हैं

68
विकलांगों के लिए एक उत्सव

आपके पत्र

रोटरेक्ट और शांति का जश्न

मार्च के अंक में वरिष्ठ रोटेरियनों के साथ रोटरेक्टरों और इंट्रक्टरों की प्रेरक तस्वीरें हैं, जो शांति निर्माण प्रयासों में उनके वैश्विक प्रभाव को उजागर करती हैं। 140 देशों में फैले 1,800 शांति निर्माताओं के साथ, शांति को बढ़ावा देने के लिए रोटरेक्ट की प्रतिबद्धता स्पष्ट है। संपादक का संदेश हमारे सबसे बड़े वकीलों में से एक, स्वर्गीय फली नरीमन और रेडियो सीलोन के *बिनाका गीत माला* फेम अमीन सयानी को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि देता है।

यह अंक स्वस्थ समुदायों के लिए WASH कार्यक्रमों पर रो ई निदेशक अनुराधा रॉयचौधरी के ध्यान पर प्रकाश डालता है। टीआरएफ न्यासी प्रमुख बेरी रेसिन WASH और रोटरेक्ट के बीच की कड़ी को रेखांकित करते हैं और भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में टीआरएफ की भूमिका पर जोर देते हैं। केरल के लिए जर्मन छात्र के प्यार जैसे व्यक्तिगत उपाख्यानों और *श्रीलंकाई रोटेरियनों ने कैंसर का सामना किया* जैसे जानकारीपूर्ण लेख इस अंक को समृद्ध बनाते हैं। जीवंत तस्वीरें और हार्दिक श्रद्धांजलियां इस अंक को रोटरी के समर्पण और कड़ी मेहनत की गवाह बनाती है। उनके असाधारण योगदान के लिए रोटरी न्यूज टीम को बधाई।

फिलिप मुलप्पोन एमटी
रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन - मंडल 3211

रो ई अध्यक्ष मेकिनली ने रोटरी पीस फैलोशिप के माध्यम से नेतृत्वकर्ताओं को पोषित करने में रोटरी की भूमिका पर प्रकाश डाला। संपादक के संदेश ने कानूनी दिग्गज फली नरीमन और रेडियो शख्सियत अमीन सयानी को श्रद्धांजलि दी। रो ई निदेशक रॉयचौधरी ने वर्षा जल संचयन और नदियों के नवीनीकरण के महत्व पर जोर दिया और टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष बेरी रेसिन द्वारा अनुशंसित पानी और स्वच्छता परियोजनाओं के लिए वैश्विक अनुदान के लिए आवेदन करके बेंगलुरु के रोटेरियनों को पानी की कमी को दूर करने का सुझाव दिया।

के एम के मूर्ति
रोटरी क्लब सिकंदराबाद - मंडल 3150

श्रीराम पंचू द्वारा लिखित फली नरीमन पर लेख, इस महान वकील के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि है। मेरा मानना है कि विधिवेत्ता के रूप में उनके करियर में उन्हें 1984 की भोपाल गैस त्रासदी मामले में यूनियन कार्बाइड का प्रतिनिधित्व करने का पछतावा था। 'दो सज्जन दिग्गजों' पर लेख लिखने के लिए बधाई जिनका हाल ही में निधन हुआ है।

रेजिनाल्ड वीसली
रोटरी क्लब मैसूर वेस्ट - मंडल 3181

शानदार अंक! रोटरी परियोजनाओं और गतिविधियों के अलावा विभिन्न विषयों पर पढ़ने की प्रचुर सामग्री। संध्या राव के *शब्दों की दुनिया* कॉलम को पढ़कर मज़ा आया। प्रकाशक का नाम और समीक्षा की गई पुस्तकों की कीमत की जानकारी सहायक होगी। *रोटरी न्यूज़* में पुस्तकों की एक विस्तृत विविधता पर अधिक लेखों की प्रतीक्षा रहेगी।

राधेश्याम मोदी
रोटरी क्लब अकोला - मंडल 3030

एक अनुकरणीय रेलवे कर्मी

आत्मविश्वास, लोगों, सहकर्मियों और संगठन के लिए प्यार के साथ कुछ भी हासिल किया जा सकता है, जैसा कि वंदे भारत ट्रेन के डिजाइनर सुधांशु मणि द्वारा प्रदर्शित किया गया है। आईसीएफ-चेन्नई के महाप्रबंधक के रूप में, एक उन्नत भारतीय ट्रेन बनाने के लिए उनके समर्पण ने वंदे भारत को आगे बढ़ाया। उनकी नेतृत्व शैली और मजबूत कार्य नीति उनकी सफलता में सहायक रही। स्व-प्रेरित व्यक्तियों को प्रोत्साहित करके और प्रदर्शन नहीं करने वालों की जवाबदेही तय करके, उन्होंने एक उत्पादक वातावरण को बढ़ावा दिया और भ्रष्टाचार को कम किया।

यौन अपराधी के खिलाफ उनकी त्वरित कार्रवाई ने महिला श्रमिकों का आत्मविश्वास बढ़ाया। उनके कार्यकाल में, ट्रेन 18 का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने 2018 में किया था, और अब 45 ट्रेनें कार्यरत हैं। यात्रियों और नागरिकों से प्राप्त व्यापक सराहना भारतीय गौरव को दर्शाते हुए विशुद्ध रूप से स्वदेशी उद्यम के रूप में इसके महत्व को रेखांकित करती है। सुधांशु मणि का योगदान सराहनीय है और सभी भारतीय इसकी प्रशंसा करते है।

वीआरटी दोरईराजा
रोटरी क्लब तिरुचिरापल्ली - मंडल 3000

मैं लेख के शब्दों से पूरी तरह सहमत हूं *वंदे भारत के जनक* ने इसकी कहानी सुनाई कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शब्द विरोधाभास से भरा

आपके पत्र

हुआ है। हमेशा, यह एक व्यक्ति विशेष का योगदान होता है जो एक महान उपलब्धि या आविष्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, उदाहरण के लिए, एक अंतरिक्ष परियोजना या एक बड़ी रेलवे परियोजना। यह सुधांशु मणि का जुनून था जिसने भारत की स्वदेशी रूप से निर्मित हाई स्पीड ट्रेन को संभव बनाया।

मुझे मणि के शब्द पसंद हैं, ''आप जो करते हैं उससे प्यार करना होगा। अपने सहकर्मियों से प्यार करें। वह एक सकारात्मक दृष्टिकोण का परिचय देते है जब वह कहते है रंगों के बड़े पैलेट को देखिये; आप अपनी पसंद के रंग चुन सकते हैं,'' वह भी एक सरकारी सेटअप में। वह आगे कहते हैं कि बहुत से संगठनों में, अच्छे विचार और अच्छे लोग हमेशा उपलब्ध रहते हैं लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया जाता। वह लोगों पर भरोसा करने, उन्हें सशक्त बनाने और उन्हें सही कार्य सौंपने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। हमें बहादुर सुधांशु मणि की प्रशंसा करनी चाहिए।

एम पालनिअप्पन

रोटरी क्लब मदुरई वेस्ट - मंडल 3000

जैसे ही मुझे पत्रिका मिलती है, पहले दो लेख जो मैं पढ़ता हूँ वे हैं रशीदा भगत का *संपादक का संदेश* और टीसीए श्रीनिवासा राघवन का हास्यपूर्ण *एलबीडब्ल्यू* कॉलम। महत्वपूर्ण घटनाओं का संपादक का संक्षिप्त कवरेज संतुलित, सूचनात्मक और प्रेरणादायक है। यह पत्रिका की शेष सामग्री में एक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। राघवन की हास्यवृत्ति परिष्कृत है, और वह दैनिक जीवन की घटनाओं के विनोदी पक्ष को देखते है। पत्रिका के अन्य लेखों को पढ़ने के लिए यह हमेशा एक अच्छी शुरुआत देते है।

एच आर सीताराम

रोटरी कल्ब बैंग्लोर इंदिरानगर - मंडल 3192

फरवरी अंक में रोटरी क्लब चंडीगढ़ के *रोटरी मिठाई मिशन* के बारे में लेख को पढ़कर मुझे खुशी हुई, जहां वे 2017 से दिवाली उपहार के रूप में हमारे सैनिकों को मिठाई के डिब्बे भेज रहे हैं। एक सेवानिवृत्त सैनिक के रूप में, मैं इस भाव के लिए गहराई से आभारी हूं, और मेरा मानना है कि यह सेवानिवृत्त और सेवारत सैनिकों दोनों के मन में गर्व और खुशी पैदा करता है। दयालुता का यह कार्य अत्यधिक ठंड एवं ऊंचाई जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में तैनात सैनिकों का मनोबल बढ़ाता है। यह अन्य रोटरी क्लबों को निस्वार्थ रूप से हमारे राष्ट्र की सेवा करने वाले हमारे बहादुर सैनिकों के लिए इसी तरह की परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि क्लब इस साल से वायु सेना एवं नौसेना के जवानों को शामिल करके इस परियोजना का विस्तार करने की योजना बना रहा है। क्लब को शुभकामनाएं।

कर्नल (सेवानिवृत्त) विजयकुमार

रोटरी क्लब अलेप्पी ग्रेटर - मंडल 3211

पिछले अंक में रोटरी क्लब कोलकाता यूनिवर्स के सौमित्र चक्रवर्ती ने उचित रूप से कहा है कि *रोटरी न्यूज़* की एक हार्ड कॉपी हमेशा आकर्षक, पठनीय होती है, जिसमें चित्र बहुत प्रेरणादायक होते हैं। रो ई के इस नियमों को जानकर अच्छा लगा कि जो रोटरी क्लब किसी भी रोटरी पत्रिका की सदस्यता नहीं लेते हैं, उन्हें बंद किया जा सकता है। मेरा मानना है कि पत्रिका को अनिवार्य बनाने से क्लबों के साथ-साथ उनके सदस्यों को रोटरी जगत में होने वाली गतिविधियों पर हर महीने अपडेट रहने का फायदा मिलेगा।

पीयूष दोषी

रोटरी क्लब बेलूर - मंडल 3291

रोटरी ने मेरे जीवन को आकार दिया

मैं करीब 60 साल से रोटरी क्लब शिलांग का सदस्य हूं और जल्द ही 86 साल पूरे करने वाला हूं। मैंने अपने क्लब में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, और *रोटरी न्यूज़* के शुरूआती दिनों की मेरे मन में स्पष्ट स्मृतियां है, जिसमें बहुत कम रोटरी लेखों के साथ कुछ ही पन्ने हुआ करते थे। इसलिए, मैं इवेंस्टन से *द रोटेरियन* की सदस्यता लेता था जिसमें भारत की बहुत कम रोटरी परियोजनाएं होती थीं। उसमें ज्यादातर अन्य देशों की रोटरी गतिविधियों के बारे में लेख होते थे।

अब, भारत में रोटरी आंदोलन दूर-दूर तक फैल गया है और भारत टीआरएफ में बड़ा योगदान देता है। उन्नत *रोटरी न्यूज़* के साथ, मैं अब भारत और विदेशों में किए जा रहे रोटरी लेख और परियोजनाओं दोनों को पढ़ता हूं। मैं क्लब की बैठकों में भाग नहीं ले सकता, लेकिन हमारी क्लब पत्रिका के माध्यम से खुद को अपडेट रखता हूं। हालांकि, मैं कभी-कभी कुछ महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लेने की कोशिश करता हूं और अपने जीवन के अंत तक एक रोटेरियन बना रहूंगा।

रोटरी ने मेरे मूल्यों को समृद्ध किया है, मेरे ज्ञान को बढ़ाया है और मुझे कई चीजें सिखाई हैं जिन्हें मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।

एस एल सिंघानिया

रोटरी क्लब शिलांग - मंडल 3240

कवर पर: महिला मंडल गवर्नरस - खड़ी, बाएं से: बी सी गीता (RID 3182), रितु ग्रोवर (RID 3040), स्वाति हर्कल (RID 3132), मंजू फड़के (RID 3131)। बैठी, बाएं से: आनंदता जोथी (RID 3000), आशा वेणुगोपाल (RID 3030) और जयश्री मोहंती (RID 3262)।

चित्र: **रशीदा भगत**

हम आपकी प्रतिक्रियाओं का स्वागत करते है। अपनी प्रतिक्रियाएं *rotarynews@rosaonline.org* या *rushbhagat@gmail.com* पर संपादक को मेल कीजिए। *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर उच्च रेसोल्यूशन वाली तस्वीरें अपनी परियोजना के विवरण के साथ मेल कीजिए। आपके क्लब/मंडल परियोजनाओं के संदेश, Zoom मीटिंग/वेबिनार पर जानकारी और उसके लिंक केवल संपादक को ई-मेल द्वारा *rushbhagat@gmail.com* या *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर भेजे जाने चाहिए। WhatsApp पर भेजे संदेशों पर विचार नहीं किया जाएगा।

अध्यक्ष की जबानी

केविन सेर्नी

भीतरी परिवर्तन

यह ऐसा समय हैं जो शांति के लिए तरस रहा हैं। मध्य पूर्व इतने वर्षों में अपनी सबसे अस्थिर स्थिति में है। यूक्रेन का युद्ध द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा है और सूडान एवं मध्य अफ्रीका के कुछ हिस्सों में सशस्त्र संघर्ष जारी हैं। लगभग हर महाद्वीप एक बड़े सशस्त्र संघर्ष का सामना कर रहा है।

शांति स्थापना में रोटरी की महत्वपूर्ण भूमिका है - मैं अक्सर कहता हूँ कि रोटरी को शांति के लिए उसी आक्रामकता के साथ काम करने की जरूरत है जैसा युद्ध छेड़ने वाले करते हैं। यह हम पर निर्भर है कि हम एक-दूसरे के बीच शांति निर्माण व्यवहार का मॉडल तैयार करें। ''हम एक दूसरे के इरादों पर सवाल उठाने और सबसे खराब संभावित स्पष्टीकरण पर आने से बेहतर कर सकते हैं।'' तनावपूर्ण या अपमानजनक शब्दों को सुनने के बाद हम करुणा और जिज्ञासा के साथ उन अपमानजनक शब्दों के इरादे पूछ सकते हैं। और फिर हमारे पास उस नुकसान की मरम्मत का एक और अवसर होता है।

यदि हम दुनिया के लिए एक प्रकाशस्तंभ बनना चाहते हैं, तो चलिए हम एक दूसरे के साथ ऐसा करने से शुरूआत करें। चुभने या अविश्वास का कारण बनने वाले शब्दों के लिए अधिक समझ और उत्पादक विकल्प खोजने में एक-दूसरे की मदद करें। और अपने सिद्धांतों पर टिके रहें, लेकिन संघर्षों को समाप्त करने के लिए एक-दूसरे की ईमानदारी पर कभी संदेह न करें, उन्हें भड़काएं नहीं।

मुझे वो भाषण याद आ रहा है जो अमेरिकी सीनेटर रॉबर्ट कैनेडी ने 4 अप्रैल 1968 को दिया था, वह भयानक दिन जब रेव मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या कर दी गई थी। कैनेडी इंडियानापोलिस में मुख्य रूप से अफ्रीकी अमेरिकी क्षेत्र में दर्शकों से बात कर रहे थे जहाँ लोगों को यह पता नहीं था डॉ किंग को मार दिया गया है।

उन्होंने इस भयानक खबर को साझा किया। उन्होंने न्याय और शांति के लिए किए गए सभी कार्यों के लिए डॉ किंग को सम्मानित किया। और फिर वह नाराज़ और शोकग्रस्त भीड़ से यह कहकर जुड़े: ''आप में से जो काले लोग हैं और सभी गोरे लोगों के खिलाफ इस तरह के अन्यायपूर्ण कृत्य के लिए घृणा और अविश्वास से भरे हुए हैं, मैं बस उनसे यह कहना चाहता हूं कि मुझे भी अपने दिल में यही भावना महसूस हो रही है। ऐसा लग रहा है जैसे मेरे अपने परिवार के एक सदस्य की हत्या कर दी गई है।'' यह पहली बार था जब उन्होंने राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या के बारे में सार्वजनिक रूप से बात की थी। और उस रात जब कई अमेरिकी शहरों ने हिंसा देखी, इंडियानापोलिस में शांति थी।

संकट और निराशा के समय में ही हमें सबसे अधिक सहानुभूति की आवश्यकता होती है। सहानुभूति शांति का सबसे शक्तिशाली उपकरण है और यह महत्वपूर्ण है कि हम *विश्व में उम्मीद जगाने* के लिए पहला साहसी और विनम्र कदम उठाएं।

गॉर्डन मेकिनली
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

Rotarians!

Visiting Chennai for business?

Looking for a compact meeting hall?

Use our air-conditioned Board Room with a seating capacity of 16 persons at the office of the Rotary News Trust.

Tariff:

₹2,500 for 2 hours
₹5,000 for 4 hours
₹1,000 for every additional hour

Phone: 044 42145666
e-mail: rotarynews@rosaonline.org

रोटरी संख्या

रोटरी क्लब	:	36,902
रोटरेक्ट क्लब	:	10,734
इंटरेक्ट क्लब	:	15,449
आरसीसी	:	13,362
रोटरी सदस्य	:	1,177,787
रोटरेक्ट सदस्य	:	177,145
इंटरेक्ट सदस्य	:	355,327

19 मार्च, 2024 तक

सदस्यता सारांश

1 मार्च 2024 तक

रो ई मंडल	रोटरी क्लब	रोटेरियनों की संख्या	महिला रोटेरियन (%)	रोटरेक्ट क्लब	रोटरेक्ट सदस्य	इंटरेक्ट क्लब	आरसीसी
2981	140	6,021	6.01	73	503	34	254
2982	85	3,815	6.08	43	898	95	183
3000	141	5,999	12.07	121	1,797	255	216
3011	137	5,140	30.04	89	2,432	157	38
3012	167	4,189	24.59	77	1,116	100	61
3020	81	4,758	7.55	46	844	121	351
3030	101	5,748	16.60	51	824	521	385
3040	111	2,430	14.65	41	807	79	213
3053	72	2,900	16.62	27	414	42	131
3055	76	3,044	12.48	70	1,084	75	377
3056	87	3,771	24.40	34	462	105	201
3060	103	5,172	15.89	68	2,235	63	144
3070	119	3,281	15.82	49	590	52	63
3080	108	4,282	12.52	63	1,862	173	124
3090	125	2,676	6.09	21	379	194	166
3100	112	2,230	10.81	13	58	36	151
3110	139	3,799	11.35	18	127	51	109
3120	89	3,647	15.68	45	570	28	55
3131	141	5,662	31.46	124	2,981	265	149
3132	92	3,768	13.93	44	650	126	212
3141	115	6,324	27.69	140	5,766	176	228
3142	107	3,863	21.25	64	2,300	117	96
3150	109	4,327	13.59	156	2,008	114	130
3160	80	2,653	8.82	32	258	95	82
3170	151	6,691	15.18	125	1,958	199	180
3181	87	3,686	10.58	44	479	94	121
3182	86	3,700	10.59	48	250	107	103
3191	93	3,521	18.38	91	3,118	152	35
3192	83	3,461	21.29	86	2,347	145	40
3201	176	6,802	9.91	139	2,624	104	94
3203	95	4,944	7.26	50	941	189	39
3204	78	2,549	6.94	24	237	17	13
3211	161	5,214	8.44	9	97	20	135
3212	124	4,672	11.37	97	3,727	168	153
3231	96	3,445	6.82	39	515	48	417
3232	188	6,323	20.86	129	4,843	158	101
3240	104	3,544	17.07	47	792	69	231
3250	107	4,142	22.19	71	990	66	191
3261	99	3,368	22.68	25	260	32	45
3262	115	3,783	15.65	78	772	645	286
3291	145	3,858	26.08			74	746
India Total	**4,625**	**173,202**		**2,611**	**54,915**	**5,361**	**7,049**
3220	69	1,971	16.64	97	4,103	84	77
3271	110	1,524	21.39	194	2,076	333	28
0063 (3272)	132	1,416	17.73	97	1,243	26	49
0064 (3281)	332	7,364	17.72	249	1,772	144	213
0065 (3282)	179	3,545	9.82	179	1,341	30	49
3292	155	5,502	18.76	185	5,385	126	135
S Asia Total	**5,602**	**194,524**	**15.79**	**3,612**	**70,835**	**6,104**	**7,600**

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

संपादक का संदेश

लैंगिक असमानता एक चुनौती... संपन्न और वंचित दोनों के लिए

जब कि इधर इस अंक की कवर स्टोरी इस रोटरी वर्ष में हमारे ज़ोन में रिकॉर्ड बनाने वाली सात महिला गवर्नरों पर केंद्रित है, उधर मार्च में एक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और गुजर गया, आइए इस अवसर पर, कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब ढूंढने की कोशिश करते हैं। क्या कार्यस्थल पर महिलाओं की स्थितियाँ बेहतर हो रही हैं? इस बारे में जानकारी प्राप्त करने के सबसे अच्छे स्रोतों में एक है ''ग्लास-सीलिंग इंडेक्स'' जो प्रतिष्ठित पत्रिका *द इकोनॉमिस्ट* द्वारा हर साल तैयार किया जाता है। और उन देशों का क्या, जैसे अफगानिस्तान, जहां कार्यालय में काम करने की बात तो छोडो, एक छोटी बच्ची स्कूल तक नहीं जा सकती?

हर साल, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, *द इकोनॉमिस्ट* की शोध टीम, OECD (आर्थिक सहयोग और विकास संगठन) के 29 सदस्यों के लिए - श्रम-बल में इनकी भागीदारी और वेतन से लेकर पैतृक अवकाश और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे दस संकेतकों पर विश्लेषण करती है। ये पत्रिका इस समूह को ज्यादातर ''अमीर देशों के क्लब'' के रूप में परिभाषित करती है; और जाहिर है कि इसमें अमेरिका, जापान, जर्मनी, आइसलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, डेनमार्क, फ्रांस, तुर्की और दक्षिण कोरिया जैसे देश शामिल हैं। क्षमा करें, हालिया वर्षों में हमने अपनी पीठ कई बार थपथपाई हैं, इसके बावजूद, भारत उस सूची में नहीं है।

वापस ग्लास सीलिंग इंडेक्स का रुख करते हुए, पत्रिका के लेख में स्वीकार किया गया है कि जब से उन्होंने 2013 में ''ये विश्लेषण शुरू किया, परिवर्तन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही है, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर, कम से कम चीजें सही दिशा में आगे बढ़ तो रही हैं।'' पुरुषों के साथ महिलाओं के पेशेवर अवसरों की तुलना करने वाले चार्ट में आइसलैंड दूसरे वर्ष भी शीर्ष पर बना हुआ है। ज्यादा सोचने की ज़रुरत नहीं है... और हमने इसे राजनीतिक नेतृत्व में भी देखा है... नॉर्डिक देशों ने अपनी महिलाओं को हमेशा समान अवसर दिए हैं और वो क्षेत्र राजनीतिक, व्यावसायिक या शैक्षिक कोई भी क्षेत्र हो, नॉर्डिक महिलाओं ने इस आकलन में हमेशा उच्च अंक प्राप्त किए हैं। और फिर, कोई आश्चर्य की बात नहीं, इन देशों के ग्लास इंडेक्स की सबसे निचली पायदान पर दक्षिण कोरिया, जापान और तुर्की विराजमान हैं। तारीफ़ है, ऑस्ट्रेलिया और पोलैंड की जिन्होंने काफी प्रगति की है - दोनों पिछले वर्ष की तुलना में पाँच स्थान ऊपर की छलांग लगा गए हैं।

आप को लग रहा होगा कि इनके व्यावसायिक और आर्थिक विकास में शिक्षा एक महत्वपूर्ण कारक थी। हां भी और नहीं भी। कई राष्ट्रों में, विश्वविद्यालयों से पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं स्नातक हो के निकलती हैं, लेकिन कार्यबल का हिस्सा वे फिर भी कम बनती हैं, और ग्लास सीलिंग इंडेक्स में भी यही है, ''जोकि तुर्की, ग्रीस और इटली में साफ़ नज़र आता है, जहां दो-तिहाई से भी कम वयस्क महिलाएँ कार्यरत हैं।'' इसका परिणाम है कॉर्पोरेट सीढ़ी पर चढ़ने की धीमी गति; सर्वेक्षण में पाया गया, ओईसीडी में महिलाओं की कमाई पुरुषों की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत कम हैं। लेकिन अच्छी खबर यह भी थी कि इस समूह की 33 फीसदी महिलाएं पहली बार कंपनियों के बोर्ड में निदेशक के पद पर आसीन हुई थीं।

वैसे, नवंबर 2022 में, यूरोपीय संसद ने औपचारिक रूप से लैंगिक संतुलन पर नए यूरोपीय संघ के कानून को अपनाया था, जिसमें कहा गया था कि 2026 तक, कॉर्पोरेट बोर्डों को अनिवार्य रूप से गैर-कार्यकारी निदेशकों में 40 प्रतिशत या कम्पनियों के कुल निदेशकों में 33 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति अनिवार्य होंगी। इस नज़रिये से हमारे यहाँ आंकड़े निराशाजनक है। एक दशक लग गया... पूरे 10 साल.... कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार भारत में कंपनी के बोर्ड पर कम से कम एक महिला निदेशक का होना अनिवार्य है, निफ्टी-500 कंपनियों के बोर्ड पर भी कम से कम एक महिला निदेशक

अनिवार्य है। और यह अनुपालन भी सत्ता में काबिज लोगों के कई बार याद दिलाने के बाद ही संभव हो पाया था ! यदि आप महिला निदेशकों के प्रतिशत को देखें, तो निफ्टी 500 के बोर्ड में भी पांच में से केवल एक पर महिला निदेशक है।

लेकिन दुनिया के विशिष्ट वर्ग को छोड़ कर, आइए एक नजर गाजा, अफगानिस्तान या यूक्रेन जैसे संघर्षरत क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति पर डालते हैं। यहां स्थान की कमी है इसलिए, हम सिर्फ एक पहलू देखेंगे - अफगानिस्तान में महिला पत्रकार, जहां रेडियो नेटवर्क मुख्य रूप से पश्चिमी दुनिया द्वारा समर्थित है, प्रशिक्षित महिला पत्रकारों के लिए कमाई का एकमात्र जरिया है।

अफगानिस्तान में, जहां आबादी के एक बड़े भाग में सूचना का मुख्य स्रोत रेडियो है, विशेषकर महिलाओं के लिए, यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित परियोजना के माध्यम से, यूनेस्को 28 क्षेत्रीय और स्थानीय रेडियो स्टेशनों का सहयोग कर रहा है। स्थानीय सामुदायिक रेडियो में से एक है मुस्का रेडियो महिला पत्रकारों को नौकरी के अवसर उपलब्ध

एक दशक लग गया... पूरे 10 साल.... कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार भारत में कंपनी के बोर्ड पर कम से कम एक महिला निदेशक का होना अनिवार्य है, निफ्टी-500 कंपनियों के बोर्ड पर भी कम से कम एक महिला निदेशक अनिवार्य है।

कराता है और ये अफगानिस्तान के दक्षिण में हेलमंद प्रांत में स्थित है जो देश में महिला पत्रकारों के लिए सबसे अधिक प्रतिबंधित क्षेत्रों में से है। 2008 से, यह स्वतंत्र रेडियो स्टेशन महिला श्रोताओं और उनके परिवारों की सेवा में समर्पित है। महिलाओं की शिक्षा और रोजगार को लेकर देश की प्रतिगामी नीतियों के कारण इसकी यात्रा कठिन रही है, लेकिन फिर भी इसने बहादुरी से संघर्ष किया है, बीच में ज़रूर कुछ समय के लिए गायब हो गया था, लेकिन फीनिक्स की तरह फिर से प्रकट हो गया है !

रेडियो बेगम एक और सशक्त नेटवर्क, उन लड़कियों के लिए आशा की जीवन रेखा बन गया है जिन्हें स्कूल में प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह अफगान की महिलाओं और लड़कियों को शैक्षिक सामग्री, ऑन-एयर-स्कूलिंग, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और वित्तीय साक्षरता की कक्षाएं उपलब्ध कराता है। 19 प्रांतों में इस रेडियो के लगभग 5.9 मिलियन श्रोता हो गए हैं, जिनमें 63 प्रतिशत महिलाएं और लड़कियां हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, ''अफगान में लड़कियों के दो साल से अधिक समय तक स्कूल से बाहर रहने, महिलाओं को कई क्षेत्रों में काम करने से प्रतिबंधित किए जाने और अमूमन घर तक ही सीमित रहने के कारण, पूरी पीढ़ी पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव और मानसिक आघात लगातार महसूस किया जा रहा है।'' गैर सरकारी संगठनों और संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाली महिलाओं पर प्रतिबंध लगाने के बाद, एंटीना विस्तार के परिणामस्वरूप, रेडियो बेगम ने मनोसामाजिक सलाह प्रदान करने वाले कॉल-इन कार्यक्रमों में पहले 33 प्रतिशत और बाद में 156 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महिला सर्वे क्षण में कहा गया: ''मनोवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग कार्यक्रम स्टेशन का सबसे ज्यादा सुना जाने वाला शो - अफगानिस्तान में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य संकट का एक दुखद विधान है, जिसमें 90 प्रतिशत ने कहा कि उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब या बहुत खराब था।''

आइए 15 वर्षीय लड़की फातिमा की कहानी के साथ इसका पटाक्षेप करें, जो जन्म से दृष्टिहीन है और *रेडियो बेगम* द्वारा प्रसारित अनौपचारिक शिक्षा कक्षाओं की लाभार्थी है। अपने प्रांत में किसी स्कूल तक पहुंच न होने के कारण, वह अनपढ़ रही और *रेडियो बेगम* का प्रसारण शुरू होने से पहले अपने बड़े भाई के साथ, वो भी नेत्रहीन है, रेडियो बीबीसी सुनती थीं। लेकिन जबसे उसे इस रेडियो का पता चला तो वह कोई कार्यक्रम नहीं छोड़ती और *रेडियो बेगम* के प्रस्तुतकर्ताओं से बात करने के बाद खुद को समाज का हिस्सा समझती है और इससे जुड़ाव महसूस करती है क्योंकि वे सभी लड़कियां हैं!

उसकी महत्वाकांक्षा: एक दिन रेडियो उद्घोषक बनना! लेकिन अभी, वह रेडियो के माध्यम से लेखकों, कवियों, विभिन्न स्वास्थ्य विषयों के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर मिलने वाली पूरी जानकारी ले रही है। वह कहती है कि शायद उन्हें कभी किसी अंध विद्यालय में जाने या पढ़ने लिखने का मौका न मिले, लेकिन रेडियो के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करना उसके लिए बहुत बड़ी संपत्ति है, जिसके लिए वह अत्यंत आभारी है।

रशीदा भगत

आपके अनुरूप ब्रेकआउट

2023 सम्मेलन में इमेजिन अवर रोटरेक्ट जर्नी ब्रेकआउट सत्र में उपस्थित लोग।

रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन के मुख्य मंच पर, हजारों साथी सदस्यों के साथ जयकार करते हुए आप रोटरी के व्यापक प्रभाव को महसूस करते हैं। और जब आप छोटे ब्रेकआउट सत्रों में स्थानांतरित होते हैं, तो वहां आपको उन केंद्रित विषयों पर गहराई से काम करने का मौका मिलता है जिनमें आपकी रुचि होती है।

सिंगापुर में दर्जनों सत्रों में से चयन करके, आप अपने क्लब अनुभव, अपने समुदाय और दुनिया को बेहतर बनाने के बारे में साहसिक विचार लेकर जाएंगे।

आप रोटेरियन और रोटरेक्टर्स की शक्तियों को संयोजित करने, सदस्यों को भर्ती करने और बनाए रखने के साथ किसी भी चुनौती को हल करने और अपने और अपने आस-पास के लोगों के लिए मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के तरीके सीख सकते हैं।

हो सकता है कि आप कार्बन-न्यूट्रल क्लब या इवेंट चलाना चाहते हों, हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी जैसे साझेदारों के साथ सहयोग करना चाहते हों, प्रोजेक्ट सलाह के लिए विशेषज्ञों को शामिल करना चाहते हों, या इंटरैक्ट सदस्यता दोबारा बढ़ाना चाहते हों। कुछ ब्रेकआउट उनमें से प्रत्येक को संबोधित करते हैं।

नई परियोजनाओं और दीर्घकालिक पहलों को और अधिक सफल बनाने और अपने क्लब के सदस्यों के बीच रोटरी के प्रति आजीवन प्रेम बढ़ाने के लिए सुझाव प्राप्त करें। ये चर्चा के लिए कुछ विषय हैं: प्रभाव दिखाने के लिए परिणामों को मापना, सभी उम्र के सदस्यों के बीच पुल बनाना, वह क्लब बनाना जो आप हमेशा से चाहते थे, और रोटरी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करना।

27-29 मई के सत्रों के लिए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, लेकिन आप *दुनिया के साथ आशा कैसे साझा करेंगे,* इसकी योजना बनाने के लिए आप सम्मेलन की वेबसाइट पर पूरी प्रारंभिक सूची जानवर कर सकते हैं। यहां तक कि एक सत्र भी है जो उस विषय के साथ पूरी तरह से फिट बैठता है: वैश्विक दयालुता का प्रसार - सिंगापुर में शुरू हो रहा है।

अधिक जानें और convention.rotary.org पर रजिस्टर करें।

गवर्नर्स काउंसिल

RID 2981	सेनगुट्टुवन जी
RID 2982	राघवन एस
RID 3000	आनंदता जोती आर
RID 3011	जीतेन्द्र गुप्ता
RID 3012	प्रियतोष गुप्ता
RID 3020	सुब्बाराव रावुरी
RID 3030	आशा वेणुगोपाल
RID 3040	रितु ग्रोवर
RID 3053	पवन खंडेलवाल
RID 3055	मेहुल राठौड़
RID 3056	निर्मल जैन कुणावत
RID 3060	निहिर दवे
RID 3070	विपन भसीन
RID 3080	अरुण कुमार मोंगिया
RID 3090	घनश्याम कंसल
RID 3100	अशोक कुमार गुप्ता
RID 3110	विवेक गर्ग
RID 3120	सुनील बंसल
RID 3131	मंजू फड़के
RID 3132	स्वाति हर्कल
RID 3141	अरुण भार्गवा
RID 3142	मिलिंद मार्तंड कुलकर्णी
RID 3150	शंकर रेड्डी बुर्सिरेड्डी
RID 3160	माणिक एस पवार
RID 3170	नासिर एच बोरसाडवाला
RID 3181	केशव एच आर
RID 3182	गीता बी सी
RID 3191	उदयकुमार के भास्करा
RID 3192	श्रीनिवास मूर्ति वी
RID 3201	विजयकुमार टी आर
RID 3203	डॉ सुंदरराजन एस
RID 3204	डॉ सेतु शिव शंकर
RID 3211	डॉ सुमित्रन जी
RID 3212	मुत्तैय्या पिल्लई आर
RID 3231	भरणीधरन पी
RID 3232	रवि रामन
RID 3240	नीलेश कुमार अग्रवाल
RID 3250	बगारिया एस पी
RID 3261	मनजीत सिंह अरोड़ा
RID 3262	जयश्री मोहंती
RID 3291	हीरा लाल यादव

प्रकाशक एवं मुद्रक **पी टी प्रभाकर**, 15 शिवास्वामी स्ट्रीट, मायलापोर, चेन्नई - 600004, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के लिए रासी ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, 40, पीटर्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई - 600014 से मुद्रित एवं रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट, दुगड़ टावरस, 3rd फ्लोर, 34 मार्शलस रोड, एगमोर, चेन्नई - 600008 से प्रकाशित।
संपादक: **रशीदा भगत**

योगदान का स्वागत है लेकिन संपादित किया जाएगा। प्रकाशित सामग्री का आरएनटी की अनुमति सहित, यथोचित श्रेय देते हुए प्रयोग किया जा सकता है।

Website

न्यासी मंडल

अनिरुधा रॉयचौधरी **रो ई निदेशक और अध्यक्ष, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट**	RID 3291
राजु सुब्रमण्यन **रो ई निदेशक**	RID 3141
डॉ भरत पांड्या **टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष**	RID 3141
राजेंद्र के साबू	RID 3080
कल्याण बेनर्जी	RID 3060
शेखर मेहता	RID 3291
अशोक महाजन	RID 3141
पी टी प्रभाकर	RID 3232
डॉ मनोज डी देसाई	RID 3060
सी भास्कर	RID 3000
कमल संघवी	RID 3250
डॉ महेश कोटबागी	RID 3131
ए एस वेंकटेश	RID 3232
गुलाम ए वाहनवती	RID 3141

कार्यकारी समिति के सदस्य (2023-24)

स्वाति हेर्कल **अध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3132
हीरा लाल यादव **सचिव, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3291
मुत्तैय्या पिल्लई आर **कोषाध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3212
मिलिंद कुलकर्णी **सलाहकार, गवर्नर्स काउंसिल**	RID 3142

संपादक
रशीदा भगत

उप संपादक
जयश्री पद्मनाभन

प्रशासन और विज्ञापन प्रबंधक
विश्वनाथन के

रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट
3rd फ्लोर, दुगर टावर्स, 34 मार्शल रोड, एग्मोर
चेन्नई 600 008, भारत
फोन: 044 42145666
rotarynews@rosaonline.org
www.rotarynewsonline.org

Magazine

निदेशक का संदेश

आइए सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखें

रोटरी के प्रिय मित्रों,

जैसा कि अप्रैल अपने जीवंत रंगों और गर्मजोशी को प्रकट करता है, यह इस बात की भी याद दिलाता है कि समय तेजी से आगे बढ़ता है, खासकर रोटरी की गतिशील दुनिया के भीतर। इस रोटरी वर्ष में 90 दिनों से भी कम समय बचा है, इसलिए हमारे द्वारा शुरू की गई गतिविधियों और हमारे द्वारा डाले गए गहरे प्रभाव को रुककर देखना स्वाभाविक है। मैंने खुद आपनी आँखों से देखा है कि कैसे हमारी प्रतिबद्धता केवल स्वयंसेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन के ताने-बाने में बुनी हुई है। हम सिर्फ लक्ष्य निर्धारित नहीं करते हैं; हम उद्देश्य को मूर्त रूप देते हैं।

रोटरी अंतर्राष्ट्रीय बहुत सी पहलों की एक विशाल श्रृंखला की अगुवाई करता है, जिन पर नज़र रखना कभी-कभी भारी लग सकता है। हालांकि, इस जटिलता के बीच, हमारी क्षेत्रीय पत्रिका *रोटरी न्यूज़* सूचना के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में सामने आती है, जो हमारे क्लबों और समुदायों के उल्लेखनीय प्रयासों पर प्रकाश डालती है। मैं लगातार आकर्षक सामग्री देने के लिए इस प्रकाशन के पीछे समर्पित टीम की दिल से प्रशंसा करता हूं। मैं क्लबों को अपनी सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए इस मंच का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। ऐसा करने से न केवल हमें अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने की अनुमति मिलती है, बल्कि दूसरों को भी इसका अनुकरण करने की प्रेरणा मिलती है, जिससे हमारे क्लबों के मध्य जुड़ाव बढ़ जाता है।

इस महीने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर हमारा ध्यान हमारे समाज की नींव को पोषित करने के लिए रोटरी की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

जैसा कि मार्गरेट मीड ने स्पष्ट रूप से कहा, ङ्स्वीकार करने से बड़ी भविष्य की झलक नहीं हो सकती... जब हम अपने बच्चों को बचाते हैं, तो हम खुद को बचाते हैं।फ

मातृ स्वास्थ्य सुनिश्चित करना सिर्फ एक नैतिक अनिवार्यता नहीं है; बल्कि यह भविष्य में एक रणनीतिक निवेश है। माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षित प्रसव और निरंतर समर्थन तक पहुंच प्रदान करके हम न केवल व्यक्तिगत जिंदगियों की रक्षा करते हैं, बल्कि परिवारों और समुदायों को भी मजबूत बनाते हैं।

हाल ही में, *दिशा* में, जिसे नई दिल्ली के लीला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था, हमने आगामी वर्ष के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने की यात्रा शुरू की। यह आयोजन एक संक्रामक ऊर्जा और उत्साह से गूंज उठा, जिससे एक ऐसा माहौल बन गया जो वास्तव में जादुई था। मैं अध्यक्ष पीडीजी शरत जैन और सचिव पीडीजी गुरजीत सेखों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हू, जिन्होंने आगमन से प्रस्थान तक सभी उपस्थित लोगों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका निभाई। इस तरह के शानदार कार्यक्रम को आयोजित करने में दिशा के पीछे मौजूद पूरी टीम को उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए बधाई।

जैसा कि गर्मी पूरे भारत में अपना प्रकोप फैला रही है, लाखों लोगों को पानी की कमी और निर्दयी मौसम की मार का सामना करना पड़ रहा है। आइए हम मिलकर अपने समुदायों में पानी बचाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठाएं। यह एक ऐसा समय है जब सबसे छोटे प्रयास भी दुनिया में बड़ा अंतर ला सकते हैं। हालाँकि हमारी संख्या विशाल आबादी में कम हो सकती हैं, फिर भी अच्छा करने का हमारा इरादा मजबूत है। आइए सकारात्मक बदलाव के पीछे की प्रेरक शक्ति बने रहें, रास्ते में आशा जागृत करते रहे। जैसा कि हम अपने आगामी नेतृत्वकर्ताओं को मशाल सौंपने जा रहे हैं, आइए उन्हें हमारे समुदायों और स्वयं के भीतर रोटरी की परिवर्तनकारी भावना को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाएं। भगवान करें कि रोटरी की अनन्त भावना अपना जादू बुनती रहे और हम सभी में अच्छाई और सदाचार को बढ़ावा देती रहे।

राजु सुब्रमण्यन
रो ई निदेशक, 2023-25

आज शुरू करें

मेरा देश बहामास जिन पर्यावरणीय खतरों का सामना कर रहा है, वे वास्तविक हैं। जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण हमारी मूंगा चट्टानें गर्म होते समुद्रों और प्रदूषण के कारण खतरे में हैं। तूफान और उष्णकटिबंधीय तूफान हर गुजरते साल के साथ और अधिक तीव्र होते जा रहे हैं। समुद्र का बढ़ता जलस्तर बहामास के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जिससे हमारी खूबसूरत तटरेखाएं नष्ट हो रही हैं क्योंकि खारा पानी हमारे बहुमूल्य और सीमित मीठे पानी के संसाधनों में घुसपैठ कर रहा है।

पिछले साल के अंत में, मुझे दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, उजइ28 में रोटरी का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला। बैठक में सर्वसम्मति यह बनी कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की प्रगति बहुत धीमी रही है। प्रतिभागियों ने कहा कि दुनिया को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, समुदायों को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक लचीला बनने में मदद करने और उन देशों को बेहतर समर्थन देने की जरूरत है जो इसके प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं।

रोटरी समाधान का हिस्सा हो सकता है। रोटरी फाउंडेशन के साथ, आप दुनिया भर के क्लबों और मंडल के साथ संसाधनों को एकत्रित करके अपना प्रभाव बढ़ा सकते हैं।

संभावनाओं की कल्पना करें। शायद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में रोटरी मंडल ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स में आर्द्रभूमि की रक्षा कर सकते हैं। ब्राज़ील, भारत और ताइवान के रोटरी नेता आंध्र प्रदेश में किसानों को टिकाऊ कृषि में प्रशिक्षित करने के लिए अनुदान परियोजनाओं का नेतृत्व कर सकते हैं। बहामास, दक्षिण अफ्रीका और न्यूयॉर्क के रोटरी और रोटारैक्ट क्लब मेरे देश को उसके प्राकृतिक संसाधनों, एक समय में एक चट्टान या मैंग्रोव को बहाल करने में मदद करने के लिए अपने जिलों के साथ काम कर सकते हैं।

हमारे पर्यावरण के सामने आने वाली समस्याएँ तब तक भारी लगती हैं जब तक आपको यह एहसास नहीं हो जाता कि उनमें से कई को ठीक किया जा सकता है। भले ही हम परियोजना पर अनुदान या स्वयंसेवक का नेतृत्व नहीं करते हैं, हम सभी फाउंडेशन को दान देकर पर्यावरण की रक्षा में मदद कर सकते हैं।

बेरी रेसिन
ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन

क्या आपने रोटरी न्यूज़ प्लस पढ़ा है?

या यह आपके जंक फोल्डर में जा रही है?

हर महीने हम आपकी परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए ऑनलाइन प्रकाशन *रोटरी न्यूज़ प्लस* निकालते हैं। यह महीने के मध्य तक प्रत्येक सदस्यता लेने वाले सदस्य को भेजा जाता है जिनकी ईमेल आईडी हमारे पास है। हमारी वेबसाइट *www.rotarynewsonline.org* पर *रोटरी न्यूज़ प्लस* पढ़ें। हमें शिकायतें मिली हैं कि सभी ग्राहकों को हर महीने *रोटरी न्यूज़ प्लस* का ई-संस्करण नहीं मिल रहा है।

लेकिन, कुल 155,029 ग्राहकों में से हमारे पास केवल 1,04,184 सदस्यों की ईमेल आईडी हैं।

कृपया अपनी ईमेल आईडी को इस प्रारूप में *rotarynews@rosaonline.org* पर अपडेट करें: आपका नाम, क्लब, मंडल और ईमेल आईडी।

New members from different groups in our communities bring fresh perspectives and ideas to our clubs and expand Rotary's presence. Invite prospective members from all backgrounds to experience Rotary.

REFER A NEW MEMBER
my.rotary.org/member-center

Rotary



Use Rotary's free Club Locator and find a meeting wherever you go!

www.rotary.org/clublocator

फ़रवरी 2024 तक मंडल टीआरएफ योगदान

(अमेरिकी डॉलर में)

मंडल संख्या	एनुअल फण्ड	पोलियो प्लस फंड	एंडोमेंट फण्ड	अन्य निधि	कुल योगदान
India					
2981	31,345	885	1,000	250	33,480
2982	32,052	694	24,085	9,157	65,988
3000	77,727	390	8,313	69,439	155,870
3011	156,352	24,896	27,092	369,302	577,642
3012	14,679	50	0	267,317	282,047
3020	112,829	25,323	36,735	50,025	224,913
3030	87,671	27,776	4,275	217,073	336,794
3040	4,190	208	0	25	4,423
3053	24,399	1,000	0	27,053	52,452
3055	93,483	2,532	30	6,228	102,273
3056	28,511	125	0	0	28,636
3060	86,385	9,615	7,851	314,753	418,604
3070	6,449	333	0	0	6,782
3080	89,225	21,866	1,500	39,866	152,457
3090	46,415	2,058	17,000	26,809	92,282
3100	83,400	2,787	25,301	31,118	142,606
3110	11,526	30	0	85,995	97,551
3120	34,179	129	0	5,101	39,408
3131	418,615	12,493	90,098	597,689	1,118,894
3132	98,312	4,758	10,000	49,719	162,789
3141	312,147	19,210	60,012	1,197,102	1,588,472
3142	247,542	111,747	14,500	81,654	455,444
3150	51,859	30,606	160,423	91,975	334,864
3160	12,136	1,251	0	3,432	16,818
3170	83,046	27,050	12,700	114,231	237,026
3181	91,870	2,170	1,000	85	95,126
3182	43,549	4,606	0	0	48,155
3191	77,404	9,106	60,976	483,851	631,336
3192	89,675	13,097	0	46,198	148,969
3201	142,218	46,631	45,684	1,185,201	1,419,734
3203	17,728	17,316	11,220	15,550	61,813
3204	16,796	2,574	0	18,466	37,836
3211	47,776	4,236	27,325	98,347	177,685
3212	70,940	20,321	2,000	82,287	175,549
3231	4,462	2,753	0	0	7,216
3232	51,076	18,429	17,920	953,048	1,040,474
3240	101,924	11,394	34,000	94,803	242,121
3250	35,924	3,251	26	13,298	52,500
3261	25,716	4,078	0	28,978	58,772
3262	36,129	4,936	1,000	2,575	44,640
3291	127,649	2,658	41,646	2,100	174,053
3220 Sri Lanka	47,192	3,957	0	1,073	52,221
3271 Pakistan	15,650	72,553	0	20,402	108,606
*3272 Pakistan	4,342	385	0	25	4,752
*3281 Bangladesh	80,569	2,105	3,000	264,728	350,403
*3282 Bangladesh	90,726	4,982	1,000	9,116	105,824
3292 Nepal	158,058	21,449	13,000	260,044	452,551
63 (former 3272)	3,025	25	0	0	3,050
64 (former 3281)	25,045	200	1,000	0	26,245
65 (former 3282)	3,797	200	0	9,000	12,997

* Undistricted

वार्षिक कोष (AF) में SHARE, फोकस के क्षेत्र और विश्व कोष शामिल हैं।
पोलियोप्लस में बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन शामिल नहीं है। **स्रोत:** रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

सात महिला गवर्नरों ने भारत में इतिहास रचा

रशीदा भगत

रोटरी वर्ष 2023-24 भारत में रोटरी महिलाओं के लिए एक अभूतपूर्व वर्ष रहा है जिसे रोटरी में महिलाओं की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए याद रखा जाएगा, जिसमें बाधाओं को पार कर लम्बी छलांग लगाते हुए सात महिला गवर्नरों ने मंडल अध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद को सुशोभित किया। मंडलों में नेतृत्व की भूमिकाओं में उन्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यकाल के नौ महीने बीत चुके हैं, उनके अनुभव जानने के लिए *रोटरी न्यूज़* ने उनसे संपर्क किया और उनकी पृष्ठभूमि के बारे में भी जानकारी ली साथ ही रोटरी में लैंगिक समानता जैसे विविध विषयों पर और भारत में रोटरी के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर उनके दृष्टिकोण और विचार जाने।

जयश्री मोहंती, डीजी, रो ई मंडल 3262, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में स्नातकोत्तर और आईटी क्षेत्र में एक सफल उद्यमी हैं, वे ल्यूमिनस इन्फोवेज़ की सह संस्थापक हैं। 2008 में रोटरी क्लब भुवनेश्वर की एक बैठक में अपने पति के साथ शरीक होने के बाद वह 2008 में रोटरी की सदस्य बनीं। ''हमें वहां के सदस्य, साहचर्य और माहौल इतना अच्छा लगा कि हम दोनों एक ही दिन एक साथ रोटरी में शामिल हो क्लब के पहले रोटेरियन युगल सदस्य बने,'' उन्होंने कहा।

नेतृत्व के इस पद तक पहुंचने में जो चुनौतियां झेलनी पड़ीं, उनके बारे में जयश्री कहती हैं, ''पहली चुनौती थी मंडल के पहले डीजी के चुनाव; और दूसरी थी एक अनुकरणीय नेतृत्व तैयार करना और सदस्यों की जिज्ञासा को शांत करते हुए एक बहुत ही संतोषजनक रोटरी वर्ष में परिणीत करना।''

वह बहुत भाग्यवान रही हैं कि उन्हें सभी की सहमति और स्वीकृति के साथ ''अपने डीजी के लिए पूरे सम्मान सहित महिला नेतृत्व को पूर्ण समर्थन मिला। क्लब के नेताओं को *बाहुबली* अध्यक्ष कहा जाता है क्योंकि मेरे मंडल में प्रत्येक रोटरी क्लब ने इस वर्ष बड़ी परियोजनाओं को हाथ में लिया है और वे अपने कार्यक्रमों और सेवा परियोजनाओं में मेरी मौजूदगी पर वाकई गर्व महसूस करते हैं। और खुशी की बात ये है कि इसे देख कर कई उद्यमशील महिलाएँ अपने रोटरी क्लबों में अध्यक्ष और सचिव बनने के लिए आगे आई हैं।''

अपनी विशिष्ट परियोजनाओं के सन्दर्भ में, जयश्री ने बताया, ''गर्व करने के लिए हमारे पास कई कारण हैं। रो ई अध्यक्ष गॉर्डन मेकिनली द्वारा उद्घाटित मसम्मान केंद्रफ (स्तनपान कराने वाली मांओं के लिए व्यक्तिगत स्थान) और मआशा मानसिक स्वास्थ्य केंद्रफ, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से परामर्श की सुविधा प्रदान करने वाले प्रोजेक्ट हमारे लिए सर्वाधिक गर्व

बाएं से: डीजी गण स्वाति हर्कल (रो ई मंडल 3132), आर आनंदता जोथी (रो ई मंडल 3000), आशा वेणुगोपाल (रो ई मंडल 3030), रितु ग्रोवर (रो ई मंडल 3040), मंजू फड़के (रो ई मंडल 3131), बी सी गीता (रो ई मंडल 3182) और जयश्री मोहंती (रो ई मंडल 3262)।

का विषय हैं।'' ओडिशा में रायगड़ा के विशाल जल निकायों का उद्घाटन किया है, जिससे 10,000 परिवार लाभान्वित होंगे ; ओडिशा के स्वास्थ्य विभाग के साथ सहभागिता में 'रोटरी फॉर एलिमिनेशन ऑफ फाइलेरिया' एक बड़ी सफल परियोजना रही है, जिससे छह जिलों में 38,000 निवासियों को लाभ पहुंचा है।

उनकी रोटरी यात्रा में बिताये गए पलों से जयश्री पूर्ण संतुष्ट हैं। ''इसने मेरे व्यक्तिगत, व्यावसायिक और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, हर क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। आज

रोटरी यात्रा में बिताये गए पलों से मैं पूर्ण संतुष्ट हूँ। इसने मेरे व्यक्तिगत, व्यावसायिक और औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र, हर क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान बनाया है। आज प्रत्येक महत्वपूर्ण विषय पर मेरी सलाह ली जाती है, मेरे व्यावसायिक सहयोगी, परिवार और मित्र सलाह को बहुत संजीदगी से लेते हैं।

जयश्री मोहंती

प्रत्येक महत्वपूर्ण विषय पर मेरी सलाह ली जाती है, मेरे व्यावसायिक सहयोगी, परिवार और मित्र सलाह को बहुत संजीदगी से लेते हैं।''

इसके अन्यत्र, हमारे मंडल के रोटेरियनों ने सरकार के साथ मिल कर कई परियोजनाएं आरम्भ की हैं, जिसके परिणामस्वरूप रोटरी की सार्वजनिक छवि काफी निखरी है और मजबूत हुई है। ''मेरे अनुरोध पर, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपनी भुवनेश्वर यात्रा के दौरान रो इ अध्यक्ष गॉर्डन के साथ एक लंबी मुलाक़ात की, जहां मुख्यमंत्री ने रोटरी के योगदान को स्वीकार करते हुए इससे जुड़ने की मंशा जताई।''

मंजू फड़के, रो ई मंडल 3131 की मंडल अध्यक्ष और प्रतिष्ठित सिल्विया व्हिटलॉक लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित आप प्रबंधन स्नातक, कॉर्पोरेट सलाहकार और प्रशिक्षक हैं और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के सहयोग से वंचित छात्रों के लिए कार्यरत व्यावसायिक शिक्षा में संलग्न हैं ।

वह 2003 में रोटरी क्लब पुणे डेक्कन जिमखाना की चार्टर सदस्य बनीं जब उनके बॉस उन्हें क्लब की पहली बैठक में भाग लेने के लिए ले गए थे। ''वह तो बाद में छोड़ गई लेकिन मैं बनी रही। मुझे लगता है कि नियति इसी को कहते हैं,'' वह बोली।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनने के सफर में, मंजू कहती हैं कि ''अपने मंडल के कई रोटेरियनों के आग्रह पर चुनाव लड़ने का निर्णय किया किया था, इसलिए उन्हें विशेष चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। मैंने जमीनी स्तर से जुड़ कर काम किया था और मंडल के सभी क्लबों के साथ मेरा गहरा सम्बन्ध था।'' जब उन्होंने चुनाव लड़ने की घोषणा की, उस समय मंडल में 138 क्लब थे और ''मैं प्रत्येक क्लब में कम से कम 4-5 रोटेरियन को तो जानती ही थी और मैंने कभी ना कभी लगभग 95 प्रतिशत क्लबों के साथ मिलकर काम किया था! लेकिन फिर, कुछ वरिष्ठ नेताओं ने लैंगिक पूर्वाग्रह, गलत जानकारी फैलाने और दूसरों को

बाधाओं को पार करना

तो क्या अंततः रोटरी में दीवार ढह गई है और भारत में क्या स्थिति है, मैं महिला गवर्नरों से पूछती हूं। भारत में रोटरी में महिला नेताओं को स्वीकार करने पर, जयश्री मोहंती का मानना है कि ''भारत महिला नेतृत्व को स्वीकार करता है और हमारी नेताओं जेनिफर जोन्स और स्टेफनी अर्चिक के साथ दुनिया में दीवार तो कब की ढह चुकी है उन बाधाओं को कब का पार कर चुकी हैं। मुझे लगता है कि हमारे रोटेरियन मानते हैं कि महिलाओं में क्षमता है और वे सर्वोच्च पदों की हकदार हैं।''

लेकिन आनंदथा जोथी एक अलग दृष्टिकोण रखती है। उनका मानना है कि ''भारत अभी भी अन्य देशों की तुलना में महिलाओं को नेता के रूप में स्वीकार करने में काफी पीछे है।'' उनका मानना है कि तमाम चुनौतियों के बावजूद महिलाओं को नेतृत्व की स्थिति के लिए स्वयं ही प्रयास करना पड़ेगा, जैसा कि उन्होंने स्वयं किया था। ''लेकिन अगर वे जोश और उत्साह के साथ आगे आएं तो वे निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों तक अवश्य पहुंचेंगी।''

वहीं दूसरी तरफ, स्वाति हर्कल का मानना है कि ''रोटरी में कांच की दीवार धीरे-धीरे चटख रही है, खासकर भारत में जहां महिला नेतृत्व की स्वीकार्यता बढ़ रही है। हालाँकि चुनौतियाँ आज भी मौजूद हैं, हाल के वर्षों में हुई प्रगति, जिसमें दो महिला रो ई अध्यक्षों का चयन भी शामिल है, बदलाव का एक सकारात्मक संकेत है।''

इस विषय पर मंजू फड़के की अलग राय है। ''मुझे भारत के बाहर रोटरी परिदृश्य के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन मेरे मंडल में, अधिकांश लोग एक महिला गवर्नर को ले कर एकमत हैं।'' वह कहती हैं, कॉर्पोरेट जगत में, लैंगिक पूर्वाग्रह होना स्वाभाविक है, और ''लोगों की अपनी विचारधारा होना स्वाभाविक है कि एक महिला को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। महिला नेतृत्व के विकास में रूढ़िवादिता एक बहुत बड़ी बाधा है। हां, मुझे इस तरह के कुछ अनुभव मिलते ज़रूर हैं लेकिन उस स्तर के नहीं जो कि मेरे काम में बाधा पहुंचाऐं।''

बी सी गीता इस बात से सहमत हैं कि ''रोटरी में कांच की दीवार धीरे-धीरे टूट रही है, और विशेष रूप से भारत जैसे देशों में यह प्रगति ध्यान देने योग्य है जहां संगठन के भीतर महिलाओं के नेतृत्व की अधिक स्वीकार्यता है। ऐसा प्रतीत होता है कि नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को शामिल करने में अधिक खुलापन है, जो परिवर्तन और रोटरी के भीतर लैंगिक समानता की दिशा में बढ़ते कदम का प्रतीक है।''

क्या भारत में महिलाओं के लिए नेतृत्व की स्थिति तक पहुंचने के लिए और दरवाजे खुलेंगे, यह पूछे जाने पर मंजू कहती हैं, ''अभी यह देखना बाकी है; मुझे इस बात का कोई अनुभव नहीं है कि भारत में राष्ट्रीय स्तर पर उच्च नेतृत्व कैसे कार्य करता है, लेकिन देर-सबेर चीजें सामने आएंगी और मैं चीजों को अपने हिसाब से ले सकूंगी।'' उनका दृढ़ विश्वास है कि यदि आप अच्छा काम करते रहते हैं, तो चीजें अपनी जगह पर स्वयं पहुँच जाती हैं। तो मैं बहुत ज़्यादा फ़िक्र किए बिना यहां से आगे की अपनी यात्रा के हर पल का आनंद लूंगी!

रितु ग्रोवर का मानना है कि ''रोटरी में महिलाओं को लीडर के रूप में स्वीकार करने के लिए निश्चित रूप से यहां और कई रास्ते खुले हैं। मेरा मानना है कि यदि आपमें आत्मविश्वास है और दृढ़ता है, तो आप बिना किसी लैंगिक भेदभाव के कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं जिसकी आप इच्छा करते हैं।''

महिलाओं द्वारा सामने लाए जाने वाले विशेष या अनूठे गुणों के बारे में जयश्री कहती हैं, महिला नेता अधिक मेहनती, दयालु और सीखने में सहज होती हैं। साथ ही, वे रोटरी के प्रति अधिक निस्वार्थ और प्रतिबद्ध हैं।फ़्फ़

स्वाति को लगता है कि ''महिला नेता सहानुभूति, सहयोग और लचीलेपन जैसी अनूठी विशेषताओं को आगे लाती हैं, जो समग्र नेतृत्व के परिदृश्य को और समृद्ध करती हैं।''

आशा इस बात पर ज़ोर देती हैं कि ''यह रोटरी के अंदर और बाहर महिलाओं का युग है। रोटरी भी महिला नेताओं को काफी हद तक स्वीकार्य है। मुझे खुशी है कि मैं इस रोमांचक समय के दौरान मंडल नेतृत्व का भाग हूं।''

आनंदता की सोच है कि ''महिला नेता अपेक्षाकृत अधिक करुणामय होती हैं और हमारे समाज की भलाई के लिए उत्कृष्ट सेवाऐं दे सकती हैं। मेरा ऐसा मानना है कि महिला नेता दुनिया में कई समस्याओं और संकटों का समाधान सहजता से कर सकती हैं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम के अनुसार, जिसमें कहा गया है कि महिलाओं में निवेश करें और प्रगति करें, मैं उम्मीद करती हूं कि रोटरी भी इसका अनुसरण करेगी!''

महिला नेता अधिक मेहनती, दयावान होती हैं और उनमें स्वाभाविक रूप से सीखने की प्रवर्ति होती हैं । इसके अलावा, वे रोटरी के प्रति अधिक निस्वार्थ और समर्पित और प्रतिबद्ध होती हैं, जयश्री कहती हैं।

महिला गवर्नरों का मानना है कि रोटरी के क्षितिज पर और उसके बाहर की महिलाओं का भविष्य वास्तव में उज्ज्वल परिलक्षित हो रहा है। जयश्री का कहना है, ''जिस तरह से अधिकाँश महिला नेता अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और काफी तेजी से विभिन्न भूमिकाएं निभा रही हैं, मुझे लगता है कि आगामी वर्षों में महिलाओं के लिए सब दरवाजे खुल जाएंगे।फ़्फ़ वह कहती हैं कि उनके मंडल में, हमने 19 महिला क्लब अध्यक्षों और 15 सहायक गवर्नरों के साथ रोटरी में महिला नेतृत्व को प्रोत्साहन दिया है, जिनके पास आगे बढ़ने के शानदार अवसर हैं।''

स्वाति भी भविष्य में रोटरी में महिलाओं द्वारा नेतृत्व की भूमिका अधिक महिलाओं द्वारा निभाए जाने को लेकर आशान्वित हैं। ''मुझे भारत में रोटरी में महिला नेताओं के लिए नए नए द्वार खुलते दिख रहे हैं। जैसे-जैसे संगठन का विकास हो रहा है और ये विविधता को अपना रहा है, आने वाले समय में महिलाएं इसकी दिशा और प्रभाव को आकार देने में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।''

गीता कहती हैं कि महिला नेता ''अपने साथ अक्सर विशेष गुण के साथ आती हैं, जैसे सहानुभूति, सहयोग और नेतृत्व विकसित करने का दृष्टिकोण। समावेशी निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में इन गुणों के साथ वे और अधिक योगदान कर सकती हैं और रोटरी जैसे संगठनों के भीतर एक सहयोगी वातावरण को बढ़ावा दे सकती हैं।'' उनका कहना है कि महिला नेता अक्सर अन्य महिलाओं और लड़कियों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम करती हैं, जिससे वे अपनी नेतृत्व की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने और पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों की बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रोत्साहित होती हैं।

मंजू का कहना है, ''महिलाएं हमेशा परिणामों पर नज़र रखते हुए रिश्तों को हमदर्दी के साथ संभालती रही हैं और यह अकेली खूबी बहुत है, चाहे वह रोटरी हो या कॉर्पोरेट जगत।''■

गुमराह करने की कोशिश जरूर की थी, जिससे यह चुनाव थोड़ा मुश्किल बन गया था।''

लेकिन वह आगे कहती हैं, अंततः ''लम्बे समय से उनके जमीनी स्तर पर किये गए कार्यों की वजह से उन्हें वरिष्ठ नेताओं/रोटेरियनों के भ्रामक प्रचार से लड़ने में सहायता मिली।'' और जब वो चुन ली गईं, तो इस शक्तिशाली डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने फिर मुड़कर नहीं देखा। ''मंडल के क्लब नेताओं का जबरदस्त समर्थन था। अध्यक्षों, एजी, निदेशकों और मंडल टीम के सदस्यों का एक बहुत बड़ा समूह मेरे साथ है। अधिकांश रोटेरियन मेरे काम, उत्साह, नेतृत्व के साथ इस बात के लिए मेरा सम्मान करते हैं कि मैं अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से भागने के लिए जेंडर कार्ड का फायदा नहीं उठाती। मेरी टीमें मेरे साथ मिलकर बहुत करीब से काम करती हैं और हमारा समूह खुशहाल रोटेरियनों का समूह है जो अपने मंडल के लिए कड़ी मेहनत करते हुए मस्ती करते हैं और आनंद उठाते हैं।''

क्लबों से मिली जानकारी को साझा करते हुए वह मुस्कुराती है: वे कहती हैं कि ''मेरे साथ काम कर के उन्हें आनंद मिलता है क्योंकि मैं अपना आपा नहीं खोती और अधिकांश स्थितियों में शांति और संयम बरतती हूं।''

किस काम पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, उस पर मंजू का कहना है, ''इतना ज्यादा काम हुआ है कि सिर्फ एक, दो परियोजनाओं की बात करना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन मुझे एक चीज से बहुत खुशी मिली है, और जो मेरे ही दिमाग की उपज है, वह है रोटरी सीएसआर पुरस्कार देने के लिए एक बहुत मजबूत, पारदर्शी, नैतिक, लेखा परीक्षित और मान्य प्रणाली की स्थापना । 65 से अधिक कॉर्पोरेट्स, जिनमें से कई पहले से ही अपनी सीएसआर परियोजनाओं के लिए हमारे साथ काम कर रहे थे, ने इस पुरस्कार के लिए आवेदन किया था और हमने 28 पुरस्कार वितरित किये जो एक स्वतंत्र और प्रतिष्ठित जूरी पैनल द्वारा चयनित किये गए थे।''

एक अन्य महत्वाकांक्षी और विशाल परियोजना है बाल एवं शिशु हृदय शल्य चिकित्सा; ₹15 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ, हमारा मंडल ऐसी 1,000 सर्जरी की योजना बना रहा है, इसके तहत 550 ऑपरेशन के लिए फंडिंग पहले ही प्राप्त हो चुकी है और 300 सर्जरी भी हो चुकी हैं। अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं में मपरिक्रमा कार रैलीफ शामिल है, जिसका नेतृत्व उन्होंने किया था और जिसके दौरान RYLA, औद्योगिक दौरे जैसी कई सेवा परियोजनाएं की गईं; रोटरी काइंड हार्ट्स, क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म का एक उन्नत संस्करण है रोटरी क्लबों द्वारा अपनी परियोजनाओं के लिए पारदर्शी और नैतिक तरीके से धन जुटाने और फाउंडेशन में रिकॉर्ड बनाने के लिए है। मंजू ने बताया कि, ''2023-24 के 40 दिनों के भीतर, हम शत-प्रतिशत दान देने वाला मंडल बन गए थे, हमारे ज़ोन में पहला, और शायद दुनिया में भी और अपने क्षेत्र में एपीएफ (वार्षिक पोलियो फंड) संग्रह में आज हम 1 नंबर पर हैं।''

बी सी गीता, रो ई मंडल 3182 से डीजी, कर्नाटक के चिकमगलूर स्थित कर्नाटक महिला सहकारी बैंक की संस्थापक अध्यक्ष और वाणिज्य और कानून से स्नातक, व्यापार और आवास में शामिल किसानों, महिलाओं और अन्य स्थानीय नागरिकों के वित्तीय सशक्तिकरण में लगी हुई है। वह कोडागु ग्रामीण बैंक की निदेशक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, चिकमंगलूर की उपाध्यक्ष और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की सदस्य भी हैं।

वह 2000 में रोटरी क्लब बालेहोन्नूर में सम्मिलित हुईं और वे अपने पिता द्वारा कुछ दशक पहले स्थापित बालेहोन्नूर एजुकेशन सोसाइटी की सचिव हैं। वह कहती हैं, ''मैंने इस संस्थान में उच्चतर माध्यमिक कक्षाएं जोड़ी

मैंने लगभग 95 प्रतिशत क्लबों के साथ मिलकर काम किया था! लेकिन कुछ वरिष्ठ नेताओं ने लैंगिक पूर्वाग्रह, गलत जानकारी फैलाने और दूसरों को गुमराह करने की कोशिश जरूर की थी, जिससे यह चुनाव थोड़ा मुश्किल बन गया था।

मंजू फड़के

आज मेरे मंडल में क्लब अध्यक्षों द्वारा मुझे सम्मान और भरोसे की दृष्टि से देखा जाता है, क्योंकि मैंने उनका विश्वास हासिल करने और अपनी नेतृत्व क्षमता दर्शाने के लिए बहुत लगन से काम किया है।

स्वाति हर्कल

मैंने एक, दो नहीं बल्कि कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन वही चुनौतियां इस पद तक पहुंचने के लिए मेरी सीढ़ी और मजबूत प्रेरणा बनीं।

आनंदता जोथी

मेरा मानना है कि मेरे महिला होने से अधिक उन्हें मेरे अंदर एक सक्षम नेता के गुण नज़र आते हैं। रो ई मंडल 3182 की दूसरी महिला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में मेरी भूमिका, लैंगिक तटस्थता और पूर्ण स्वीकृति की दिशा में प्रगति का प्रतीक है।

बी सी गीता

मेरी पहली चुनौती थी मंडल के पहले डीजी के चुनाव; और दूसरी थी एक अनुकरणीय नेतृत्व तैयार करना और सदस्यों की जिज्ञासा को शांत करते हुए एक बहुत ही संतोषजनक रोटरी वर्ष में परिणीत करना।

जयश्री मोहंती

बहुत से वरिष्ठ सहयोगीयों ने मेरा मार्गदर्शन किया जो मेरे प्रचार और चुनाव प्रक्रिया के दौरान कंधे से कन्धा मिला कर खड़े रहे। जैसा कि अक्सर हमारे चुनावों में होता है, विरोधी खेमे ने मेरे खिलाफ कुछ नकारात्मक राजनीति की थी। मैंने भी चुनाव लड़ा और जीता।

आशा वेणुगोपाल

आम तौर पर जो मुझे सक्षम मानते हैं, उन लोगों से पूरा सहयोग मिला, लेकिन मंडल में इतने ऊंचे पद पर एक महिला होने की वजह से मुझे थोड़ी असहिष्णुता तो महसूस होती ही है!

रितु ग्रोवर

हैं, जो बालेहोन्नूर के साक्षरता आंदोलन की आधारशिला है।'' वह 2008 में इनर व्हील क्लब ऑफ बालेहोन्नूर की अध्यक्ष भी रही हैं।

अपने कार्यकाल में निष्पादित कई मंडल परियोजनाओं में, उन्होंने भूमि - संरक्षण गतिविधियों, सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों, शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों को मूल्य-आधारित शिक्षा और ई-कचरा प्रबंधन गतिविधियों के बारे में विशेष रूप से चर्चा की। ''मैं 25 सरकारी स्कूलों को पीने का पानी उपलब्ध कराने वाली एक प्रभावशाली परियोजना में भी शामिल रही हूँ, जोकि विशेषकर हमारे मंडल के ग्रामीण इलाकों में नितांत आवश्यक है। ₹11.25 लाख की लागत वाली यह परियोजना अन्य संगठनों के सहयोग से उनकी सीएसआर गतिविधि के रूप में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूलों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था।

अपने मंडल के क्लब नेताओं की सहमति मिलने के सन्दर्भ में, गीता बताती है कि आम तौर पर क्लब के अध्यक्ष ''मेरे महिला होने की वजह से मुझे सम्मान, प्रशंसा और कुछ - कुछ अचरज के साथ देखते हैं। लेकिन कुल मिलाकर, मेरा मानना है कि मेरे महिला होने से अधिक उन्हें मेरे अंदर एक सक्षम नेता के गुण नज़र आते हैं। रो ई मंडल 3182 की दूसरी महिला डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में मेरी भूमिका, लैंफगिक तटस्थता और पूर्ण स्वीकृतिफ की दिशा में प्रगति का प्रतीक है।''

गीता कहती हैं, निजी तौर पे देखूं तो रोटरी की उपलब्धियों ने उन्हें पूर्ण आत्म संतुष्टि दी है। ''मैं एक मंडल अध्यक्ष के रूप में अपने समाज और उससे भी परे सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम रही हूं, जिससे मुझे निश्चित रूप से लाभ हुआ है। इसकी वजह से उनके परिवार और दोस्तों के बीच उनकी छवि में वृद्धि हुई है जो अब मुझे एक पथप्रदर्शक और प्रेरणा के स्रोत के रूप में देखते हैं।''

आनंदता जोथी, रो ई मंडल 3000 की डीजी, अंग्रेजी साहित्य से स्नातक हैं और होटल श्री बालाजी भवन की मैनेजिंग पार्टनर हैं, और डिंडीगुल में स्टाइल चिक बुटीक की स्वामिनी हैं। अपने काम के किस पहलू में उन्हें सबसे अधिक खुशी मिलती हैं, इस पर वह मुस्कुराते हुए कहती हैं; ''हमारे होटल में, अपने ग्राहकों को हमारे भोजन, आवास और अन्य संबंधित सेवाओं से संतुष्ट होते देखकर मुझे आनंद मिलता है। बुटीक शॉप पर, हमारे खूबसूरत ड्रेस कलेक्शन के साथ काम करना खुशी की बात है।''

पारिवारिक मित्र कोगिला जयसीलन से मिलने के बाद वह 2003 में रोटरी में शामिल हुईं, जो वर्तमान में अपने मंडल में सहायक गवर्नर के रूप में कार्यरत हैं।

इस पद तक पहुंचने में उन्हें किन परेशानियों और चुनौतियों का सामना करना पड़ा, वह कहती हैं, ''मैंने एक, दो नहीं बल्कि कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन वही चुनौतियां इस पद तक पहुंचने के लिए मेरी सीढ़ी और मजबूत प्रेरणा बनीं।'' हालाँकि, पद से हटने के बाद और तो कुछ नहीं पर उन्हें ''क्लब अध्यक्षों से भरपूर समर्थन और सहयोग मिला। उन्होंने मेरा नेतृत्व स्वेच्छा से स्वीकार किया है और जो मार्गदर्शन सलाह देती वे हूं उसे मानते हैं, उन्हें यकीन रहता है कि इससे न केवल उनके स्थानीय समुदाय को बल्कि उनके व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने में भी सहायता मिलेगी।''

जैसा कि अनुमान था, आनंदता ने सुनिश्चित किया कि इस वर्ष उनके मंडल की दो सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाएँ महिला कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित थीं। ''इस साल, हम लड़कियों के लिए सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगभग 75 शौचालय ब्लॉक (प्रत्येक में 10 शौच कक्ष)

बना रहे हैं। इसके अलावा, निराश्रित महिलाओं को 50 गुलाबी ऑटो दान किए जा रहे हैं।''

उनके दिल के करीब एक परियोजना उनके कार्यालय संभालने के तुरंत बाद पूरी हुई थी - विशेष बच्चों के लिए एक बड़ा कार्निवल; ''हमारे मंडल के 130 क्लबों में, लगभग 10,000 विशेष बच्चों ने भाग लिया था। साथ ही हमने इस वर्ष लगभग 850 नए सदस्यों को शामिल किया है, 17 नए क्लब चार्टर किये हैं और हमारा मंडल 3000 सदस्यता वृद्धि के साथ में विश्व में पहली पायदान पर पहुँच चुका है।''

हालांकि उन्होंने अपने रोटरी सफर का भरपूर लुत्फ़ उठाया है, लेकिन अपने मंडल में RYLA की अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय RYLA की अध्यक्ष रहते हुए युवाओं के साथ काम करने में उन्हें सबसे अधिक आनंद आया। भारत में रोटरी की कसक क्या है और इसकी सबसे बड़ी संपत्ति क्या है, इस पर वह बोलीं, ''अन्य देशों की तुलना में भारत में सदस्यता बहुत अधिक है और सदस्यों की सहभागिता और भागीदारी भी हमारे यहां सबसे अधिक है। पर इसका नकारात्मक पक्ष यह है कि हमारे रोटेरियन अक्सर भूल जाते हैं कि हम रोटरी में केवल दोस्ती, प्रेम और शांति का प्रसार करने आए हैं। जबकि, वे आपसी झगड़ों में उलझ जाते हैं...''

स्वाति हर्कल, रो ई मंडल 3132 की डीजी इलेक्ट्रॉनिक्स और मैनेजमेंट में स्नातक है। एक आईटी सलाहकार, वह अपनी कंपनी की एमडी हैं और युवाओं के साथ काम करने में उन्हें सबसे ज्यादा मजा आता है। वह 2000 में रोटरी क्लब वाई में शामिल हुईं ''क्योंकि मुझमें समाज को वापस लौटाने की मंशा थी। डीजी के पद तक पहुंचने में उन्हें जिन दो बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, वह थी कि वरिष्ठ नेता नेतृत्व की स्थिति में महिला को स्वीकार करने में हिचकिचा रहे थे उन की स्वीकार्यता कम थी। मंडल के भीतर संगठनात्मक राजनीति की परेशानियों से निपटना एक अलग समस्या थी।''

वह कहती हैं कि हालाँकि ''क्लब के नेताओं को प्रारंभ में मेरे महिला होने के कारण उन्हें मुझ पर संशय थे, लेकिन आज मेरे मंडल में क्लब अध्यक्षों द्वारा मुझे सम्मान और भरोसे की दृष्टि से देखा जाता है, क्योंकि मैंने उनका विश्वास हासिल करने और अपनी नेतृत्व क्षमता दर्शाने के लिए बहुत लगन से काम किया है।''

स्वाति कहती हैं कि ''डीजी के रूप में मेरे कार्यकाल के पहले नौ महीनों के दौरान उनकी सबसे प्रमुख उपलब्धि रही मंडल के क्लबों में सदस्यता और आपसी मेलजोल में वृद्धि'' एक प्रमुख पहल जिस पर उन्हें गर्व है, वह है समाज के समक्ष आने वाली कई सामाजिक-आर्थिक परेशानियों का समाधान सुझाने के लिए पूरे मंडल में 12 परिवर्तन परियोजनाओं की स्थापना। ''इन परियोजनाओं में टिकाऊ खेती, कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए महिला स्वास्थ्य क्लीनिक, नवजात शिशुओं की मृत्यु दर कम करना, साक्षरता के साथ-साथ पर्यावरणीय सुरक्षा भी शामिल हैं, जो मेरी पसंदीदा योजना है।''

स्वाति का कहना है कि ''रोटरी में संलग्न रहने से उन्हें अत्यधिक आत्म संतुष्टि मिली है, जब देखा कि मैं दूसरों के जीवन में परिवर्तन ला रही हूं। तो मेरे परिवार और मित्रों के बीच भी मेरी

छवि में वृद्धि हुई है, क्योंकि अब वे मुझे समाज सेवा के लिए समर्पित एक प्रतिबद्ध नेता के रूप में देखते हैं।''

आशा वेणुगोपाल, डीजी, रो ई मंडल 3030, व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक हैं और वो गर्व से कहती हैं, ''46 साल की उम्र में, मैंने पुणे विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में डिप्लोमा किया और विश्वविद्यालय में दूसरी रैंक प्राप्त की।'' जेनिथ मेटाप्लास्ट ग्रुप की कंपनियों में एक संयुक्त निदेशक, वह विनिर्माण की प्रक्रिया, कर्मचारियों के साथ चर्चा और समस्या निवारण करने में आनंद लेती हैं। वह रेकी, करुणा और मैग्निफाइड हीलिंग

> महिला नेता सहानुभूति, सहयोग और लचीलेपन जैसी अनूठी विशेषताओं को आगे लाती हैं, जो समग्र नेतृत्व के परिदृश्य को और समृद्ध करती हैं।
>
> **स्वाति हर्कल**

सकारात्मक और नकारात्मक पहलू

मैं सभी महिला डीजी से भारत में रोटरी को संचालित किये जाने के तरीके की सकारात्मक और नकारात्मक दोनों विशेषताओं को बताने के लिए कहती हूं।

स्वाति हर्कल्स कहती हैं कि ''एक सकारात्मक बात इसकी यह है कि हमारे रोटेरियनों में सामाज सेवा करने की दृढ़ भावना और सदस्यों के बीच आपसी नेटवर्किंग और सहभागिता का अवसर। दो नकारात्मक विशेषताओं में नौकरशाही अक्षमताएं और कुछ क्षेत्रों में परिवर्तन का प्रतिरोध शामिल है।''

आशा वेणुगोपाल के अनुसार एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि क्योंकि मूलतः ''स्वभाव से हम भावुक लोग हैं और इसलिए कठिनाई के समय में सहायता करने और बिना किसी के कहे काम करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। नकारात्मक पहलुओं पर वह कहती हैं,'' ''यहां राजनीति बड़े पैमाने पर सर उठा रही है, जिस पर अगर शीघ्र ही अंकुश नहीं लगाया गया तो यह भारत में रोटरी के भविष्य के लिए बहुत हानिकारक सिद्ध हो सकता है। कई जगह सुशासन के साथ पारदर्शिता और ईमानदारी की भी कमी नज़र आती है।''

जयश्री मोहन्ती ने कहा कि इसका एक सकारात्मक पहलू है कि ''रोटरी एक अनूठे तरीके से नेतृत्व सिखाती है, जो रोटेरियन के व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन में प्रतिबिंबित होता है। यह परिचितों को आजीवन मित्रों और सलाहकारों में बदल देता है जिनके साथ आप व्यक्तिगत और व्यावसायिक रूप से बढ़ते रहते हैं। जिसके फलस्वरूप सेवा का एक संयुक्त अवसर और सम्माज में गर्व करने योग्य पहचान मिलती है।''

दूसरी ओर, वह कहती हैं, ''एक प्रतिकूल बात यह है कि पृष्ठभूमि या उद्देश्य की जांच पड़ताल किये बिना सदस्य बनाना, किस उद्देश्य के लिए वह व्यक्ति रोटरी में शामिल हो रहा है। दूसरी नकारात्मक बात है व्यक्तिगत अहंकार जिसके परिणामस्वरूप क्लबों के भीतर समूह बनते हैं, जो अंततः विवाद का कारण बनते हैं।''

आनंदता को भारत में रोटरी में सबसे अच्छी बात यह लगती है कि ''हमारी सदस्यता अन्य देशों की तुलना में बहुत ज्यादा है, और सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और भागीदारी अन्य देशों की अपेक्षा भारत में बहुत अधिक है। लेकिन वह इस बात को ले कर दुखी हैं कि रोटरी में बहुत सक्रिय होने के बावजूद, लोग अक्सर उस मूल कारण को भूल जाते हैं जिसके लिए हम रोटरी में शामिल हुए हैं... दोस्ती के लिए और प्यार और शांति फैलाने के लिए। लेकिन होता क्या है अक्सर, भारत में रोटेरियन झगड़ों में फंस जाते हैं और परेशान रहते हैं।''

भारत में रोटरी संचालन के तरीके में **बी सी गीता** को जो बड़ी सकारात्मक बातें दिखती हैं, वे हैं ''मजबूत सामजिक जुड़ाव और विविधता को अपनाना।'' विस्तार से बताते हुए, वह कहती हैं कि ''भारत में रोटरी क्लब अक्सर अपने समाज के भीतर गहराई से जुड़े होते हैं, सक्रिय रूप से विभिन्न सेवा परियोजनाओं में संलग्न होते हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता जैसी स्थानीय जरूरतों को संबोधित करते हैं। यह मजबूत सामजिक जुड़ाव उन लोगों के साथ सार्थक प्रभाव और संबंध को बढ़ावा देता है जिनकी वे सेवा करते हैं।''

दूसरी सकारात्मक बात, वह कहती हैं कि ''भारत में क्लब सदस्यता में विविधता को अपनाते हैं, विभिन्न पृष्ठभूमि, व्यवसायों और आयु समूहों के व्यक्तियों का स्वागत करते हैं। यह विविधता क्लब की गतिविधियों को समृद्ध करती है और समावेश और आपसी समझ की संस्कृति को बढ़ावा देती है।''

रितु को एक सकारात्मक विशेषता दिखी ''पूरे मंडल के साथ काम करने और एक नेता के रूप में स्वीकार किए जाने का अवसर मिलता है। उनका मानना है कि नकारात्मक बात यह है कि रोटेरियनों का रो ई निदेशकों और अन्य लोगों से सीधा जुड़ाव जो कभी-कभी परेशानी का कारण बन सकता है, और आपको स्पष्टीकरण देने में अपना समय नष्ट करना पड़ता है!''

प्रैक्टिशनर भी हैं और मन को नियंत्रित करने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करती हैं।

रोटरी में वो कब आईं, इस पर आशा ने कहा कि स्कूल में वह एक गर्ल गाइड और कॉलेज में एनसीसी कैडेट हुआ करती थीं और उस दौरान उन्होंने कई कारण-आधारित सामाजिक परियोजनाओं में भाग लिया, जिनमें एक रक्तदान भी थी। ''मैं समाज को वापस लौटाना चाहती थी और यह करने के लिए रो इ से बेहतर कोई मंच नहीं दिखा । रोटेरियनों द्वारा वंचितों के लिए की जाने वाली सेवा से प्रेरित होकर, मैं 2010 में रोटरी क्लब नासिक ग्रेपसिटी की सदस्य बन गई।''

इस यात्रा में उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उस पर आशा मुस्कान के साथ कहती हैं, ''हमारा क्लब नेतृत्व के पद पर हमेशा महिलाओं का समर्थन करता था और करता है। इसलिए क्लब स्तर पर मुझे कभी किसी द्वेष का सामना नहीं करना पड़ा; इसकी अपेक्षा मुझे आगे बढ़ने और चुनौतियाँ स्वीकार करने के लिए सदैव प्रोत्साहित किया गया। इस तरह से मुझे अपने क्लब के सदस्यों का सहयोग और समर्थन हमेशा मिला है।''

डीजी बनने के प्रयास में उनके ''बहुत से वरिष्ठ सहयोगीयों ने मेरा मार्गदर्शन किया था जो मेरे प्रचार और चुनाव प्रक्रिया के दौरान कंधे से कन्धा मिला कर खड़े रहे। जैसा कि अक्सर हमारे चुनावों में होता है, विरोधी खेमे ने मेरे खिलाफ कुछ नकारात्मक राजनीति की थी। सिर्फ इसलिए मुझे डीजी मनोनीत नहीं किया गया कि मैं एक महिला थी, मैंने भी चुनाव लड़ा है और जीता है। खैर वैसे भी, समय आ गया है कि हमारे मंडल में एक महिला नेता हो।''

वे खुश हैं कि ''मेरे मंडल के सभी क्लबों ने मुझे पूरे हृदय से स्वीकार किया है और मुझे सहज अनुभव करवाने के लिए सदस्य हर संभव प्रयास करते हैं; मेरे साथ बिना किसी लैंगिक भेदभाव के अन्य किसी भी डीजी की तरह व्यवहार किया जाता है। मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि हमारे मंडल के अतीत और भविष्य के नेतृत्व से मुझे मिल रही स्वीकार्यता है और हमारे बीच जो अद्भुत सौहार्द्र है। सदस्यों को मालूम है कि वे मुझे कभी भी कॉल कर सकते हैं और उनके प्रश्न या आवश्यकता का समाधान अवश्य किया जाएगा।''

> रोटरी ने मुझे अपनेपन और आत्म-सम्मान की एक महान भावना दी है और गवर्नर बनने से मेरे परिवार, दोस्तों और बड़े समाज में मेरी छवि बढ़ी है।
>
> **रितु ग्रोवर**

अपनी जिस परियोजना पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वो है 'उड़ान' जिसके अंतर्गत हमने ग्रामीण बच्चों को 5,555 साइकिलें वितरित कीं, जिन्हें रोज़ाना स्कूल जाने के लिए मीलों पैदल चल कर आना पड़ता था। ''यह एक सपना था जिसकी परिकल्पना मैंने अपने पति के साथ की थी, और हमने इसे अपने मंडल के सभी क्लबों के सहयोग से अपने सीएसआर फंड से सपना साकार किया।''

व्यक्तिगत मोर्चे पर, आशा कहती हैं, ''रोटरी में उनकी व्यस्तता ने निश्चित रूप से समाज में मेरी छवि में वृद्धि की है। मैं समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों से मिलती हूं और रोटरी के बारे में चर्चा करती हूं, प्रशासन, राजनीति आदि में महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों के साथ एक ही मंच साझा करती हूं और कई संगठनों द्वारा सम्मानित किया जाना तो एक सपने के सच होने के सामान लगता है।''

रितु ग्रोवर, रो ई मंडल 3040 की डीजी, एमबीए हैं, और इंदौर में सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर हैं, जहां उन्होंने ''1988 में इंदौर में एक पहली महिला पॉलिटेक्निक की स्थापना की थी।'' 'महिलाओं के सामाजिक उत्थान और महिला सशक्तिकरण' के लिए काम करने के जुनून के कारण वह 2006 में रोटरी में शामिल हुईं।

वह मानती हैं कि मंडल अध्यक्ष बनने में एक महिला होना उनकी सबसे बड़ी बाधा थी, ''लेकिन मेरे द्वारा निरंतर और निर्बाध किये जा रहे कार्यों से मंडल में रोटेरियनों को एहसास हुआ कि मैं मंडल की संभावित नेता बन सकती हूं। वह अक्सर देखती थी कि उनके क्लब के सदस्यों की बैठक से पहले कई विषयों पर एक अलग धारणा/दृष्टिकोण होता है, लेकिन मेरे साथ बातचीत करने के बाद वे पूर्ण रूप से 'हमारी दीदी' से सहमत हो जाते थे!''

> अन्य देशों की तुलना में भारत में सदस्यता बहुत अधिक है और सदस्यों की सहभागिता और भागीदारी भी हमारे यहां सबसे अधिक है। पर इसका नकारात्मक पक्ष यह है कि हमारे रोटेरियन अक्सर भूल जाते हैं कि हम रोटरी में केवल दोस्ती, प्रेम और शांति का प्रसार करने आए हैं। जबकि, वे आपसी झगड़ों में उलझ जाते हैं...
>
> **आनंदता जोथी**

रितु ने बताया हैं कि आम तौर पर उन्हें भले ही जो मुझे सक्षम मानते हैं, उन लोगों से पूरा सहयोग मिला, लेकिन मंडल में इतने ऊंचे पद पर एक ममहिलाफ होने की वजह से मुझे थोड़ी असहिष्णुता तो महसूस होती ही है!

मंडल में उनके नेतृत्व में की गई परियोजनाओं में से, उन्हें फरवरी के अंत/मार्च की शुरुआत में झाबुआ में आयोजित RAHAT चिकित्सा और शल्य चिकित्सा शिविर पर सबसे अधिक गर्व है, जिसमें 97,000 रोगियों की विशाल संख्या में पंजीकरण हुआ था। ''यह अत्यंत संतोषप्रद अनुभव रहा क्योंकि इस शिविर में 450 से अधिक स्वयंसेवकों ने भी काम किया था।''

अन्य परियोजना जिसे लेकर वह काफी प्रसन्न हैं, वह है ''मंडल की टीम द्वारा विशेष रूप से मेरे जन्मदिन पर वैष्णो देवी और अमृतसर के लिए फेलोशिप यात्रा का आयोजन, जिसमें लगभग 100 सदस्य शामिल हुए।''

व्यक्तिगत स्तर पर, ''रोटरी ने मुझे अपनेपन और आत्म-सम्मान की एक महान भावना दी है और गवर्नर बनने से मेरे परिवार, दोस्तों और बड़े समाज में मेरी छवि बढ़ी है, हालांकि वे शिकायत करते हैं कि मैं उन्हें भूल गई हूँ क्योंकि मैं उन्हें समय नहीं दे पाती!''

चित्र: रशीदा भगत
एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

ADVT.

BECOME A DOCTOR IN USA

XAVIER UNIVERSITY ARUBA'S 6 YEAR PROGRAMME TO TRANSFORM YOUR AMERICAN DREAM INTO A REALITY

DOCTOR OF MEDICINE

First 2 years
Start @
KLE, Campus
Karnataka, India

Next 2 years
Continue @
Xavier's Campus
Aruba, Caribbean
island - Netherland

Next 2 years
Complete @
Xavier's affiliated
Teaching Hospitals
USA / Canada

DOCTOR OF VETERINARY MEDICINE

First 2 years
Start @
KLE, Campus
Karnataka, India

Next 3 years
Continue @
Xavier's Campus
Aruba, Caribbean
island- Netherland

Final year
Complete @
Xavier's affiliated
Teaching Hospitals
USA / Canada

Limited Seats

The session starts in May/September 2024

To apply, Visit: **application.xusom.com**

Contact: Uday @+91 91 0083 0083 +91 98 8528 2712

email: infoindia@xusom.com

XAVIER STUDENTS ARE ELIGIBLE FOR **H1/J1 Visa** PROGRAMME

एक बेहतर दुनिया के लिए टीआरएफ को दान देते रहें

वी मुत्तुकुमारन

*टीआरएफ के ट्रस्टी चेयर बेरी रेसिन को बेंगलुरु में सम्मानित किया गया। **बाएं से:** पीडीजी सुरेश हरि, इवेंट चेयर रविशंकर दकोजू, टीआरएफ ट्रस्टी वाइस चेयर भरत पांड्या, डीजी उदयकुमार भास्कर (रो ई मंडल 3191), डीआरएफसी सुरेश अंबली (3192), डीजी श्रीनिवास मूर्ति (3192) और आरआईडीएन के पी नागेश।*

रोटरी फाउंडेशन को देना कभी बंद न करें क्योंकि हम दुनिया के पहले नंबर के मानवतावादी गैर सरकारी संगठन हैं जो समुदायों में एक बड़ा परिवर्तन ला रहे हैं। ''लगातार 15वें वर्ष हमें चैरिटी नेविगेटर (यूएस) से चार में से चार स्टार रेटिंग मिली है क्योंकि हमने दुनिया भर में अपनी सेवा परियोजनाओं के माध्यम से प्रभाव उत्पन्न करते हुए अपनी प्रशासनिक लागत को न्यूनतम रखा है जो अन्य वैश्विक गैर सरकारी संगठनों से बहुत कम है,'' टीआरएफ न्यासी प्रमुख बैरी रेसिन ने कहा।

बेंगलुरु में रो ई मंडल 3191 और 3192 द्वारा आयोजित दोपहर भोज की एक बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पोलियो को समाप्त करना रोटरी की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ''अब यह घातक पोलियो वायरस केवल पाकिस्तान और अफगानिस्तान में ही पाया जाता है विशेषरूप से उनकी छिद्रपूर्ण सीमा में।'' पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री और उनके सेना के जनरल दुनिया से पोलियो को खत्म करने के रोटरी के अंतिम प्रयास का पूरी तरह से समर्थन कर रहे हैं। ''पाकिस्तानी सैनिक हमारे रोटरी कार्यालयों की सुरक्षा कर रहे हैं और केवल पिछले ही साल में इस क्षेत्र में 900,000 बच्चों का टीकाकरण किया गया। जहाँ पिछले साल इन दोनों देशों में छह-छह बच्चे इस वायरस का शिकार हुए वहीं 2024 में अब तक पोलियो का कोई नया मामला सामने नहीं आया है, उन्होंने आगे कहा कि हम दुनिया के इस वायरस से मुक्त प्रमाणित होने के बाद ही अपनी अगली प्राथमिकता पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।''

टीआरएफ के प्रोग्राम्स ऑफ स्केल (PoS) के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''हमने इसे तीन साल पहले जाम्बिया में 6 मिलियन डॉलर के वित्त पोषण (रो ई, गेट्स फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन प्रत्येक ने 2 मिलियन डॉलर का योगदान दिया) के साथ शुरू किया था जिससे अफ्रीकी देश में मलेरिया के मामलों में 90 प्रतिशत की कमी आई है।'' जाम्बिया में इसकी सफलता के बाद गेट्स फाउंडेशन और वर्ल्ड विजन अफ्रीका के चार और देशों में इस कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए 10 मिलियन डॉलर देने हेतु तैयार थे। नाइजीरिया में PoS शिशु एवं मातृ मृत्यु दर से लड़ने में मदद कर रहा है जबकि मिस्र में यह सर्विकल कैंसर के खिलाफ लड़ रहा है।

रो ई वर्ष 2023-24 के लिए टीआरएफ ने कुल दान में 500 मिलियन डॉलर का लक्ष्य रखा है जिसमें वार्षिक निधि 150 मिलियन डॉलर की है। ''सभी क्लबों को वार्षिक निधि में दान देना चाहिए क्योंकि इसका आधा हिस्सा सेवा परियोजनाओं के लिए उनके मंडल में वापस आ जाएगा। इस प्रकार आप अपने दान के एक हिस्से का लाभ उठा सकते हैं, रेसिन ने कहा। पोलियो उन्मूलन के लिए टीआरएफ के 50 मिलियन डॉलर का मिलान गेट्स फाउंडेशन द्वारा 150 मिलियन डॉलर से किया जाएगा इस प्रकार यह वर्तमान वर्ष के लिए जनवरी क्रेडिट में 200 मिलियन डॉलर हो जाएगा। इसके साथ ही टीआरएफ को 60 मिलियन डॉलर नकद और अक्षय निधि के अंतर्गत अन्य प्रतिबद्धताओं में 80 मिलियन डॉलर एकत्रित होने की उम्मीद है, जिसका एक हिस्सा आपको संबंधित परियोजनाओं के लिए निर्देशित उपहारों के रूप में वापस मिलेगा।''

कोविड समय के दौरान टीआरएफ ने दुनिया भर के क्लबों से महामारी से संबंधित परियोजनाओं के लिए 39 मिलियन डॉलर की 2,066 वैश्विक अनुदान परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। ''पिछले पांच वर्षों में फाउंडेशन ने छह मिलियन लोगों के जीवन को छुआ है, इसलिए हमें वह करते रहना होगा जो हम कर रहे हैं ताकि रोटरी अधिकतम लोगों तक पहुंच सके और उनके जीवन को बेहतर कर सके,'' उन्होंने समझाया। जब उन्होंने मलावी, पूर्वी अफ्रीका के एक ग्रामीण स्कूल का दौरा किया जिसे नवीन शौचालय खंड, हैंडपंप, पेयजल इकाई और अन्य स्वच्छता और कक्षा सुविधाओं के साथ उन्नत किया गया था, ''एक 11 वर्षीय लड़के ने मुझ पर लगे रोटरी पिन को देखा और एक बड़ी सी मुस्कान के साथ मुझे धन्यवाद कहा। क्योंकि उसे बताया गया था कि इस पिन को पहनने वाले रोटरी से हैं जो हमें अपना जीवन बदलने में मदद करते हैं।'' इस परियोजना के साथ रोटरी के आने से पहले 4,000 विद्यार्थियों और 38 शिक्षकों वाले इस स्कूल में कोई टेबल, बेंच, ब्लैकबोर्ड नहीं था... कुछ भी नहीं जो एक स्कूल के लिए आवश्यक है।

ताइवान के अग्निशमन विभाग को रोटरी वित्तपोषण से एक नई एम्बुलेंस मिली और 2022 से इस वाहन ने अस्पतालों तक और अस्पतालों से 7,000 रोगियों को लाना-ले जाना किया है, ''इससे उनके द्वारा किए गए हृदय रोगियों की उत्तरजीविता दर दोगुनी हो गई इसका श्रेय उन वैश्विक अनुदानों को जाता है जिनकी वजह से गैजेट्स और अस्पताल के उपकरणों से सुसज्जित एम्बुलेंस की आपूर्ति हो सकी। ''भारतीय रोटेरियनों द्वारा किए जा रहे विविध कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने कहा, आप दुनिया में बदलाव ला रहे हैं, और उनसे आने वाले वर्षों में भी योगदान देते रहने का आग्रह किया।

टीआरएफ न्यासी उपाध्यक्ष भरत पांड्या ने अपने संबोधन में कहा कि फाउंडेशन के काम को बयां करने के लिए 'उम्मीद' और 'अवसर' ऐसे दो शब्द हैं जो ''बाहरी दुनिया के लिए एक खिड़की की तरह है.... भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई से 50-60 किमी दूर आप गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल की अनुपलब्धता के कारण पीड़ित देखेंगे; देश के अन्य स्थानों पर पानी की कमी, ब्लू बेबी वाले माता-पिताओं की चिंता, जो लोग या तो अनपढ़ हैं, बीमार हैं या दिन में एक बार का भोजन भी नहीं कर पाते, उन्हें हमारी मदद की आवश्यकता है और टीआरएफ परियोजनाएं ऐसी ज़िंदगियों को बदलती हैं।''

लेकिन रोटेरियनों के उदार समर्थन के बिना टीआरएफ नहीं बढ़ सकता और जमीनी स्तर पर ''जो लोग मौजूद है उन्हें एक तंत्र के माध्यम से देना शुरू करना चाहिए क्योंकि हम सभी जानते हैं कि हमारा पैसा कहाँ जाता है और यह दुनिया में क्या बदलाव लाता है।'' पांड्या ने टीआरएफ परियोजनाओं के लिए सीएसआर निधि को आकर्षित करने के लिए रो ई मंडल 3191 और 3192 से आग्रह किया क्योंकि कंपनियों के लिए सीएसआर कार्यक्रमों में अपने मुनाफे का 2 प्रतिशत हिस्सा लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, ''अच्छी, आकर्षक परियोजनाओं का मसौदा तैयार करके कंपनियों से संपर्क कीजिए ताकि रो ई मंडल 3191 और 3192 दोनों में से प्रत्येक वर्तमान की सीएसआर परियोजनाओं को फाउंडेशन के माध्यम से संचालित करते हुए 2 मिलियन डॉलर से 5 मिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुँचा सकें।''

2020 में जिम्बाब्वे में एक चिकित्सा मिशन, जहाँ उन्होंने सात सर्जरियाँ की थी, के अंतर्गत अपने काम को याद करते हुए पांड्या ने कहा, एक 10

रो ई मंडल 3191 और 3192 टीआरएफ ट्रस्टी चेयर रेसिन को चेक प्रदान करते हुए। बाएं से: रो ई मंडल 3191 सचिव रमेश कुमार, पीडीजी हरि, डीजी मूर्ति, डीआरएफसी अंबली, टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष पांड्या, डीजी भास्करा, आरआईडीएन नागेश, डीआरएफसी अनिल गुप्ता (3191), टीआरएफ - प्रिंसिपल गिफ्ट्स निदेशक हार्वे न्यूकॉम्ब III, पीडीजी गण मंजूनाथ शेट्टी और एच आर अनंत।

वर्षीय लड़के के पेट में एक तेज धार वाली चीज से छेद दिया गया था और उसकी आंतों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा था। ''हरारे से पांच घंटे की दूरी पर स्थित मुटारे के एक गांव में रहने वाले उस लड़के को सेप्टिक शॉक की अवस्था में मिशन कैंप में लाया गया था और वह धीरे-धीरे मर रहा था। हमने उसका ऑपरेशन किया और और हमें संशय था कि वह बच पाएगा या नहीं। लेकिन कुछ दिनों के बाद उसका बुखार चला गया, वह होश में आया और उसकी नाड़ी सामान्य थी। उसकी माँ ने मेरा हाथ पकड़कर अपने बेटे को बचाने के लिए मेरा बहुत आभार व्यक्त किया। इसलिए टीआरएफ को जो दिया जाता है वह केवल एक दान नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक निवेश है और फाउंडेशन सभी के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने का पसंदीदा विकल्प है।''

इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीआरएफ दाताओं की उदारता का जश्न मनाना और कॉर्पोरेट जगत के साथ रोटरी के जुड़ाव का विस्तार करना था, इस कार्यक्रम के अध्यक्ष और टीआरएफ को ₹100 करोड़ का दान देने वाले रविशंकर डकोजू ने कहा। ''रोटरी एक ऐसा पुल है जो अमीर और गरीब को जोड़ता है। हमें बड़ी टीआरएफ परियोजनाओं को लेने के लिए कॉरपोरेट्स को शामिल करने की आवश्यकता है।'' आरआईडीएन के पी नागेश ने कहा कि अमेरिका 500 से अधिक AKS सदस्यों के साथ सबसे आगे है, उसके बाद भारत (200 से अधिक), कोरिया और ताइवान उस क्रम में हैं। हमें रविशंकर जैसे अधिक मिलियन डॉलर के दानदाताओं (8 करोड़) की आवश्यकता है और अगले दो वर्षों में हमारा लक्ष्य कम से कम 100 ऐसे दाताओं की पहचान करने का है, नागेश ने कहा जिन्हें रेसिन द्वारा AKS एसोसिएशन ऑफ इंडिया का नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तीन साल तक यह पद रविशंकर के पास था जिन्हें AAI राजदूत के रूप में फिर से नियुक्त किया गया। 2019 से AKS सेलिब्रिटी के रूप में उन्होंने 75 AKS सदस्यों को शामिल करने में मदद की।

एकेएस के नवीन सदस्य मिलिंद देशपांडे और वेलुपति (3192), और आरआईडीएन नागेश (3191); 32 प्रमुख दाता; 42 एंड पोलियो फेलोस; और 40 कंपनियों - इनफ्लो टेक्नोलॉजीज (₹1.5 करोड़), इंडिक इलेक्ट्रॉनिक्स (₹40 लाख), इंटेल (₹40 लाख), विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर (₹35 लाख), टाइटन इंडस्ट्रीज (₹32 लाख), केडब्ल्यूके रेसिस्टर्स (₹28 लाख) आदि को रेसिन द्वारा सम्मानित किया गया। डीजी उदयकुमार भास्कर (3191) और वी श्रीनिवास मूर्ति (3192) को सम्मानित किया गया।

डीआरएफसी अनिल गुप्ता (3191), डीआरएफसी सुरेश अंबली (3192) और पीडीजी सुरेश हरि ने अपनी बात पेश की। टीआरएफ के लिए दोनों मंडलों से योगदान के रूप में कुल 2.4 मिलियन डॉलर के दो चेक इसके न्यासी अध्यक्ष को प्रस्तुत किए गए। टीआरएफ बैठक में बेंगलुरु और उसके आसपास के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रेसिन ने 13 रो ई मंडलों को कवर करने वाले पांच दिवसीय यात्रा कार्यक्रम में टेक सिटी आने से पहले काठमांडू, कोलकाता, दिल्ली और पुणे का दौरा किया।

चित्र: वी मुत्तुकुमारन

रो ई मंडल 3212 ने आईपीडीजी मुत्तु को सम्मानित किया

टीम रोटरी न्यूज़

पीआरआईपी के आर रवींद्रन, पीआरआईडी सी भास्कर, रो ई निदेशक नमित एम मुरुगानंदम रो ई मंडल 3212 डीजी आर मुत्तैया पिल्लई 2022-23 में अपने कार्यकाल के दौरान प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए रो ई मंडल 3212 आईपीडीजी वीआर मुत्तु को सम्मानित करने के लिए मदुरै में एक कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन डीजीई मीरनखान सलीम, डीजी नमितजे दिनेश बाबू और पूर्व सहायक गवर्नर पायनियर एस महेश्वरन द्वारा किया गया था।

बाएं से: पीआरआईडी सी भास्कर, डीजी आर मुत्तैया पिल्लई, पीआरआईपी के आर रवींद्रन, पूर्व ए जी 'पायनियर' महेश्वरन, आईपीडीजी वीआर मुत्तु, आरआईडीएन एम मुरुगानंदम और डीजीएन जे दिनेश बाबू।

टीआरएफ में 520,000 डॉलर का योगदान देने और एकेएस चेयर सर्कल सदस्य के रूप में आगे बढ़ने के बाद, आईपीडीजी मुथु ने अपनी टीम को टीआरएफ में उदारतापूर्वक योगदान करने के लिए प्रेरित किया। उनके कार्यकाल के दौरान जिले ने टीआरएफ को 861,634.50 डॉलर का योगदान दिया था। पीआरआईपी रवींद्रन ने ट्वीट किया था: 500k डॉलर से अधिक के योगदान के साथ एकेएस सदस्य, उनकी उदारता से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं...

डीजी एन बाबू ने कहा, ''पिछले साल, 2,286 रोटेरियनों ने टीआरएफ में योगदान दिया था, जो शायद हमारे जिले में पहली बार इतनी बड़ी संख्या थी। महेश्वरन ने कार्यक्रम में एकेएस सदस्य बनने की प्रतिबद्धता जताई।''

आईपीडीजी मुत्तु ने जिला रोटेरियन को उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया, जिसके बिना उपलब्धियां संभव नहीं होतीं। कार्यक्रम में रो ई मंडल 3212 और 3000 के पूर्व गवर्नरों ने भाग लिया। ■

2025-27 के लिए ज़ोन 4, 5, 6 और 7 के रो ई निदेशक

RIDN एम मुरुगानंदम

RIDN के पी नागेश

रो ई अध्यक्ष गॉर्डन मेकिनली ने पूर्व मंडल गवर्नरों के पी नागेश (रो ई मंडल 3191) और एम मुरुगानंदम (रो ई मंडल 3000) को 2025-27 के लिए निदेशक घोषित किया है।

आरआईडीएन नागेश 2025-27 के दौरान ज़ोन 4 और 7 के निदेशक के रूप में सेवा देंगे। रोटरी क्लब बैंगलोर हाईग्राउंड्स के सदस्य रहते हुए, उन्होंने अविभाजित रोटरी मंडल 3190 के लिए 2015-16 के दौरान डीजी के रूप में कार्य किया था। वह बेंगलुरु में आयोजित 2024 रोटरी जोन संस्थान, RISE, के अध्यक्ष थे।

आरआईडीएन मुरुगानंदम ज़ोन 5 और 6 के लिए निदेशक के रूप में काम करेंगे। वह रोटरी क्लब भेल सिटी तिरुचिरापल्ली के सदस्य हैं और उन्होंने 2016-17 के दौरान डीजी के रूप में सेवाएं दी है। वह चेन्नई में आयोजित 2022 जोन संस्थान के अध्यक्ष थे।

नागेश और मुरुगानंदम दोनों आर्च क्लंफ सोसाइटी के सदस्य हैं।■

Rotary PEOPLE OF ACTION

कोयंबटूर में रोटरी फूल प्रदर्शन

टीम रोटरी न्यूज़

पुष्प शो में टीएनएयू की कुलपति वी गीतालक्ष्मी (बीच में) और राज्य के कृषि मंत्री एम आर के पन्नीरसेल्वम (उनके बायीं ओर) के साथ रो ई मंडल 3201 के रोटेरियन।

छे रोटरी क्लब - रोटरी क्लब कोयंबटूर टाउन, डाउनटाउन, अपटाउन, टेक्ससिटी, सेंटेनियल और थोंडामुत्तूर, रो ई मंडल 3201 - ने कोयंबटूर में 23 एकड़ के बॉटनिकल गार्डन में तीन दिवसीय कोवई फ्लावर शो आयोजित करने के लिए तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के साथ सहयोग किया। इसका उद्घाटन कृषि मंत्री एम आर के पनीरसेल्वम और शहरी विकास मंत्री एस मुत्तुस्वामी ने किया। परियोजना के अध्यक्ष सी नागराज ने कहा, शो को 4 लाख से अधिक लोगों ने देखा। जिले की प्रभावशाली सेवा परियोजनाओं को पूरे बगीचे में विशाल एलईडी स्क्रीन पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम सचिव ए गॉडविन ने कहा कि जिला जनवरी 2025 में इसी तरह का एक शो आयोजित करने की योजना बना रहा है। महानिदेशक टी आर विजयकुमार ने विश्वविद्यालय की कुलपति वी गीतालक्ष्मी को रोटरी वोकेशनल उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया।

उन्होंने कहा, पीडीजी ए वी पैथी और कुरियाचन और शहर भर के 650 क्लबों के रोटेरियन ने पुष्प शो का समर्थन किया जो ''एक प्रभावशाली सार्वजनिक छवि अभ्यास था।'' ■

टीआरएफ के अध्यक्ष बेरी रेसिन ने इस वर्ष AKS सदस्यों के रूप में शामिल होने के लिए आरआरएफसी एन सुब्रमण्यम और उनकी पत्नी ललिता को सम्मानित किया। बाएं से: टीआरएफ के उपाध्यक्ष भरत पांड्या, आरआईपीआर एलिसडेयर सील, डीजी जीतेंद्र गुप्ता और उनकी पत्नी दीप्ति के साथ फियोना सील भी चित्र में मौजूद हैं।

टीआरएफ अध्यक्ष का भारत दौरा

बेंगलुरु के अलावा, टीआरएफ न्यासी अध्यक्ष बेरी रेसिन ने भारत में दिल्ली, पुणे और कोलकाता एवं नेपाल में काठमांडू का भी दौरा किया।

दिल्ली, रो ई मंडल 3011, में उनके सम्मान में आयोजित 'वन इन ए मिलियन' कार्यक्रम में, रेसिन ने आरआरएफसी डॉ एन सुब्रमण्यम और प्रमुख दानकर्ताओं सहित तीन नए AKS सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने मंडल में शत-प्रतिशत योगदान देने वाले क्लबों की सराहना की।

रेसिन ने टीआरएफ न्यासी उपाध्यक्ष भरत पांड्या और रो ई मंडल 3131 के डीजी मंजू फड़के के साथ बेलराइज इंडस्ट्रीज में कार्यशाला का दौरा किया, जहां छात्रों को वेल्डिंग कौशलों में प्रशिक्षित किया जा रहा था। मंडल ने युवाओं को औद्योगिक कौशलों से लैस करने और प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए बेलराइज के सहयोग से इस कौशल विकास परियोजना को शुरू किया है। डीजी मंजू का रो ई द्वारा सिल्विया व्हिटलॉक लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित होने के लिए अभिनंदन किया गया।

कोलकाता में टीआरएफ अध्यक्ष ने रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी द्वारा आयोजित एक बहु-मंडलीय कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले मंडलों के पांच नए AKS सदस्यों और प्रमुख दानकर्ताओं को सम्मानित किया गया। ■

रो ई द्वारा दिए गए सिल्विया व्हिटलॉक लीडरशिप अवार्ड के साथ रो ई मंडल 3131 की डीजी मंजू फड़के और उनके पति विश्वास, टीआरएफ के उपाध्यक्ष पांड्या के साथ।

टीआरएफ के अध्यक्ष रेसिन, टीआरएफ के उपाध्यक्ष पांड्या और गवर्नर मंजू ने प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों के साथ पुणे में बेलराइज इंडस्ट्रीज का दौरा किया। पीडीजी दीपक शिखारपुर (दाएं, पीछे की पंक्ति) और शैलेश पालेकर (डीजी मंजू के पीछे) भी चित्र में मौजूद हैं।

मंडल नेतृत्व को सशक्त करना

जयश्री

दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण और लक्ष्य-निर्धारण बैठक *दिशा* में रो ई निदेशक और संयोजक राजू सुब्रमण्यम ने कहा, ''कोई (फैंटम) काल्पनिक क्लब का सृजन नहीं और ना ही चुनावी विवादों की वजह से भारत की छवि धूमिल होगी। रो ई को भेजी जा रही चुनाव संबंधी कई शिकायतों पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि सदस्यता में इतना शानदार प्रदर्शन करने और फाउंडेशन-गिविंग में नंबर 2 होने के बावजूद, हम विश्व स्तर पर अपनी छवि बिगाड़ रहे हैं। हमारी गंदी राजनीति की वजह से नए सदस्य क्लब छोड़ कर बाहर जा रहे हैं। अपने मुद्दों को अपने मंडल के भीतर ही सुलझाएं और इसे रो ई मुख्यालय तक न पहुंचाएं।'' वोट बढ़ाने के लिए बनाए जा रहे फैंटम क्लबों को हतोत्साहित करने के लिए, उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष में एक पायलट प्रोजेक्ट लागू किया जाएगा, जिसमें नए क्लबों के गठन के लिए डीजी, डीजीई और डीजीएन को संयुक्त रूप से क्लब सदस्यता फॉर्म पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होगी।

गुटबाजी और पक्षपात पर आक्रोश जताते हुए, रो ई निदेशक बोले: डीआरएफसी के रूप में, आपको पोलियो फंड के लिए हस्ताक्षर करने से मना नहीं करना चाहिए जब आपके डीडीएफ में अतिरिक्त फंड उपलब्ध हो या ग्रांट के फॉर्म पर, सिर्फ इसलिए मना नहीं करें क्योंकि आप चाहते हैं कि अनुदान अगले साल के गवर्नर के पास जाए जो आपका पसंदीदा हो सकता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस समूह का हिस्सा हैं। हमारे संगठन के लिए ये अनैतिक है। भेदभाव मत करो। पदवी सिर्फ पदों पर आसीन होने के लिए नहीं बल्कि हमारे संगठन को आगे बढ़ाने के लिए हैं।''

दिशा ने इस वर्ष एक्शन प्लान को अपना कर उसे लागू करने और डीजीई, डीजीएन और डीजीएनडी की सहभागिता के साथ 'तीन-वर्षीय रोलिंग लक्ष्य' निर्धारित कर मंडल नेतृत्व के बीच आपसी संबंध बेहतर बनाने और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए आगामी तीन वर्षों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, ''उद्देश्य है, अकेले की अपेक्षा हमें एक टीम के रूप में मिलकर काम करना है ताकि हम अधिक हासिल कर सकें।'' इस आयोजन से पहले, जून 2027 को समाप्त होने वाले आगामी तीन वर्षों के लक्ष्य पूरा करने के लिए सदस्यता और फाउंडेशन देने पर पांच साल का डेटा आगामी गवर्नरों और समन्वयकों के साथ साझा किया गया था।

''यह एक दीर्घकालिक लक्ष्य है; हम इसे प्राप्त करने की ओर अग्रसर हैं, सुब्रमण्यन ने कहा, और

आरआईडी रॉयचौधरी, ट्रस्टी वाइस चेयर पांड्या, आरआईडीएन नागेश, पीआरआईडी ए एस वेंकटेश, दिशा चेयर जैन और पीडीजी माधव चंद्रन।

दाएं से: पीडीजी गुरजीत सिंह सेखों, टीआरएफ ट्रस्टी उपाध्यक्ष भरत पांड्या, आरआईडी गण अनिरुद्धा रॉयचौधरी और राजू सुब्रमण्यन, उनकी पत्नी विद्या, आरआईडीएन के पी नागेश, दिशा के अध्यक्ष शरत जैन और उनकी पत्नी रुचिका, दिशा के उद्घाटन पर।

बोले कि लक्ष्य तय करने की यह वार्षिक सुविधा दुनिया के हमारे हिस्से के लिए अद्भुत है। कई देशों को तो यह भी पता नहीं होगा कि हमारे यहां हर साल एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित होता है जहां डीजीई अपने डीआरएफसी, डीपीआईसी और डीआरसी के साथ विचार विमर्श कर कर सम्मिलित रूप से लक्ष्य निर्धारित करते हैं।''

'रोटरी का जादू' विषय पर बोलते हुए, रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी ने कहा, ''आइए शांति का प्रसार करने वाली पहल को प्राथमिकता दें। रोटरी का जादू सद्भाव से पनपने वाले समुदायों में अन्तर्निहित है, और इसकी स्थायी ताकत निरंतरता और परिवर्तन को संतुलित करने में बसी है। आइए, परिवर्तन को स्वीकार करते हुए रोटरी की विरासत पर गर्व करें और अपना सर्वश्रेष्ठ कार्य जारी रखें - दुनिया में भलाई करना।''

टीआरएफ के ट्रस्टी उपाध्यक्ष भरत पंड्या ने फाउंडेशन की दस प्राथमिकताएं गिनाईं, जिनमें पोलियो उन्मूलन सबसे ऊपर है। ''हम दुनिया से पोलियो को ख़त्म करने के कगार पर हैं और हम पहले से ज़्यादा करीब हैं। लेकिन पोलियो फंड में योगदान करने में रोटेरियन बहुत सुस्ती दिखा रहे हैं, जो पोलियो-स्थानिक देशों में रोकथाम गतिविधियों को जारी रखने की रीढ़ है। गेट्स फाउंडेशन से हमें पोलियो फंड की राशि का दोगुना योगदान मिलता है। लेकिन अगर हम अपने फंड में कमी करते हैं, तो विश्व में पोलियो फिर से सर उठा सकता है,'' उन्होंने चेतावनी दी।

इसके आलावा उन्होंने जिन प्राथमिकताओं का ज़िक्र किया उनमें पीस फेलो कार्यक्रम के माध्यम से शांति का प्रसार करना और रोटरी शांति केंद्रों, बड़े पैमाने के कार्यक्रमों का समर्थन, सहयोग करना, साझेदारी विकसित करना, पॉल हैरिस सोसाइटी को बढ़ावा देना, अनुदान, वार्षिक और बंदोबस्ती निधि (एनुअल और एन्डोमेन्ट फण्ड) और प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने फाउंडेशन के समन्वयकों से सीएसआर इंडिया अनुदान पर ध्यान केंद्रित करने और टीआरएफ में दानदाताओं की संख्या 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''केवल छह भारतीय मंडल ऐसे हैं जहां 100 प्रतिशत दान देने वाले क्लब हैं और इसलिए हमें अधिक रोटरी क्लबों को प्रोत्साहित करना होगा।''

पांड्या ने प्रतिनिधियों से 2025 तक एंडोमेंट फंड के लिए 2.025 बिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करने का आग्रह किया - वास्तविक योगदान में 1 बिलियन डॉलर और प्रतिबद्धताओं में 1.025 बिलियन डॉलर। ''कल्पना कीजिए कि टीआरएफ के पास कितनी ताकत होगी जब हमारा वास्तविक योगदान 1 बिलियन डॉलर होगा। तब हर साल खर्च करने योग्य कमाई कम से कम 50 मिलियन डॉलर होगी और हम एक नहीं, बल्कि बड़े स्तर और पैमाने के पांच कार्यक्रम कर सकेंगे।'' उन्होंने कहा कि मार्च 2024 तक टीआरएफ को एंडोमेंट फंड में कुल मिलाकर 1.651 बिलियन डॉलर प्राप्त हुए हैं; ''हम अपने लक्ष्य से सिर्फ 374 मिलियन डॉलर पीछे हैं।''

उन्होंने मंडल नेताओं को 2019 में शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट पॉजिटिव हेल्थ' पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, ''युद्ध और आतंकवाद की अपेक्षा आज चीनी और नमक से ज्यादा लोग मर रहे हैं।'' साठ प्रतिशत भारतीय जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों जैसे मधुमेह, किडनी या हृदय रोगों से मरते हैं और इसे नियमित रूप से रक्त शर्करा, बीपी और बॉडी-मास इंडेक्स से संबंधित मापदंडों की जांच करके दूर किया जा सकता है। ''अचानक दिल का दौरा पड़ने जैसी कोई चीज़ नहीं होती; इसके पीछे वर्षों की तैयारी की आवश्यकता होती है। एनसीडी मूक हत्यारे हैं,'' उन्होंने मंडल नेताओं को अपने क्षेत्र

निर्वाचित मंडल गवर्नरों के साथ आरआईडी राजू सुब्रमण्यन (अंतिम पंक्ति, मध्य)।

में स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

पीआरआईडी ए एस वेंकटेश ने विविधता, समानता और समावेशन पर बोलते हुए कहा कि ''डीईआई सिर्फ लैंगिक समानता संबोधित करने तक ही सीमित नहीं है। आपको बिना किसी भेदभाव के सभी पहलुओं में समावेशी होना पड़ेगा। आपका क्लब किसी विकलांग या वृद्ध व्यक्ति के लिए सुलभ होना चाहिए और सभी सदस्यों के लिए आरामदायक होना चाहिए। इसे अपने समुदाय की विविधता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। लैंगिक समानता नेतृत्व पदों, समितियों और हमारे क्लबों में दिखनी चाहिए। सभी स्तरों पर महिलाओं को शामिल करने के लिए अपनी मानसिकता को तैयार करें।''

बैठक में महिलाओं को स्तन कैंसर के बारे में शिक्षित करने और स्तन स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए एक ऐप *Dear Mamma* दिखाई गई । ऐप उपयोगकर्ता को स्व-परीक्षा के माध्यम से मार्गदर्शन करता है और अनुस्मारक सेट करने में मदद करता है। यह द डियर फाउंडेशन, स्विट्जरलैंड की एक परियोजना है।

कार्यक्रम का आयोजन पीडीजी शरत जैन ने इसके अध्यक्ष के रूप में किया और पीडीजी गुरुजीत सेखों इवेंट सेक्रेटरी थे।

चित्र: जयश्री

आरएनटी की कार्यकारी समिति के सदस्य - 2024-25

जयश्री

बाएं से: रो ई मंडल 3192 डीजीई महादेव प्रसाद (अध्यक्ष); रो ई मंडल 3000 डीजीई राजा गोविंदासामी (कोषाध्यक्ष); रो ई मंडल 3261 डीजीई अखिल मिश्रा (सचिव) और रो ई मंडल 3056 डीजीई राखी गुप्ता (सलाहकार)।

रोटरी ने हैदराबाद में नवजात शिशु आईसीयू का उन्नयन किया

टीम रोटरी न्यूज़

अब हैदराबाद के निलोफर अस्पताल के डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ नवजात आईसीयू (एनआईसीयू) में गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को बचाने के लिए नवीनतम चिकित्सा उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। यह रोटरी क्लब हैदराबाद मेवरिक्स, रो ई मंडल 3150 को धन्यवाद है, जिसने रोटरी क्लब ग्लोबल विजाड्र्स और यूएस क्लबों, रोटरी क्लब सिम्सबरी-ग्रैन्बी, रो ई मंडल 7890, लिवरमोर, 5170; और वेस्टवुड विलेज, रो ई मंडल 5280 के साथ वैश्विक अनुदान साझेदारी के माध्यम से सुविधा का नवीनीकरण किया।

मंडल सेवा परियोजना अध्यक्ष सुरेन पोरुरी और डीआरएफसी के प्रभाकर के मार्गदर्शन से, नवजात शिशुओं के लिए उपचार सुविधाओं में सुधार के लिए एनआईसीयू को ₹48 लाख के उपकरण दान किए गए। एशिया के सबसे बड़े अस्पतालों में से एक, 1,200 बिस्तरों वाला अस्पताल प्रसूति, बाल चिकित्सा और मातृ-भ्रूण चिकित्सा में चतुर्धातुक देखभाल (उन्नत चिकित्सा सेवाएं) प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। एक दिन में, अस्पताल 1,000 बच्चों को मुफ्त ओपीडी देखभाल प्रदान करता है, 150 को भर्ती किया जाता है, और एक महीने में 700 गंभीर नवजात शिशुओं का एनआईसीयू में इलाज किया जाता है।

रोटरी द्वारा दान किए गए उच्च तकनीक उपकरणों में इमेज स्कैनिंग मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, मल्टीचैनल मॉनिटर, टी-पीस रिससिटेटर्स और फोटोथेरेपी इकाइयां शामिल हैं। ''परियोजना का उद्देश्य तेज टर्नअराउंड समय, बेहतर निगरानी के माध्यम से उच्च जोखिम वाले प्रसव के इलाज में एनआईसीयू की क्षमता को बढ़ाना था। प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद नवजात देखभाल और नवजात स्थितियों का कुशल मूल्यांकन,'' रोटरी क्लब हैदराबाद मेवरिक्स के अध्यक्ष पी वनश्री ने कहा।

उन्होंने कहा, औसतन 300 से अधिक उच्च जोखिम वाले शिशुओं को मासिक रूप से और 2,500 से अधिक शिशुओं को एक वर्ष में परियोजना से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि एनआईसीयू में डॉक्टर, नर्स और तकनीकी कर्मचारी नवजात शिशुओं को बचाने के लिए अधिक दक्षता के साथ काम कर सकते हैं, जिसका श्रेय रोटरी के वैश्विक अनुदान के माध्यम से संभव हुई उन्नत सुविधाओं को जाता है।■

ऊपर: निलोफर अस्पताल, हैदराबाद में अच्छी तरह से सुसज्जित एनआईसीयू।
नीचे: एनआईसीयू में एक शिशु का स्कैन करती एक डॉक्टर।

आगामी क्लब अध्यक्ष श्रीलंका में सकारात्मक प्रभाव के लिए तैयार

किरण ज़ेहरा

हम खुशनुमा हालात में नहीं जी रहे नाही आरामदायक मखमली दुनिया में; बल्कि, उस दुनिया में जी रहे हैं जो चुनौतियों से भरी पडी है जो रोज़ बढ़ती जा रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ता तनाव, यूक्रेन पर खुले आम अतिक्रमण, व्यापार मार्ग के अवरुद्ध होने और वैश्विक जल मार्ग में उपजे व्यवधान को धन्यवाद जिस के कारण, स्थानीय अर्थव्यवस्थाएँ पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी हैं। इन विषम परिस्थितियों के बीच, जब आप क्लब अध्यक्षों की भूमिका निभाने के लिए कदम बढ़ायेंगे तो यह आसान नहीं होगा,'' पीआरआईपी के आर रवींद्रन ने, श्रीलंका के जाफना शहर में आगामी अध्यक्षों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सेमिनार PETS में रो ई मंडल 3220 के 50 से अधिक निर्वाचित अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा। उद्घाटन समारोह में जाफना के उत्तरी प्रांत के गवर्नर पीएसएम चार्ल्स भी मौजूद थी।

PETS सेमिनार के लिए जाफना का चयन करने और इसे एक सुरक्षित और स्वागत योग्य गंतव्य के रूप में प्रचारित करने के लिए डीजीई सुशेना रणतुंगा की प्रशंसा करते हुए, रवींद्रन ने अपनी पिछली यात्रा का स्मरण किया जब वे 2010 में युद्ध के तुरंत बाद पीआरआईपी रे क्लिंगिनस्मित के साथ आये थे। ''मुझे यहां आने का विचार पसंद आया, और चूँकि मैं यहाँ हूँ, तो मैंने अपने विश्वविद्यालय के मित्रों को भी जाफना में दो दिन मेरे साथ बिताने के लिए आमंत्रित किया है। मुझे उम्मीद है कि वे वापस जा कर लोगों को बताएँगे कि वे क्या खो रहे हैं और उन्हें यहाँ क्यों आना चाहिए।''

उन्होंने कहा कि क्लब अध्यक्ष ''एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का पद है और ये पद सामाजिक आवश्यकताओं या चुनौतियों को संबोधित करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। ज़रूरी नहीं कि आपके द्वारा की जाने वाली गतिविधि बहुत बड़ी हो; सबसे पहले आप अपने सदस्यों पर ध्यान दें, उनके बीच सौहार्द्र और मित्रता को बढ़ावा दें। क्लब के अंदर आपसी मेलजोल और व्यावसायिक नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करें; आपके दंत चिकित्सक, ट्रैवल एजेंट, वकील, या डॉक्टर सभी क्षेत्र के दोस्त रोटेरियन बन सकते हैं।''

रोटरी के क्रमिक विकास पर रोशनी डालते हुए, रवींद्रन ने 1952-53 में रोटरी क्लब सैन फ्रांसिस्को ने क्लब के सदस्यों के बीच आपस में व्यापार को बढ़ावा

रेज़ोन डेविड

बाएं से: PETS में डीजी जेरोम राजेंद्रम, जाफना की गवर्नर पीएसएम चार्ल्स, पीआरआईपी के आर रवींद्रन और डीजीई सुशेना रणतुंगा।

आगामी महिला क्लब अध्यक्षों के साथ पीडीजी पुबुदु डी ज़ोयसा (बाएं से चौथे)।

देने का ज़िक्र किया। ''शुरुआत में, सदस्यों के बीच एक-दूसरे के साथ व्यापार करने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया था। खैर, समय के साथ इस दृष्टिकोण का प्रतिरोध बढ़ता गया, जिस की वजह से समाज और वैश्विक सेवा पर व्यापक ध्यान केंद्रित हुआ।''

यहां तक कि जब वे स्वयं रो इ अध्यक्ष बने, तो भी ''यह हमेशा परिवार, व्यवसाय और रोटरी से ही सम्बंधित रहा। मैं आपसे भी यही करने का आग्रह करता हूं। क्लब अध्यक्षों के रूप में, आप संभवतः प्रबंधन कौशल अधिक सीखेंगे, विश्वविद्यालयों में सिखाए जाने वाले कौशल के अलावा। क्योंकि आप रोटरी क्लब में लोगों को नौकरी से नहीं हटा सकते, उन पर दबाव नहीं डाल सकते या उन्हें चोट नहीं पहुंचा सकते। आपको बस उन्हें मनाना है, प्रभावित करना है और उन्हें काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है।''

उन्होंने एक व्यक्तिगत किस्सा सुनाया, जब वे इंटरेक्ट क्लब की बैठक में भाग लेने गए थे जहां उन्होंने बच्चों को उनके भाषण पर ध्यान देने के बजाय उनके जीवन के सतही पहलुओं जैसे उनकी टाई, कपडे और कार की प्रशंसा कर रहे थे। बच्चे कभी-कभी गलत धारणाओं, कारणों की वजह से किसी की भी प्रशंसा कर सकते हैं।'' उन बच्चों के लिए उन्होंने अपने अंदर सकारात्मक गुणों और मूल्यों को आत्मसात कर एक उचित रोल मॉडल बनने का संकल्प लिया, जो बच्चे उनकी ओर देखते हैं..... ''और रोटरी यही दबाव आप पर डालता है। आपको बहुत जल्दी एहसास हो जाता है कि भाषण देना तो बहुत सरल है लेकिन शब्दों को आचरण में उतारना और उन सिद्धांतों पर चलना कहीं अधिक कठिन है।''

रोटरी की समावेशी और सद्भाव प्रकृति पर बल देते हुए वो बोले कि रोटरी राष्ट्रीयता, जाति और धर्म की बाधाओं से परे है, ''यह एकता और साझा उद्देश्य की भावना को प्रोत्साहन देती है। क्लब, मंडल और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये वास्तविकता है। अन्यथा, क्या आप सोच भी सकते हैं कि रोटरी विश्व एक छोटे से द्वीप से मेरे जैसे किसी व्यक्ति को रो ई का वैश्विक अध्यक्ष चुनेगा? क्योंकि हम सीमाओं से भी परे जाते हैं, हम गोरे लोगों, भूरे लोगों, काले लोगों, अमीर देशों या छोटे देशों के बारे में नहीं सोचते, उन्हें अलग दृष्टि से नहीं देखते।''

मंडल अध्यक्ष जेरोम राजेंद्रम ने श्रीलंका में रोटरी के मूल्यों और प्रतिष्ठा को बनाये रखने में आगामी अध्यक्षों की भूमिका के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, ''अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, श्रीलंका को अमूमन पीआरआईपी के आर रवींद्रन के देश के रूप में पहचाना जाता है। मैं आप सभी आगामी क्लब अध्यक्षों को, रवींद्रन द्वारा बनाई गई साख और प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण

कराओके गतिविधि में भाग लेते क्लब अध्यक्ष।

अंतिम पंक्ति, बाएं से: पीडीजी गण एस मुत्तु पलानीअप्पन, ए संपत कुमार, डीजीएनडी कुमार सुंदरराज, पीडीजी कृष राजेंद्रन, रोटेरियन किरुबहारा अलगासुंदरम, डीजीई सुशेना रणतुंगा और उनकी पत्नी रोशिनी जाफना के वंचित बच्चों के साथ।

रखने और रोटरी के सकारात्मक प्रभाव को दुनिया भर में प्रसारित करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।''

डीजीई सुशेना रणतुंगा ने अपने बैच के अध्यक्षों से मंडल परियोजनाओं का सहयोग करने और सहज कार्यों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रभाव डालने का आग्रह किया। वर्ष की परियोजनाओं को शुरू करने के लिए, उन्होंने उडुविलमालवथाई आरसीटीएम स्कूल के एक स्टाफ सदस्य को स्टेशनरी किट और एक लैपटॉप सौंपा। मन्नार जिला अस्पताल के एक प्रतिनिधि को आवश्यक दवाएं भी सौंपी गईं। उन्होंने कहा, ''ये भावना रोटरी पहल के माध्यम से देश में सकारात्मक बदलाव लाने के हमारे सामूहिक प्रयास की शुरुआत हैं। डीजीई ने कार्यक्रम के बाद वंचित परिवारों के बच्चों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की।''

एआरआरएफसी एस मुत्तु पलानीअप्पन (रो ई मंडल 3232) और पीडीजी ए संपत कुमार (रो ई मंडल 3231) भी PETS में मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन एक स्नातक समारोह के साथ हुआ, जिसके बाद पीडीजी कृष राजेंद्रन द्वारा निर्वाचित अध्यक्षों को टोस्ट दिया गया और मंडल की कार्यकारी सचिव 2024-25 गामिनी मदनायके ने आभार व्यक्त किया।

चित्र: किरण ज़ेहरा

Rotary PEOPLE OF ACTION

सेलम के निकट एक चिकित्सा शिविर

टीम रोटरी न्यूज़

तमिलनाडु के सेलम के पास एक कस्बे एलमपिल्लई में रोटरी क्लब एलमपिल्लई, रो ई मंडल 2982 द्वारा आयोजित एक दिवसीय चिकित्सा शिविर से 400 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। शिविर में आंखों, ईएनटी, वैरिकाज़ नसों और जोड़ों और कंधे का निदान और उपचार शामिल था। क्लब के अध्यक्ष ओबुली वेंकटेश ने कहा, 200 लोगों की मोतियाबिंद सर्जरी की गई और जोड़ों और कंधे की समस्याओं वाले 90 से अधिक व्यक्तियों के लिए फिजियोथेरेपी सत्र निर्धारित किए गए।

लोगों को चिकित्सा जांच के लिए शिविर स्थल पर ले जाया गया।

18 महीने पुराने इस क्लब ने लोगों को भोजन की बर्बादी के बारे में जागरूक करने के लिए एक मैराथन भी आयोजित की। 2,5 और 10 किलोमीटर की दौड़ में विभिन्न उम्र के लगभग 1,150 लोगों ने भाग लिया। डीजी एस राघवन ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम को रवाना किया। ■

रोटरी न्यूज़ की सदस्यता लें

1. रोटरी वर्ष (जुलाई से जून) के लिए सदस्यता।
2. प्रत्येक रोटेरियन के लिए रोटरी पत्रिका की सदस्यता लेना अनिवार्य है।
3. प्रिंट संस्करण के लिए वार्षिक सदस्यता ₹480 और ई-संस्करण के लिए ₹420 प्रति सदस्य है।
4. पूरे वर्ष के लिए सदस्यता निर्धारित प्रपत्र में जुलाई में भेजी जानी चाहिए।
5. जुलाई के बाद शामिल होने वाले लोग शेष रोटरी वर्ष के लिए प्रिंट संस्करण के लिए ₹40 प्रति अंक और ई-संस्करण के लिए ₹35 का भुगतान कर सकते है।
6. *रोटरी न्यूज़* के साथ क्लब का सदस्यता खाता निरंतर चलता रहता है और यह हर साल जून के अंत में समाप्त नहीं होता।
7. *पिन कोड, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी* सहित उनके पूर्ण डाक पते के साथ सभी सदस्यों के नाम, फॉर्म और सममूल्य पर देय डीडी/चेक के साथ भेजे जाने चाहिए। GPAY या नेटबैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांसफर किया जा सकता है। जब आप ऑनलाइन भुगतान करें तो हमारे साथ तुरंत ही व्हाट्सएप (9840078074) या ईमेल (rotarynews@rosaonline.org) द्वारा UTR नंबर के साथ आपके क्लब का नाम और भुगतान की गई राशि साझा करें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो आपका भुगतान हमारे रिकॉर्ड में अपडेट नहीं हो पाएगा और आपका क्लब बकाया दिखाएगा।
8. सदस्य के नाम के साथ भाषा वरीयता *(अंग्रेजी, हिंदी या तमिल)* का उल्लेख किया जाना चाहिए।
9. नियमित रूप से पत्रिका प्राप्त करने के लिए हर साल सीधे तौर पर *रोटरी न्यूज़* के साथ अपने सदस्यों का सही पता और संपर्क विवरण अपडेट करें। *रो ई हमारे साथ सदस्यता विवरण साझा नहीं करता है।*

10. सदस्यों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनके नाम उनके क्लब द्वारा भेजी जाने वाली ग्राहक सूची में शामिल हो। यदि आपने भुगतान किया है लेकिन आपका नाम आपके क्लब द्वारा हमें नहीं भेजा गया है तो आपको पत्रिका की प्रति प्राप्त नहीं होगी।
11. क्लबों को हमें सदस्यता की स्थिति में हुए किसी भी संशोधन के बारे में **तुरंत** अपडेट करना चाहिए ताकि हम नए सदस्यों को पत्रिका पहुँचा सकें।
12. यदि आपको अपनी मुद्रित प्रति प्राप्त नहीं हुई है जिसकी आपने सदस्यता ली थी, तो अपने क्लब के अध्यक्ष से जांचें करें की क्या आपके क्लब ने ई-संस्करण का विकल्प चुना है।
13. रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के पास मौजूद सूची के अनुसार हम जितनी संख्या में पत्रिकाएं भेजते है उनके भुगतान के लिए क्लब उत्तरदायी है।
14. क्लब के अदत्त बकाये को क्लब के बकाया के रूप में दिखाया जाएगा। बाद में प्राप्त किसी भी भुगतान को पहले के बकाए के साथ समायोजित किया जाएगा।
15. सदस्यता बकाया वाले क्लबों की जानकारी रो ई के साथ साझा की जाएगी जो उनके निलंबन का कारण बन सकता है।
16. हम नियमित रूप से क्लबों द्वारा भेजी जाने वाली हमारे ग्राहकों की सूची को रो ई के डेटा के साथ सत्यापित करते है ताकि छूटे हुए ग्राहकों का पता लगाया जा सके
17. यदि किसी सदस्य को एक महीने से पत्रिका प्राप्त नहीं हुई है तो हमें तुरंत सूचित करें ताकि हम इस समस्या को हल कर सकें। पत्रिकाओं को रियायती बुक-पोस्ट के माध्यम से भेजा जाता है; इसलिए डाक की ट्रैकिंग संभव नहीं है। यदि आपके क्लब ने हमें आपकी सदस्यता के बारे में जानकारी नहीं दी है तो हो सकता है कि आपको आपकी प्रति प्राप्त ना हो। इसलिए ग्राहकों की सूची में अपने नामांकन का पता लगाने के लिए अपने अध्यक्ष या RNT से संपर्क करें।
18. कुछ क्षेत्रों में डिलीवरी की समस्या हो सकती है। ऐसी स्थिति में क्लब थोक में प्रतियां प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते है। अतिरिक्त शुल्क लागू होगा।

अनुपालन नहीं करने वाले क्लबों को रो ई द्वारा निष्कासित किया जाएगा

1 जुलाई, 2022 से रो ई बोर्ड ने अपनी *रोटरी कोड ऑफ पॉलिसीज़* में ऐसे रोटरी क्लबों को निष्कासित करने का प्रावधान शामिल किया है जो रोटरी पत्रिका की सदस्यता नहीं लेते हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर को सूचित करने के बाद इसका अनुपालन न करने वाले क्लबों से संबंधित एक त्रैमासिक रिपोर्ट हमारे कार्यालय द्वारा रो ई को भेजी जा रही है। इन क्लबों को **90 दिन की छूट दी जाती है** उसके बाद भी क्लब इसका अनुपालन नहीं करेंगे तो उन्हें रो ई द्वारा निलंबित कर दिया जाएगा।

180 दिनों तक निलंबित रहने और अनुपालन न करने वाले क्लबों को रो ई को सूचित करने के बाद RNT एक स्मरण पत्र भेजता है जिसमें यह लिखा होता है कि ''बोर्ड अपने विवेक पर इस क्लब को निष्कासित कर सकता है।''

क्लब अध्यक्ष कृपया अपने सदस्यों से *रोटरी न्यूज़* की सदस्यता लेने का आग्रह करें और भारत की रोटरी गतिविधियों की सम्पूर्ण तस्वीर देखें। **रो ई आपके PETS/GETS पाठ्यक्रम में अनिवार्य सदस्यता लेने के बारे में जानकारी शामिल करने की सिफारिश करता है।■**

Rotary PEOPLE OF ACTION

मैसूरु में आंगनवाड़ियों का सौंदर्यीकरण

जयश्री

पिछले चार दशकों से जर्जर आंगनबाड़ियों का नवीनीकरण रोटरी क्लब मैसूर साउथ ईस्ट, रो ई मंडल 3181 की प्रमुख फोकस परियोजनाओं में से एक रहा है। हाल ही में, क्लब के सदस्यों के प्रयासों की बदौलत, पड़ोसी अशोकपुरम और विद्यारण्यपुरम गांवों में सरकार द्वारा संचालित क्रेच को एक नया रूप दिया गया है। ''इनमें से अधिकांश आंगनवाड़ियों का रख-रखाव ख़राब है और उनकी हालत ख़राब है - दरवाज़े और खिड़कियाँ चरमराती और टूटी हुई हैं, पेंट पूरी तरह से अस्तित्वहीन है और इमारतें आम तौर पर उदास दिखती हैं। क्लब की शुरुआत से ही, हमारे सदस्यों ने इन जर्जर



इमारतों को गर्मजोशी से भरे स्वागत योग्य घरों में बदलने का फैसला किया।'' 1983 में चार्टर्ड इस क्लब के अध्यक्ष के एन मुरलीधरा कहते हैं, ''यह कम से कम हम उन छोटे बच्चों के लिए कर सकते हैं जो यहां घंटों बिताते हैं जब उनके माता-पिता, ज्यादातर निर्माण या स्वच्छता कार्यकर्ता, काम पर बाहर होते हैं।'' सदस्य क्लब द्वारा किए जा रहे सभी सेवा परियोजनाओं में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

दोनों आंगनबाड़ियों की दीवारों पर युवा दिमागों को आकर्षित करने और संलग्न करने के लिए विभिन्न इन्फोग्राफिक्स हैं। अंग्रेजी और मूल भाषा कन्नड़ में अक्षर, अंक, फलों, सब्जियों और जानवरों की छवियां बच्चों का ध्यान आकर्षित करती हैं, जिन्हें संस्थानों का प्रबंधन करने वाले दो कार्यवाहकों द्वारा तुकबंदी और अच्छी आदतें भी सिखाई जाती हैं। क्लब ने सुविधाओं को रंगीन कुर्सियों, खिलौनों और गद्दों से सुसज्जित किया। ''इनमें से प्रत्येक आंगनवाड़ी में 25 बच्चे हैं और वे आम तौर पर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक यहां रहते हैं। उन्हें पौष्टिक भोजन और फल उपलब्ध कराये जाते हैं। हम इन सुविधाओं के लिए किराने का सामान और फल प्रायोजित करके अपने विशेष अवसरों का जश्न मनाते हैं, वह

यह कम से कम हम उन छोटे बच्चों के लिए कर सकते हैं जो यहां घंटों बिताते हैं जब उनके माता-पिता, ज्यादातर निर्माण या स्वच्छता कार्यकर्ता, काम पर बाहर होते हैं।

के एन मुरलीधरा

अध्यक्ष, रोटरी क्लब मैसूरु साऊथ ईस्ट

कदमानुगनहल्ली गांव के सरकारी स्कूल में नवनिर्मित डाइनिंग हॉल में रोटरी क्लब मैसूर साउथ ईस्ट के अध्यक्ष के एन मुरलीधरा (दाएं) और क्लब के सदस्यों के साथ डीजी एच आर केशव (दाएं से दूसरे)।

कहते हैं।'' क्लब एक आंगनवाड़ी के नवीनीकरण पर लगभग ₹1 लाख खर्च करता है।

क्लब ने मैसूरु जिले के हुनसूर तालुक के एक आदिवासी गांव कदमानुगनहल्ली के सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में 200 छात्रों की बैठने की क्षमता वाला एक डाइनिंग हॉल का निर्माण किया है। बच्चे पास के नागरहोल वन क्षेत्र से आते हैं और यह आसपास का एकमात्र स्कूल है। अध्यक्ष कहते हैं, ''पहले छात्र अपना मध्याह्न भोजन खुले मैदान में करते थे, जहां धूप या बारिश से कोई सुरक्षा नहीं होती थी। डीजी एचआर केशव ने स्कूल में इस सुविधा का उद्घाटन किया।''

महिलाओं को सिलाई मशीन देने के बाद डीजी केशव, क्लब अध्यक्ष मुरलीधरा और रोटेरियन।

क्लब ने भैलवान बसवैया स्कूल को गोद लिया है जो सालाना 90 बच्चों को शिक्षा देता है। ''हमने स्कूल के बुनियादी ढांचे को उन्नत किया है और हर साल बच्चों को वर्दी, स्कूल बैग, स्टेशनरी प्रदान करते हैं।''

वंचित परिवारों की 17 महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। उनके लिए सिलाई की कक्षाएं संचालित की गईं। वे कहते हैं, ''जब ये महिलाएं अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आश्वस्त हो जाएंगी तो हम मशीनों को मोटर चालित मशीनों में अपग्रेड करेंगे और यहां तक कि उन्हें कढ़ाई और अन्य कार्यों के लिए परिष्कृत मशीनें भी प्रदान करेंगे।''

क्लब मैसूरु के सिग्मा अस्पताल में दो आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों के डायलिसिस उपचार का समर्थन कर रहा है। मुरलीधरा कहते हैं, यह लगभग आठ वर्षों से चल रही परियोजना है। जल संसाधनों को पुनर्जीवित करना क्लब की एक और महत्वपूर्ण परियोजना है। क्लब के प्रयासों से मैसूर और मांड्या के आसपास के कई जल निकायों का कायाकल्प किया गया है।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

ग्रामीणों के लिए रोटरी आईकेयर

टीम रोटरी न्यूज़

रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन, डीजी रितु ग्रोवर, डीजीएन सुशील मल्होत्रा और पीडीजी दर्शन गांधी के साथ मोबाइल नेत्र क्लिनिक का उद्घाटन करते हुए।

चार्टर्डन 19 फरवरी, 1974, रोटरी क्लब नीमच, रो ई मंडल 3040 (मध्य प्रदेश) ने अपनी स्वर्ण जयंती मनाई, जहां रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन ने *प्रोजेक्ट आपका चश्मा आपके द्वार के* हिस्से के रूप में, एक स्थानीय नेत्र देखभाल अस्पताल, नेत्रालय को एक नेत्र विज्ञान मोबाइल क्लिनिक समर्पित किया। रोटरी क्लब मेम्फिस, रो ई मंडल 6800 के साथ भागीदारी और ₹41 लाख की लागत वाली यह वैश्विक अनुदान पहल, मध्य प्रदेश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र जांच शिविर आयोजित करेगी और मुफ्त में चश्मा प्रदान करेगी।

पिछले पांच दशकों में, क्लब ने सामुदायिक केंद्र, उपकरण बैंक, गरीबों के लिए भोजन केंद्र और सार्वजनिक विश्राम गृह की स्थापना सहित कई सेवाएं शुरू की हैं। क्लब के सदस्य पीडीजी दर्शन गांधी कहते हैं, विकलांगों के लिए गतिशीलता सहायता प्रदान करने और सुधारात्मक सर्जरी को प्रायोजित करने के अलावा, हमारा क्लब जागरूकता शिविरों के माध्यम से नेत्र और अंगदान को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। ■

रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से

क्लब सदस्यों की ओर से दान दें



विस्तृत चरण-दर-चरण ऑनलाइन प्रक्रिया – *https://www.highroadsolution.com/file_uploade 2/files/giveonlineonbehalfofclubmembers.pdf*

अन्य उपलब्ध योगदान चैनल – *https://www.high-roadsolution.com/file_uploader 2/files/rficontributionchannels.pdf*

नामांकित बंदोबस्ती निधि को ऑनलाइन देने पर नवीनतम अद्यतन

रोटरी के ऑनलाइन देने के विकल्पों में सुधार और बदलाव किए गए हैं। अब, दानकर्ता किसी स्थापित नामांकित बंदोबस्ती निधि को ऑनलाइन उपहार दे सकते हैं। दान करने के लिए यहां एक मार्गदर्शिका दी गई है:

My Rotary – Donate पेज पर लॉग इन करने के बाद, दानकर्ता एक सक्रिय ट्रैक्ड गिफ्ट आईडी दर्ज कर सकता है और फिर खोज दबा सकता है। यदि उपहार उस दाता के लिए खुला है, तो वह दिखाई देगा, और वे अपने दान के साथ आगे बढ़ सकते हैं। यदि उपहार नहीं मिला है या यह एक सीमित उपहार है जिसे वे नहीं दे सकते हैं, तो उन्हें एक संदेश प्राप्त होगा जिसमें उन्हें दूसरा उपहार चुनने के लिए कहा जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, देखें: *http://www.highroadsolution.com/file_uploader2/files/named_funds_onlinegiving_flowchart.pdf*.■

Rotary PEOPLE OF ACTION

एक नई पहल के साथ गणतंत्र दिवस समारोह

रशीदा भगत

इस साल रोटरी क्लब औरंगाबाद, रो ई मंडल 3132 ने एसबीओए (स्टेट बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन) स्कूल के इंटरेक्ट क्लब के सहयोग से एक विभिन्न पहल के साथ गणतंत्र दिवस मनाने का फैसला किया। युवाओं को महाराष्ट्र की सबसे ऊंची चोटी, कलसुबाई चोटी जो पश्चिमी घाट में 5,400 फीट (1646 मीटर) ऊंचाई पर स्थित है, को फतह करने के लिए प्रेरित करके। रोटरी क्लब सोलापुर नॉर्थ की एक सदस्य और रो ई एवं रोटरी न्यूज की मंडल अध्यक्ष पूनम देवदास ने कहा, ''हमने शारीरिक गतिविधि और फिटनेस के महत्व पर युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने और उनके मस्क्रीन टाइमम को कम करते हुए प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की।''

औरंगाबाद के इस सबसे पुराने रोटरी क्लब (71 साल पहले शुरू हुआ) की पहली महिला अध्यक्ष सरिता लोणीकर ने यह विचार प्रस्तुत किया था। मैं चाहती थी कि हमारे युवाओं को इस गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने का एक अलग प्रकार का अनुभव हो, वह मुस्कुराते हुए कहती हैं।

एसबीओए पब्लिक स्कूल जो 3,500 विद्यार्थियों के साथ एक बड़ा स्कूल है, की एक स्टाफ सदस्य सरिता खुद एक शौकीन ट्रेकर है। स्कूल में एक इंटरेक्ट क्लब शुरू करने का विचार उनका ही था, जो उनके रोटरी क्लब द्वारा प्रायोजित था। इसमें लगभग 60 सदस्य हैं।

50 युवाओं के साथ, जिनमें से 25 स्कूल के इंटरेक्ट क्लब से और अन्य 25 औरंगाबाद के अन्य स्कूलों से थे, इस अभियान का नेतृत्व खुद अध्यक्ष और एसबीओए स्कूल के एसोसिएट सचिव प्रताप हंदराले ने किया था।

अभियान के दिन सभी उत्साही ट्रेकर लगभग सुबह 4.30 बजे औरंगाबाद से रवाना हुए, नासिक के लिए एक निजी बस ली जो लगभग 180 किमी दूर है और फिर इगतपुरी के पास स्थित एक गांव पहुंचे जो कलसुबाई चोटी पर ट्रेकिंग के लिए बेस कैंप है। सुरक्षा उपायों और ट्रेकिंग दिशानिर्देशों पर एक संक्षिप्त सत्र के बाद दो अनुभवी ट्रेकरों के मार्गदर्शन में चढ़ाई शुरू हुई। उस क्षण सरिता स्वीकार करती हैं कि औरंगाबाद और उसके आसपास हनुमान टेकरी, साईं टेकरी और अन्य छोटी जगहों पर जाने के बाद उन्होंने अभी तक किसी भी बड़ी चोटी पर चढ़ाई नहीं की। लेकिन मेरी

महाराष्ट्र के कलसुबाई पीक पर एसबीओए स्कूल के इंटरेक्ट कल्ब के सदस्य।

ट्रेक पुरा करने पर प्रतिभागियों को मिला एक प्रमाण पत्र।

महत्वाकांक्षा माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने की है, वह कहती हैं।

युवाओं के लिए यह मजेदार गतिविधियों से भरा एक दिन था। चोटी की चढ़ाई के रास्ते में यह समूह इस खूबसूरत क्षेत्र के हरे-भरे परिवेश में पिकनिक लंच के लिए रुका। साढ़े तीन घंटे के बाद लगभग दोपहर 2 बजे वे शिखर पर पहुंचे जहाँ पर लुभावने मनोरम दृश्यों ने उनका स्वागत किया। यहाँ उन्होंने भारत के गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए पूरे उत्साह से सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रीय गान गाया। इसके बाद, उन्होंने

हमने शारीरिक गतिविधि और फिटनेस के महत्व पर युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने और उनके मस्क्रीन टाइमम को कम करते हुए प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की।

पूनम देवदास
सदस्य, रोटरी क्लब सोलापुर नार्थ

संगठन की सार्वजनिक छवि को बढ़ावा देने के लिए रोटरी और इंटरेक्ट झंडे एवं बैनर लगाए। हमने यहाँ दो घंटे बिताए, तस्वीरें लीं, सेल्फी ली और एक मजेदार समय बिताया, सरिता आगे कहती हैं।

वह गर्व से कहती हैं कि इस ट्रेकिंग ग्रुप में ज्यादा से ज्यादा लड़कियों को लेने को प्राथमिकता दी गई। इसके लिए एनसीसी गर्ल्स ग्रुप का पता लगाया गया। वह समझाती है कि एसबीओए स्कूल में प्रवेश के दौरान भी लड़कियों को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारी लड़कियों को अच्छी शिक्षा मिले और

सरिता लोणीकर, अध्यक्ष,
रोटरी कल्ब औरंगाबाद।

वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। मैं बहुत खुश हूँ कि हमारे समूह में 60 प्रतिशत से अधिक ट्रेकर्स लड़कियां थीं।''

वह लगभग 10 साल पहले रोटरी में शामिल हुईं और क्लब का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनकर खुश हैं; उनका ध्यान सदस्यता पर है और वे पहले ही क्लब में 25 नए सदस्य जोड़ चुकी है जिससे कुल संख्या 71 हो गई है और उनका उद्देश्य क्लब की सदस्यता को 100 तक ले जाना है।

ट्रेक के पूरा होने पर सभी प्रतिभागियों को उनकी उपलब्धि और शारीरिक फिटनेस एवं मातृ प्रकृति के संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एक अन्य उद्देश्य युवाओं को यह समझाना था कि फोन और कंप्यूटर पर स्क्रीन समय बिताने से दूर होकर शारीरिक गतिविधि के माध्यम से भी मजा किया जा सकता है। सरिता ने आगे बताया कि इस ट्रेक पर प्रत्येक व्यक्ति को ले जाने का खर्च लगभग ₹4,000 था। ■

सुदूर गांवों की सेवा के लिए एक डायलिसिस केंद्र

टीम रोटरी न्यूज़

तमिलनाडु के इरोड जिले के सत्यमंगलम में रितेश अस्पताल में रोटरी क्लब सथी, रो ई मंडल 3203 द्वारा तीन बिस्तरों वाला डायलिसिस केंद्र स्थापित किया गया है। ₹45 लाख की सुविधा रोटरी क्लब गार्की-अबुजा, रो ई मंडल 9125, नाइजीरिया और टीआरएफ के वैश्विक अनुदान समर्थन से स्थापित की गई थी। इसका उद्घाटन बन्नारी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन एस वी बालासुब्रमण्यम ने किया। परियोजना के अध्यक्ष मनिकम गुणसेकरन ने कहा, इस उद्देश्य से प्रभावित होकर, उन्होंने समुदाय के लिए सेवा परियोजनाएं करने के लिए ''हमारे क्लब को हर साल ₹5 लाख का योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई है।'' यह केंद्र आसपास के गांवों के लोगों के लिए वरदान साबित होगा,

एस वी बालासुब्रमण्यम, चेयरमैन, बन्नारी ग्रुप ऑफ कंपनीज, डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन करते हुए। पीडीजी के शनमुगसुंदरम पिछली पंक्ति में बाईं ओर से तीसरे स्थान पर दिखाई दे रहे है।

जिन्हें इलाज के लिए 60 किमी दूर जाना पड़ता था। उद्घाटन समारोह में पीडीजी बी एलंगकुमारन, के शनमुगसुंदरम, ए कार्तिकेयन और डीजीएनडी के बोपति ने भाग लिया। सरकारी योजनाओं के अंतर्गत आने वाले मरीजों को डायलिसिस मुफ्त प्रदान की जाएगी और अन्य मरीजों से नाममात्र शुल्क लिया जाएगा। ■

ADVT.

our commitment to diversity, equity, and inclusion

Rotary

The DEI Advisory Council is guiding Rotary on its journey to be a more diverse, equitable, and inclusive organization.

And as fellow Rotary members from clubs all around the world, we're here to help you on your journey too.

CONTACT THE COUNCIL TO:

1. Get support for making your club more welcoming and inclusive for all members
2. Invite a council member to speak at a club or district event
3. Learn about DEI strategies your club can adopt

Email dei@rotary.org today to get started!

मंगल, विविधता और STEM के बारे में सब कुछ

किरण ज़ेहरा

किरण ज़ेहरा

स्वाति मोहन, नासा मंगल 2020 मिशन पर मार्गदर्शन और नियंत्रण संचालन प्रमुख, रोटरी क्लब मद्रास ईस्ट के सदस्यों को संबोधित करती हुई। चित्र में (बाएं से): अमेरिकी दूतावास के कांसुलर सेक्शन के प्रमुख एलेक्स एवे-लेलेमेंट, आरसीएमई के अध्यक्ष बाबू कृष्णमूर्ति और सचिव रेवती संजीव।

स्वाति मोहन, एक भारतीय-अमेरिकी एयरोस्पेस इंजीनियर जो नासा मार्स 2020 मिशन में मार्गदर्शन और संचालन प्रमुख थीं, ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रोटरी क्लब मद्रास ईस्ट, रो ई मंडल 3232 और यूएस कान्सलिट जनरल, चेन्नई द्वारा आयोजित किए गए एक संवादात्मक कार्यक्रम में अंतरिक्ष विज्ञान पर अपने परिज्ञान और लड़कियों के लिए STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए एक कमरे में रोटेरियनों को इस लाल ग्रह पर पहुँचाया। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास में कांसुलर सेक्शन के प्रमुख एलेक्स एवे-लल्लेमेंट भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

दर्शकों में बैठे रोटेरियन तब खुशी से झूम उठे जब स्वाति ने कहा कि वह अपने हाई स्कूल में एक इंटरेक्टर थी जहाँ ''मैंने पहली बार सामुदायिक सेवा और वापस लौटाने के बारे में सीखा। शुरुआत में मैंने सोचा था कि यह मेरे कॉलेज के आवेदन को बढ़ावा देगा लेकिन जैसे-जैसे मैं और अधिक शामिल होती गई यह एक यादगार अनुभव बनने लगा जिसने दुनिया को देखने के मेरे दृष्टिकोण को आकार दिया।''

उनका इंटरेक्ट क्लब जिन गतिविधियों में शामिल था उनमें से एक स्थानीय प्राथमिक विद्यालयों में गणित के लिए लड़कियों को पढ़ाना शामिल था। ''इस अनुभव से उन्होंने महसूस किया कि इन लड़कियों को गणित मुश्किल लगता था इसलिए नहीं कि उनके पास ज्ञान की कमी थी बल्कि सिर्फ इसलिए कि उनमें आत्मविश्वास की कमी थी। अगर हम उन्हें STEM क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं तो हमें जल्दी शुरू करने की आवश्यकता है।''

उन्होंने कहा, STEM क्षेत्रों में कुशल व्यक्तियों की मांग बढ़ रही है ''क्योंकि दुनिया डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर अधिक निर्भर है। इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए कई संगठन आज के युवाओं के मध्य STEM शिक्षा में रुचि को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी लड़कियां पीछे नहीं रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान में अपना करियर शुरू किया था तो इस क्षेत्र में बहुत कम महिलाएं थीं। भारत में उनके स्पीकिंग टूर का एक कारण यह था कि वह ''वापस लौटाना चाहती थी। फरवरी 2021 में पर्सिवियरेंस रोवर की लैंडिंग में मिशन कमेंटेटर के रूप में उनकी भूमिका ने मुझे एक मंच दिया। मैं भाग्यशाली थी एक कमेंटेटर के रूप में मेरा चयन किया गया। महामारी ने मेरे चेहरे को ढंकने वाले मास्क की वजह से इसे चुनौतीपूर्ण बना दिया। हालांकि मेरे माथे की बिंदी से मुझे एक भारतीय महिला के रूप में पहचाना गया और इसने विश्व स्तर पर विशेष रूप से भारतीय समुदाय के भीतर समर्थन और असंतोष दोनों को जन्म दिया। अप्रवासियों, अश्वेत महिलाओं और अल्पसंख्यकों को ऐसे रोल मॉडल देखने चाहिए जो बाधाओं को तोड़ते हैं, खासकर उन क्षेत्रों में जिनमें विविध प्रतिनिधित्व की कमी है। मेरा उद्देश्य युवा लड़कियों को प्रेरित करना है ताकि वे भी इन क्षेत्रों में सफल हो सकें।''

अपने स्नातकोत्तर अध्ययन के दौरान अपनी नासा फैलोशिप, जिसने न केवल वित्तीय सहायता

प्रदान की बल्कि समुदाय और सहकर्मी समर्थन की एक मजबूत भावना भी प्रदान की, पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, ''साथियों और मार्गदर्शकों का तंत्र शिक्षा के क्षेत्र और करियर पथों की जटिलताओं में मार्गदर्शन करके मदद कर सकता है, विशेष रूप से एयरोस्पेस जैसे पुरुष-वर्चस्व वाले क्षेत्रों में।''

स्वाति उस समय गर्भवती थी जब उन्हें मंगल मिशन का हिस्सा बनने का कार्यभार सौंपा गया था। असुरक्षा की भावना के साथ वह यह सोच रही थी कि क्या वह इस मिशन पर रहेंगी या उन्हें स्थानांतरित कर दिया जाएगा। ''सौभाग्य से मेरी बॉस एक महिला थी जिन्होंने मुझसे अपनी मातृत्व यात्रा साझा की। कठिन समय में साथियों का समर्थन प्रेरणा और आत्मविश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है,'' उन्होंने कहा।

अंतरिक्ष अन्वेषण के भविष्य पर एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, ''अंतरिक्ष अन्वेषण विश्व शांति को बढ़ावा देने का वादा करता है। चूंकि राष्ट्र अंतरिक्ष मिशनों पर सहयोग करते हैं जिससे राजनयिक संबंध पोषित होते हैं और उनमें एकता की भावना विकसित होती हैं।''

स्कूली बच्चों के साथ स्वाति।

इससे पहले सुबह स्वाति ने 200 स्कूली छात्रों के साथ अपने मंगल मिशन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने पर्सिवियरेंस रोवर की लैंडिंग में जेज़ेरो क्रेटर के चुनाव के बारे में उनसे बात की और सात मिनट के आतंक (नासा इंजीनियरों द्वारा मंगल मिशन के प्रवेश, अवतरण और लैंडिंग (ईडीएल) चरण का वर्णन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द) पर प्रकाश डाला। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

महाराष्ट्र के एक गाँव में रूई थैला बनाने की इकाई

टीम रोटरी न्यूज़

महिलाएं अपने द्वारा सिले गए सूती बैग प्रदर्शित करती हुईं।

रोटरी क्लब वाल्हेकरवाड़ी, रो ई मंडल 3131 ने एक गैर सरकारी संगठन जिजाऊ सोशल फाउंडेशन के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पुणे के पास वाल्हेकरवाड़ी में जिजाऊ महिला रूई थैला गृह उद्योग नामक एक कॉटन बैग सिलाई इकाई स्थापित करने में मदद की है। पिछले साल क्लब ने वॉल्व वर्क्स इंडिया के साथ संयुक्त रूप से लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूक करने के लिए एक लाख रूई थैला वितरित किए थे और उन्हें पॉलिथीन बैग को ऐसे पर्यावरण-अनुकूल बैग से बदलने के लिए प्रोत्साहित किया था।

शुरुआत में इन बैगों की सिलाई और मार्केटिंग के लिए 20 महिलाओं की पहचान की गई है। वे सिलाई को एक व्यवसाय के रूप में अपना रहे हैं, लेकिन कपास की थैलियों में उद्यम करने के लिए खरीद और विपणन कौशल का अभाव है। उन्हें कच्चा माल कहां से प्राप्त करना है, विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध है, लक्षित बाजारों की पहचान करना और अंतिम उत्पाद को बाजार तक पहुंचाना है, इस बारे में शिक्षित करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं। प्रारंभ में महिलाओं ने क्लब द्वारा प्रदान की गई सामग्री से फलों और सब्जियों को स्टोर करने के लिए फ्रिज बैग सहित विभिन्न बैगों की सिलाई की। क्लब के सदस्य गणेश बोरा ने कहा, आगे बढ़ते हुए, हम उन्हें और अधिक महिलाओं को काटने और छपाई करने वाली मशीनों जैसी परिष्कृत मशीनों के साथ समर्थन देंगे।■

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी क्लब जम्मू स्टार्स ऑटिज़्म क्लिनिक की मदद करता हैं

रशीदा भगत

जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल में ऑटिज़्म क्लिनिक में रोटरी क्लब जम्मू स्टार्स की अध्यक्ष पूजा मल्होत्रा (बाएं) और भारत में चिल्ड्रेन एनजीओ की राज्य कार्यक्रम समन्वयक विदुषी शर्मा।

जब बाल रोग विभाग ने हाल ही में एक गैर सरकारी संगठन चिल्ड्रन इन इंडिया के साथ साझेदारी में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करने के लिए जम्मू के सरकारी एसएमजीएस अस्पताल में एक ऑटिज्म क्लिनिक शुरू किया तो रोटरी क्लब जम्मू स्टार्स, रो ई मंडल 3070, ने खुशी से कुछ रंगीन एवं आधुनिक खेल उपकरण पेश किए जो इन बच्चों के प्रशिक्षण और चिकित्सा के लिए आवश्यक थे।

यह गैर सरकारी संगठन विभिन्न क्षेत्रों में शारीरिक और मानसिक चुनौतियों वाले बच्चों के कल्याण और विकास के लिए काम करता है। इस संगठन की राज्य कार्यक्रम समन्वयक, विदुषी शर्मा कहती है कि भारत के कई हिस्सों की तरह ही जम्मू और कश्मीर में भी सामान्य बच्चों वाले स्कूल ऑटिस्टिक या सीखने एवं अन्य शारीरिक अक्षमताओं वाले बच्चों को प्रवेश देने से बचते हैं। ''हमारा एक निजी परिवर्तनकारी संगठन है जो उन बच्चों के लिए काम करता है जिनमें जन्मजात विकार है या जिनका विकास धीमा है। हमारा मुख्य उद्देश्य इन बच्चों को मसामान्यफ स्कूलों की मुख्यधारा में लाना है।''

यह पूछे जाने पर कि जम्मू-कश्मीर के स्कूल विशेष बच्चों को लेने में कितने ग्रहणशील हैं वह अपना सिर हिलाते हुए कहती हैं, ''वे ऐसे बच्चों को प्रवेश देने के इच्छुक नहीं हैं। लेकिन हम एक ऐसे परिदृश्य की दिशा में काम कर रहे हैं जहाँ राज्य में मुख्यधारा शिक्षा का माहौल बहुत अधिक समावेशी होगा और जहाँ हर बच्चे को स्कूल जाने और योग्यता एवं ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।''

ऐसे बच्चों के लिए विशेष स्कूल मौजूद हैं, ''लेकिन हम ऑटिस्टिक और सीखने की समस्याओं वाले अन्य बच्चों के लिए विशेष स्कूलों की सिफारिश नहीं करते क्योंकि ऐसे बच्चों का सर्वोत्तम हित सामान्य स्कूलों में जाने में है जो समावेशी होते हैं।''

इसीलिए, चिल्ड्रन इन इंडिया ने अस्पताल में इस तरह के क्लिनिक खोलने का फैसला किया। यह पूछे जाने पर कि इस तरह की परियोजना के लिए एक अस्पताल का चयन क्यों किया गया, विदुशा त्वरित रूप से उत्तर देती हैं, ''अरे नहीं, ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं है बल्कि इससे बहुत बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है और बच्चे को प्रारंभिक हस्तक्षेप के माध्यम से बड़ी सरलता के साथ पूरी तरह से मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ा जा सकता है।''

क्लब की अध्यक्ष पूजा मल्होत्रा ने कहा कि रोटेरियन तब बहुत उत्साहित हो गए जब उन्हें बताया गया कि पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य में ऐसा कोई ऑटिज्म क्लिनिक मौजूद नहीं है और उन्होंने स्वेच्छा से ₹35,000 से अधिक की लागत वाले खेल उपकरण दान किए। ''हम रोटेरियन सकारात्मक बदलाव लाने में सामुदायिक सहयोग के महत्व को जानते हैं और इससे बेहतर कोई और परियोजना हमें बच्चों के लिए ऐसा करने का अवसर नहीं दे सकती। हमारे क्लब के सदस्यों को इस क्लिनिक का समर्थन करने पर गर्व था और उन्होंने किसी भी क्षेत्र में समावेशिता और कल्याण को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करने की प्रतिबद्धता की।''

विदुशा आगे कहती हैं कि अभी उन्होंने केवल इस खेल उपकरण के लिए रोटेरियनों से संपर्क किया है। ''इस समय हमारी सेवाओं में प्रारंभिक हस्तक्षेप कार्यक्रम, व्यवहार चिकित्सा, भाषण और भाषा चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा और परामर्श

शामिल हैं। क्लीनिक के व्यापक दृष्टिकोण का उद्देश्य ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को फलने-फूलने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करना है।''

विदुशा कहती हैं कि मुख्य समस्या इसका शीघ्र पता लगाने और त्वरित हस्तक्षेप में है। लेकिन देश के बाकी हिस्सों की तरह ही जम्मू-कश्मीर में भी माता-पिता अस्वीकरण अंदाज़ में रहते हुए यह स्वीकार करने से इनकार करते हैं कि बच्चों के सामयिक विकास में देरी उनमें कुछ कमी या भिन्नता का संकेत है। ''अगर किसी बच्चे को बोलने में देरी का कोई उदाहरण है, तो यह ऑटिज़्म के खतरे का संकेत है। व्यवहार संबंधी मुद्दों के साथ भी यही सच है जैसे कि कोई बच्चा उचित रूप से नेत्र संपर्क नहीं बना रहा है, अन्य बच्चों के साथ नहीं खेल रहा है आदि। लेकिन अधिकतर मामलों में माता-पिता मदद नहीं लेते और यह कहते हैं कि नहीं, नहीं, मेरा बच्चा पूरी तरह से ठीक है। वे ऐसे बच्चों को सामने लाने में हिचकिचाते हैं क्योंकि उन्हें डर लगता है कि दूसरे लोग क्या कहेंगे... दुर्भाग्य से इससे संबंधित कुछ रूढ़ियां हैं जैसे कोई कहता है कि बच्चा मानसिक रूप से बीमार है। इसलिए हमने ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए माता-पिता के समूह बनाए हैं।''

लेकिन अच्छी खबर यह है कि इस नए खुले क्लिनिक में पहले से ही 60 बच्चों को लाया जा चुका है। और अब उन्हें विशेष गतिविधियों में लिप्त रखा जाएगा; ''ऐसे बच्चों को संभालने के लिए हमें एक व्यावसायिक चिकित्सक, भाषण चिकित्सक और मनोवैज्ञानिक की आवश्यकता होती है। उपलब्ध होने के बावजूद भी वे सप्ताह में केवल एक या दो बार आते हैं। हमें बच्चों की उन्नत गतिविधियों के लिए अधिक खेल उपकरणों की भी आवश्यकता है ताकि उनकी ऊर्जा को सही दिशा दी जा सके; हम इन सब के लिए रोटरी का और समर्थन चाहते हैं,'' विदुशा आगे कहती हैं।

बच्चे अपने माता-पिता और क्लिनिक के कर्मचारियों के साथ।

नीचे: क्लिनिक में रोटरी क्लब जम्मू स्टार्स के सदस्यों के साथ पूजा और विदुषी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दारा सिंह बाएं से छठे स्थान पर दिखाई दे रहे हैं।

वह इस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दारा सिंह की आभारी हैं कि उन्होंने इस क्लिनिक को स्थापित करने में अपना पूरा सहयोग दिया और यह सुनिश्चित किया कि ऑटिज्म से पीड़ित सभी व्यक्तियों को उनकी जरूरत अनुसार विशेष देखभाल मिले।

चिल्ड्रन इन इंडिया ने पहले ही दो अन्य राज्यों - नागालैंड और उत्तराखंड - के साथ इसी तरह के ऑटिज़्म क्लीनिक शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया हैं। वह कहती हैं कि उनके सहयोगी संगठन कॉन्टैक्ट क्योर इंडिया, जो क्लब फुट से पीड़ित बच्चों के साथ काम करता है, में रोटरी सबसे बड़ा दानकर्ता है और इनर व्हील भी इसका समर्थन करता है। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

एक झलक

टीम रोटरी न्यूज़

क्लब ने ब्लड बैंक को फिर से भरने में मदद की

मेडिकल कॉलेज परिसर में रक्तदान करते दाता।

झालावाड़ मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक में गंभीर कमी के चलते रोटरी क्लब बृज नगर झालावाड़, रो ई मंडल 3056 ने एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जहाँ 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ■

एक सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन पहल

टीकाकरण के बाद रोटेरियनों के साथ विद्यार्थी।

रोटरी क्लब खारघर मिडटाउन, रो ई मंडल 3131 ने अपने सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान के अंतर्गत खारघर के मुर्बी गांव में एक जिला परिषद स्कूल में 9-14 वर्ष की आयु की 50 वंचित लड़कियों को टीका लगाया। यह पहल 15 वर्ष की आयु तक 90 प्रतिशत लड़कियों का टीकाकरण करने के विश्व स्वास्थ्य संगठन के लक्ष्य के अनुरूप है और सर्वाइकल कैंसर के अनुमानित 74 मिलियन नए मामलों को रोकने में योगदान देती है। ■

डायलिसिस उपकरण दान किए गए

परियोजना का उद्घाटन करते हुए डीजी टीआर विजयकुमार।

रोटरी क्लब कोचीन, रो ई मंडल 3201 ने जनरल अस्पताल, एर्नाकुलम को ₹23.61 लाख के डायलिसिस उपकरण दान करके इस वर्ष अपनी पहली सीएसआर अनुदान परियोजना का उद्घाटन किया। एक डायलिसिस मशीन, सोफे, मॉनिटर, और बहुत कुछ सहित यह दान सीवी जैकब फाउंडेशन के माध्यम से हर्बल आइसोलेट्स के योगदान के माध्यम से संभव किया गया। ■

वंचितों के लिए नेत्र सर्जरी

सर्जरी के बाद मरीजों के साथ क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब ताइपे, रो ई मंडल 3481, ताइवान के साथ एक वैश्विक अनुदान के तहत रोटरी क्लब अनकापल्ले, रो ई मंडल 3020 ने मोतियाबिंद सर्जरी के लिए विशाखापट्टनम के पास स्थित अनकापल्ले के रोटरी नेत्र अस्पताल में 36 रोगियों की जांच की। सात मरीजों का मोतियाबिंद के लिए इलाज किया गया और उन्हें बाद की देखभाल हेतु दवाएं दी गईं। ■

ग्रामीण छात्रों के लिए अंग्रेजी कोचिंग

जयश्री

रोटरी क्लब बैंगलोर येलहंका और रोटरी क्लब बैंगलोर वेस्ट, रो ई मंडल 3192, द्वारा संचालित रेमेडियल इंग्लिश कार्यक्रम की वजह से ग्रामीण कर्नाटक के लगभग 30,000 स्कूली छात्र आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजी में बातचीत कर सकते हैं और सरल वाक्यों को समझ सकते हैं। क्लबों ने रोटरी क्लब ऑस्टिन, रो ई मंडल 5870, से प्राप्त वैश्विक अनुदान की मदद से 2019-21 में परियोजना का पहला चरण शुरू किया। इसे 2021 में रोटरी क्लब क्यूपर्टिनो, रो ई मंडल 5170, के साथ साझेदारी में अगले चरण में जारी रखा गया।

''पहले वर्ष (2019-20) में भीषण कोविड महामारी के बावजूद, हम 12,651 बच्चों को प्रभावित करने में सक्षम रहे, जिसमें 208 स्कूलों को कवर किया गया था, और दूसरे वर्ष में हम 200 स्कूलों के 12,038 छात्र तक पहुँचे। मंदिर परिसर में, पेड़ के नीचे, पंचायत भवन परिसर में कक्षाएं लेते हुए हमने सबसे कठिन समय में लगभग 25,000 बच्चों को सफलतापूर्वक सम्मिलित किया,'' रोटरी क्लब बैंगलोर वेस्ट के सदस्य पीडीजी राजेंद्र राय कहते हैं। 50 सरकारी स्कूलों के 1,500 छात्रों तक पहुंचने के लिए रोटरी क्लब क्यूपर्टिनो के साथ एक अन्य वैश्विक अनुदान के माध्यम से परियोजना को जारी रखा गया था। यह पाठ्यक्रम हाल ही में पूरा हुआ और छात्रों ने फरवरी में बेंगलुरु की यात्रा के दौरान एक 'अंग्रेजी मेले' में ईवेंस्टन स्थित रो ई मुख्यालय से आई टीआरएफ समन्वयक गैब्रिएला क्लेन के सामने

बेंगलुरु के पास एक सरकारी स्कूल में अंग्रेजी की कक्षा में छात्र।

अपनी सीखी गई अंग्रेजी दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रत्येक पाठ्यक्रम के पूरा होने के बाद क्लबों द्वारा आयोजित 'अंग्रेजी मेले' में बच्चे जो कुछ भी सीखते है, उसका प्रदर्शन करते हैं। वे अंग्रेजी में बातचीत करते हैं और नाटक आयोजित किए जाते हैं।

परियोजना के कार्यान्वयन पर, राय ने कहा कि क्लबों की *प्रथम* के साथ एक साझेदारी है, एक गैर सरकारी संगठन जो भाग लेने वाले स्कूलों से एक या दो शिक्षकों की पहचान करके उन्हें अंग्रेजी सिखाने की नई पद्धति मटीचिंग एट द राइट लेवलफ में प्रशिक्षित करता है। बदले में ये शिक्षक एक महीने तक दिन में चार घंटे के लिए 30 छात्रों के बैच की कक्षा लेते है। वे कक्षा 5 और 6 के छात्रों के लिए बुनियादी अंग्रेजी, और कक्षा 6 और 7 के छात्रों के लिए उन्नत अंग्रेजी के कक्षाएं लेते हैं।

प्रतिभागियों में मजदूरों के बच्चे और रुई बत्ती, अगरबत्ती एवं टोकरियाँ बनाने वालों के बच्चे शामिल होते हैं। ''हम अधिक ग्रामीण बच्चों तक पहुंचना चाहते हैं। अंग्रेजी में आत्मविश्वास होने के कारण, वे वैज्ञानिक, इंजीनियर और डॉक्टर बनने के सपने देख पाएंगे। लैंगिक असमानता को भी संबोधित किया जाएगा, क्योंकि ग्रामीण स्कूलों में लड़कियों की संख्या लड़कों से अधिक है, जिससे उन्हें अधिक अवसरों और जीवन की बेहतर गुणवत्ता तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी,'' राय कहते है।

कोविड महामारी के दौरान एक पेड़ के नीचे आयोजित की गयी एक कक्षा।

कार्यक्रम की उत्पत्ति 2007-08 में हुई जब टेक्सास स्थित एक एनजीओ प्रगति के साथ दो रोटरी क्लबों ने वैश्विक अनुदान परियोजना एवं मिलान अनुदान के सहयोग से कर्नाटक के सरकारी स्कूलों में 10 से अधिक साक्षरता परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए हाथ मिलाया। पहली वैश्विक अनुदान परियोजना, *टीच इंडिया,* 2014 में शुरू की गई, जो कन्नड़ और गणित पढ़ाने पर केंद्रित थी, और इसके तहत लगभग 400 ग्रामीण स्कूलों में पुस्तकालय स्थापित किए गए। इसने अपनी दो साल की अवधि में 30,000 बच्चों को लाभान्वित किया। इस परियोजना की सफलता के साथ, हमने दो और समान वैश्विक अनुदान परियोजनाओं को निष्पादित किया; इस बार हमने 33,000 बच्चों तक पहुँचे, वह बताते हैं। चौथे वैश्विक अनुदान ने गणित पढ़ाने और एक साल की अवधि में सामुदायिक पुस्तकालय बनाने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे 15,000 बच्चों को लाभ हुआ।

इन सभी साक्षरता परियोजनाओं ने स्कूली पाठ्यक्रम का पूरक होने के साथ, एक लाख से अधिक स्कूली बच्चों को शिक्षा में रुचि विकसित करने में मदद की है। ''माता-पिता हमारी प्रत्येक परियोजना के दौरान उत्साही थे और अपने बच्चों में परिवर्तन देखकर खुश थे। जब हमने *रेमेडियल इंग्लिश* कार्यक्रम चलाया, तो हम अभिभावकों में खुशी देख सकते थे क्योंकि उन्होंने अपने बच्चों को धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलते हुए सुना था। उन्होंने अपने बच्चों को निजी स्कूलों में उनके समकक्षों के बराबर माना, राय कहते है। उन्हें उम्मीद है कि सरकार इन पहलों को दोहराएगी और उत्साही युवा शिक्षार्थियों के हित में परियोजना को आगे बढ़ाएगी।'' ■

रो ई मुख्यालय से टीआरएफ समन्वयक गैब्रिएला क्लेन एक अंग्रेजी मेले में एक छात्र के साथ बातचीत करती हुयी, उनके साथ पीडीजी राजेंद्र राय भी चित्र में शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल के एक नेत्र अस्पताल को मिली नई इमारत

वी मुत्तुकुमारन

गरीबों और वंचितों को आंखों की देखभाल प्रदान करने की अपनी विरासत को ध्यान में रखते हुए, रो ई मंडल 3291 ने पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में स्थित अपने जॉयनगर आई हॉस्पिटल को एक अत्याधुनिक इमारत में स्थानांतरित कर दिया है, जिसमें 5,000 सर्जरी करने और एक वर्ष में 50,000 ओपीडी रोगियों की जांच करने की प्रारंभिक क्षमता होगी। ''हम 2-3 वर्षों में अपने प्रदर्शन को दोगुना कर देंगे क्योंकि 10,000 वर्ग फुट की इमारत में आधुनिक लेसिक सर्जरियां करने एवं ग्लूकोमा, रेटिना रोगों के इलाज के लिए जटिल प्रक्रियाएं करने हेतु नवीनतम उपकरण होंगे,'' रोटरी क्लब कलकत्ता चौरंगी के सदस्य और परियोजना दल के एक प्रमुख कार्यकारी विक्रम तांतिया कहते हैं।

गांवों और ब्लॉकों में इसके 23 विजन केंद्रों द्वारा संदर्भित रोगियों की भीड़ को देखते हुए, पुरानी किराए की इमारत एक वर्ष में 30,000 ओपीडी जांच एवं 3,500 सर्जरियाँ करने के बावजूद भी मांग को पूरा नहीं कर पा रही थी और अधिकांश सर्जरियाँ उनके आउटरीच केंद्रों के माध्यम से रूट की जा रही थी। रोटरी क्लब सेंट्रल कलकत्ता द्वारा प्रायोजित आरसीसी ह्यूमन डेवलपमेंट सेंटर (आरसीसी एचडीसी) की पहल की वजह से 2004 में सुंदरबन के मथुरापुर ब्लॉक में एक मामूली दृष्टि केंद्र के रूप जिस अस्पताल की शुरुआत हुई, वह 2007 में रोटरी सर्वेक्षण के बाद धीरे-धीरे विस्तारित हुआ।

अध्ययन ने कोलकाता से दो घंटे की दूरी पर स्थित एक छोटे से शहर जॉयनगर में इसके स्थानांतरण का सुझाव किया, और ''हमारी नई किराए की इमारत रेलवे स्टेशन के करीब थी और सड़कों से भी अच्छी तरह से जुड़ी हुई थी। हमारे

बाएं से: डीआरएफसी सुदीप मुखर्जी, रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी, रोटेरियन बिनोद खैतान, डीजी हीरालाल यादव और पीडीजी रजनी मुखर्जी।

डीजी हीरालाल यादव ने जॉयनगर आई हॉस्पिटल के नये भवन का उद्घाटन किया। (बाएं से) आरआईडी रॉयचौधरी, ट्रस्टी प्रभारी साजिद हुसैन, डीआरएफसी सुदीप मुखर्जी, पीडीजी रजनी मुखर्जी और रोटरी क्लब कलकत्ता चौरंगी की अध्यक्ष मीना खेमका भी चित्र में शामिल हैं।

अच्छे काम को देखकर, मकान मालिक ने पहली मंजिल खाली कर दी और हमें अपनी नेत्र देखभाल सेवाओं का विस्तार करने के लिए जगह दी,'' परियोजना सलाहकार बिनोद खैतान याद करते हैं। 2007 में सप्ताह में तीन दिन 10-15 रोगियों की जांच से लेकर 2023 में 3,500 मोतियाबिंद सर्जरी एवं तीन लाख ओपीडी मुलाकातों तक, हम जॉयनगर अस्पताल में एक लंबा सफर तय करके पहुँचे हैं। लेकिन कुल मिलाकर सिर्फ 5,000 वर्गफुट जगह के साथ, हमारे पास जगह की कमी थी, और पूरे साल हमें बढ़ते रोगियों का सामना करना पड़ता था। मोतियाबिंद प्रक्रिया 2008 में शुरू की गई थी।

चार परामर्श सर्जनों, 10 दृष्टिमितिज्ञों और 14 स्थानीय रूप से प्रशिक्षित नर्सों सहित 28 सदस्यीय टीम ने अस्पताल में दैनिक परिचालनों का संचालन किया। अपनी सेवा का विस्तार करने की तात्कालिकता के साथ, एक संयुक्त परियोजना में ₹1.5 करोड़ (भूमि लागत सहित) की लागत से 10,000 वर्ग फुट की इमारत का निर्माण किया गया, जिसमें रोटरी क्लब कलकत्ता चौरंगी, कलकत्ता युवीस और आरसीसी एचडीसी सहित अन्य दानकर्ताओं ने उनके योगदानों के साथ समर्थन किया।

एक महत्वपूर्ण दिन

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर, 23 जनवरी को, अस्पताल पुरानी साइट से सिर्फ एक किमी दूर अपने नए भवन में चला गया, और इसे मजॉयनगर रोटरी आई हॉस्पिटलफ के रूप में फिर से नामित किया गया, जो रो ई मंडल 3291 के नेत्र अस्पतालों के रोस्टर में 12वीं ऐसी सुविधा है। ग्राउंड फ्लोर (5,000 वर्ग फुट) पर ओपीडी जनवरी से पूरी तरह से चालू है, जिसमें एक दिन में 50-70 मरीज आ रहे हैं। चिकित्सा उपकरण (32,000 डॉलर) रोटरी क्लब कलकत्ता चौरंगी और रोटरी क्लब सिंगापुर, रो ई मंडल 3310, के बीच एक वैश्विक अनुदान परियोजना के माध्यम से समय पर उपलब्ध कराये गए थे, तांतिया बताते हैं।

वे अब ओटी रूम को संचालित करने के लिए लाइसेंस और ओटी उपकरण की स्थापना की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिसके लिए रोटरी क्लब कलकत्ता युवीस और गिल्डफोर्ड वे, रो ई मंडल 1145, यूके, के बीच 37,000 डॉलर का वैश्विक अनुदान मार्च में स्वीकृत किया गया था। ''अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो पहली मंजिल (5,000 वर्ग फुट) पर ओटी कमरा अप्रैल या मई के पहले सप्ताह तक चालू हो जाएगा। यदि आप भवन लागत के साथ दो वैश्विक अनुदान परियोजनाओं के मूल्य को जोड़ते हैं, तो उपकरण सहित हमारी कुल लागत लगभग ₹4 करोड़ होगी, जिसमें सी एस आर अनुदान का योगदान ₹30 लाख होगा,'' खैतान कहते है। उनकी परियोजना टीम ने ट्रस्ट पंजीयक में अस्पताल के नाम परिवर्तन के लिए आवेदन किया है।

जबकि 80 वर्षीय बिनोद खैतान और उनकी आरसीसी टीम जॉयनगर अस्पताल की सफलता की कहानी के केंद्र में रही है, जो एक प्रमुख नेत्र देखभाल केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है, ''मैं अब युवा पीढ़ी को नेतृत्व का दायित्व सौंपने के लिए उत्सुक हूं ताकि हम अस्पताल की बहुआयामी सेवाओं में अवरोध के बिना विकास को बनाए रख सकें,'' खैतान मुस्कुराते है। नए अस्पताल भवन का उद्घाटन रो ई निदेशक अनिरुद्ध रायचौधरी ने डीजी हीरालाल यादव के साथ किया। डीआरएफसी सुदीप मुखर्जी, डीजीएनडी तापस भट्टाचार्य, पीडीजी रजनी मुखर्जी और पीडीजी प्रभिर चटर्जी भी इस मौके पर उपस्थित थे। ■

सोलापुर के बीड़ी मजदूर

व्यंकटेश मेतन

सोलापुर की महिला बीड़ी श्रमिकों की रोजमर्रा की जिंदगी उनकी क्षमता और लचीलेपन की साक्षी है। ये तस्वीरें उनकी दिनचर्या के सार, उनके बीच सौहार्द और विपरीत परिस्थितियों में उनकी अटूट भावना को दर्शाती हैं।

प्रत्येक महिला एक दिन में औसतन 1,000 बीड़ी बनाती है। महाराष्ट्र सरकार ने बीड़ी घरकुल का निर्माण किया है जो एक कम लागत वाली आवास सोसायटी है जहाँ अधिकांश बीड़ी श्रमिक अपने परिवारों के साथ रहते हैं। अन्य लोग पड़ोसी क्षेत्र में एक कमरे के आवास में रहते हैं। आसपास के क्षेत्र में ऐसे बैंक हैं जहाँ से महिलाएं अपनी कमाई वसूलती हैं। ■

योगदानकर्ता रो ई मंडल 3132 के पूर्व मंडल गवर्नर है।

आपके गवर्नर्स

जयश्री मोहंती

सॉफ्टवेयर

रोटरी ई-क्लब मंडल 3262

क्लबों को मजबूत करने के लिए एक चेकलिस्ट

2008 में जयश्री और तन्मय मोहंटी को रोटरी क्लब की एक बैठक में आमंत्रित किया गया था। क्लब की बातचीत से प्रभावित होकर उन्होंने रोटरी में शामिल होने का फैसला किया। जयश्री ने तब से सदस्यता वृद्धि, अवरोधन और परियोजना गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अपने क्लबों के लिए एक चेकलिस्ट बनाई है। प्रत्येक रोटेरियन से कम से कम 20 स्वयंसेवक घंटे का योगदान करने की उम्मीद की जाती है।

115 क्लबों में 4,000 सदस्यों के साथ उन्होंने 400 नए रोटेरियनों को जोड़कर 10 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि को पार कर लिया है। मैं जून के अंत तक 200 और सदस्यों को शामिल करूंगी। लक्षित 10 नए क्लबों में से पांच पहले से ही ओडिशा के गैर-प्रतिनिधित्व क्षेत्रों में बनाए गए है, वह आगे कहती है। *प्रोजेक्ट समन* स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए बस स्टैंड पर सात गोपनीयता केंद्र (प्रत्येक की लागत ₹3.75 लाख) स्थापित करेगा ताकि वे अपने बच्चों को दूध पिला सकें, परामर्श ले सकें और पोषण किटें प्राप्त कर सकें। पहले दो समन केंद्र कटक और भुवनेश्वर में स्थापित किए गए थे।

उनकी अन्य उल्लेखनीय परियोजनाओं में बालासोर में एक मैमोग्राफी केंद्र (वैश्विक अनुदान: 670,000 डॉलर) शामिल है; भुवनेश्वर के पास रोटरी डायग्नोस्टिक केंद्र (वैश्विक अनुदान: 450,000 डॉलर); और हमें जी एच, कालाहांडी में एक बाल चिकित्सा आईसीयू इकाई (वैश्विक अनुदान: 38,000 डॉलर) के लिए एक वैश्विक अनुदान अनुमोदन प्राप्त हुआ। टीआरएफ को देने के लिए उनका लक्ष्य 275,000 डॉलर एकत्रित करना है।

बुसीरेड्डी शंकर रेड्डी

भंडारण

रोटरी क्लब भद्राचलम, रो ई मंडल 3150

क्लब अध्यक्ष को गवर्नर के साथ तालमेल बैठाना होगा

दोस्ती, फैलोशिप और समाज सेवा ने शंकर रेड्डी को 1994 में रोटरी में आकर्षित किया। मैं पीडीजी रवि वाडलामानी और स्वर्गीय ए वी अचार से प्रभावित था, वह कहते हैं। उनका ध्यान क्लब नेतृत्व को पोषित करने और दीर्घकालिक लक्ष्यों को साधने पर केंद्रित है। साथ ही भावी अध्यक्ष स्पष्ट लक्ष्यों के साथ मंडल कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे, रेड्डी समझाते हैं।

20 प्रतिशत शुद्ध सदस्यता वृद्धि के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ वह 800 नए रोटेरियनों को शामिल करेंगे जिनमें से आधे पहले ही शामिल किए जा चुके हैं। वर्तमान में, तेलंगाना के 112 क्लबों और आंध्र के दो राजस्व जिलों में 4,370 रोटेरियन हैं। मई में आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के विनुकोंडा गांव में एक रोधक बांध (वैश्विक अनुदान: 500,000 डॉलर) का उद्घाटन किया जाएगा। इस वाटरशेड परियोजना से 150 एकड़ खेत की सिंचाई होगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। हैदराबाद में नीलोफर चिल्ड्रन हॉस्पिटल और एम एन जे कैंसर हॉस्पिटल को दो वैश्विक अनुदान परियोजनाओं के अंतर्गत ₹1 करोड़ के चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए। टीआरएफ को देने के लिए उनका लक्ष्य 600,000 डॉलर का है।

से मिलिए

वी मुत्तुकुमारन

जी सुमित्रन

कार्डियोथोरेसिक सर्जन

रोटरी क्लब करुणागपल्ली, रो ई मंडल 3211

रोटरी प्रतियोगिताओं ने युवाओं को लुभाया

सुमित्रन 700 नए रोटेरियनों और सात नए क्लबों को जोड़ेंगे ताकि जून के अंत तक सदस्यता 6,000 को पार कर जाए। तिरुवनंतपुरम में एक उपशामक देखभाल सुविधा में एक डायलिसिस केंद्र (वैश्विक अनुदान: 68,000 डॉलर) जोड़ा गया था; और 5 करोड़ की 10 वैश्विक अनुदान परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। *प्रोजेक्ट सतरंगी* (इंद्रधनुष) ने हृदय रोगों, मधुमेह, गुर्दे की समस्याओं, कैंसर आदि जैसे जीवन शैली संबंधी विकारों पर 2,300 प्रारंभिक पहचान-सह-जागरूकता शिविर आयोजित किए हैं। इन विशेष शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाता है। *प्रोजेक्ट सतरंगी* के अंतर्गत 90 रोगियों को ₹97 लाख की वित्तीय सहायता दी गई; और हम 30 और रोगियों तक पहुंचेंगे साथ ही 500 और सतरंगी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

प्रोजेक्ट सहायी (सहायता) ने 800 विकलांगों को ₹2 करोड़ से अधिक की लागत से बैसाखी, कैलिपर, चलने एवं सुनने के यंत्र वितरित किए; सौ 1 बीएचके घर (प्रत्येक ₹6 लाख) *प्रोजेक्ट अभयम* (घर) के अंतर्गत बेघर परिवारों को सौंप दिए जाएंगे; उनका लक्ष्य टीआरएफ के लिए 1 मिलियन डॉलर इकट्ठा करना है। 2006 में रोटरी से जुड़ने के बाद उन्होंने रोटरी परियोजनाओं के लिए 250 हृदय सर्जरियाँ की है।

एस सुंदरराजन

आर्थोपेडिक सर्जन

रोटरी क्लब उदुमलपेट तेजस, रो ई मंडल 3203

रोटरेक्ट क्लबों के लिए एक नवीन दृष्टिकोण

सुंदरराजन का कहना है कि रोटरी को रोटरेक्ट और इंटरेक्ट क्लबों की ओर रुख करके युवा शक्ति को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अब हमने 20 नए रोटरेक्ट क्लबों को जोड़ा है जिससे हमारे मंडल में इसकी संख्या 70 हो गई है और इंटरेक्ट क्लबों को 120 तक दोगुना कर दिया है, वह कहते हैं।

नए शामिल किए गए 100 सदस्यों सहित 4,950 रोटेरियनों के साथ अन्य 150 रोटरी में शामिल होंगे; और तीन अन्य क्लब अधिकृत किए जाएंगे जिससे इसकी संख्या 98 हो जाएगी। वह तीन वैश्विक अनुदान परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं - जीएच, कोटागिरी (₹35 लाख) और जीएच, पोलाची (₹45 लाख) को नए उपकरण और फर्नीचर दान करना; और स्कूली विद्यार्थियों के लिए एक विज्ञान वैन (₹30 लाख) शुरू करना।

हर मंगलवार को 40 क्लब, पीएचसीयों और सरकारी अस्पतालों में प्रसवपूर्व जांच शिविरों में गर्भवती महिलाओं को भोजन और पोषण किटें प्रदान कर रहे हैं। कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड और पोल्लाची में मानव दूध बैंकों में मां का दूध दान किया जाता है। टीआरएफ के लिए उनका लक्ष्य 600,000 डॉलर का है। 1991 में रोटरी में शामिल होने के बाद उन्होंने युगांडा, नाइजीरिया, उत्तर प्रदेश (सात बार) और कश्मीर (फरवरी 2024) में 10 रोटरी चिकित्सा मिशनों में भाग लिया।

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

पर्यावरण की मदद के लिए रोटरी क्लब क्या कर सकते हैं

मीनाक्षी वेंकटरमन

अप्रैल 2024 में हम रोटरी पर्यावरणीय कार्यवाही पर प्रकाश डालते हुए अपना पहला महीना मनाएंगे। 1990 में पीआरआईपी पाउलो वी सी कोस्टा ने पर्यावरण को अपने प्राथमिक मुद्दों में से एक बनाया जिससे प्रीज़र्व प्लेनेट अर्थ कार्यक्रम तैयार हुआ। जून 2020 में रो ई निदेशकों और रोटरी फाउंडेशन बोर्ड ने सर्वसम्मति से रोटरी के सातवें ध्यानाकर्षण क्षेत्र - पर्यावरण की रक्षा - को मंजूरी दी। 2021 में TRF ने पर्यावरणीय वैश्विक अनुदान देना शुरू किया। जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। प्रभावी परियोजनाओं के लिए क्लब रोटरी एक्शन ग्रुप्स और TRF के विशेषज्ञता और तकनीकी सहायता के तेजी से बढ़ते खज़ाने को आकर्षित कर सकते हैं: इन्वाइरन्मेनल सस्टैनबिलिटी रोटरी एक्शन ग्रुप्स (ESRAG), रोटरी एक्शन ग्रुप फॉर एंडनजर्ड स्पीसिस (RAGES), WASHRAG और पर्यावरण, जल और सामुदायिक आर्थिक विकास में TRF कैडर विशेषज्ञ।

एक सवाल जो अधिकांश क्लब पूछते हैं: हमारे पर्यावरण की रक्षा के लिए हमारा क्लब कौनसी सबसे प्रभावशाली परियोजना कर सकता है? यह सवाल एकदम उचित है। ESRAG की वेबसाइट *(www.esrag.org)* पर अनेक परियोजना लेख मौजूद है जो हमारी खपत को कम करने, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक से बचने, पानी बचाने और पेड़ लगाने में क्लबों की सफलता को दर्शाते है।

ऑपरेशन पालनैशन एक बहुमुखी, उच्च प्रभाव वाली जैव विविधता परियोजना का एक उदाहरण है। पीआरआईपी जेनिफर जोन्स उनके भारत दौरे पर रोटेरियनों द्वारा एकल मधुमक्खियों के लिए मधुमक्खी घरों की स्थापना को देखकर प्रेरित हुई। रोटेरियन छतों, उद्यानों, सार्वजनिक बागों, स्कूल के प्रांगणों और अन्य स्थानों पर परागण अनुकूल पौधे लगाकर नेतृत्व कर सकते हैं। आप अपने स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्रों से भी संपर्क कर सकते हैं और मधुमक्खी पालक बनने में महिला समूहों के लिए आजीविका विकल्पों हेतु निधियन कर सकते हैं।

सतत खेती पर्यावरणीय नुकसान को कम करने, खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और किसानों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने का एक और शानदार अवसर है। उदाहरणों में डीजल ईंधन से चलने वाले पानी के पंप की बजाए सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप प्रदान

करना शामिल है। इसी तरह कृषि विस्तार कार्यालय भी परियोजना के विचारों का एक स्रोत हो सकते हैं, जिसमें आपका क्लब किसानों के लिए मिट्टी का परीक्षण करता है या खाद बनाने की तकनीक सिखाता है जिससे उर्वरक खरीदने का किसानों का पैसा बचता है और घटती मिट्टी को बहाल करता है।

जलवायु परिवर्तन न केवल उत्सर्जन को रोकते है बल्कि जीवाश्म ईंधन से घातक कण वायु प्रदूषण को कम करके स्वास्थ्य की रक्षा करते है। उदाहरणों में कम आय वाले टैक्सी ड्राइवरों की ई-ऑटो रिक्शा तक पहुंचने में मदद करके ईंधन की बचत कराना और खतरनाक ऊष्मा द्वीपों को कम करने के लिए शहरी वृक्ष आवरण को बढ़ाने का अभियान चलाना शामिल है। रोटेरियनों द्वारा अपने घरों, कार्यालयों या परियोजनाओं के रूप में स्थापित सौर पैनलों की गिनती करने के लिए अब एक अंतर्राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। मिलियन सोलर पैनल चैलेंज के लिए आप यहाँ अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए परियोजना विचारों पर 30 मिनट की प्रस्तुति और उसके बाद होने वाली चर्चा के लिए हर बुधवार शाम (7:30 बजे IST) ज़ूम पर निःशुल्क ESRAG सेमिनार श्रृंखला में भाग लेने पर विचार करें। कई भारतीय रोटेरियन इसमें भाग लेकर अपना योगदान देते है और वैश्विक स्तर के प्रतिबद्ध रोटेरियनों से बातचीत करने का आनंद लेते हैं। आप परियोजना साझेदारों के लिए विचारों के साथ-साथ अपने संपर्कों का आदान-प्रदान कर सकते हैं। आप अपने द्वारा की गई परियोजनाओं के बारे में भी बता सकते हैं, जिससे हम ESRAG में हमारी वेबसाइट और सोशल मीडिया पर आपके क्लब की सफलता की कहानी साझा करके उसकी सराहना कर सकते हैं।

हाथ से न जाने देने वाले अवसर और उन्हें चूकने के नुकसान: ऐसे कई तरीके हैं जिनसे भारतीय रोटेरियन भारत की कुछ सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों के त्वरित समाधान को बढ़ावा दे सकते हैं लेकिन आपको परियोजनाओं को विफल करने वाले सामान्य नुकसान को ध्यान में रखते हुए खुली आंखों से समाधान तैयार करने होंगे। यहां कुछ अवसरों और गलतियों को नज़रअंदाज करने के बारे में बताया गया है।

वृक्ष परियोजनाएं: पर्यावरण परियोजनाओं में हमें क्लब प्रतिबद्धता की आवश्यकता एक रोटरी वर्ष से परे होती है। हमने रोटरी वृक्षारोपण के साइनबोर्ड देखे हैं पर कोई पेड़ नहीं क्योंकि क्लबों ने उनके रखरखाव और संवहनीयता के लिए कोई योजना नहीं बनाई थी। इससे पहले कि आप एक वृक्षारोपण परियोजना करने का निर्णय लें कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपने सारी मंजूरी ले ली हैं और इसके तीन साल बाद तक के रखरखाव की योजना बनाएं। वृक्षारोपण के लिए सभी भूमि बंजर भूमि नहीं है। कृपया अपने स्थानीय वन विभाग से संपर्क करें या हमसे संपर्क करने के लिए *esragsouthasia@esrag.org* पर ईमेल भेजें।

वायु गुणवत्ता: हर बार सर्दियों में फसल के ठूंठ जलाने से नई दिल्ली क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बिगड़ जाती है। लेकिन घातक कण प्रदूषण का एक बड़ा हिस्सा चूल्हे में जलाऊ लकड़ी जलाने से आता है। परिवहन के लिए डीजल ईंधन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और कणों का एक अन्य स्रोत है जो घातक और चिरकालिक बीमारी के बोझ को बढ़ाता है। एलपीजी के लिए सब्सिडी को एक प्रोत्साहन के रूप में खत्म करना होगा। आपका क्लब स्वच्छ चूल्हों के बारे में जागरूक करने की परियोजना कर सकता है। जल ऊर्जा द्वारा संचालित इंडक्शन स्टोव का उपयोग करके नेपाल, रो ई मंडल 3292 में एक वैश्विक अनुदान के रूप में एक स्वच्छ कुकस्टोव

रोटरी क्लब धारापुरम, रो ई मंडल 3203 के सदस्य एक जलाशय की सफाई करते हुए।

परियोजना की जा रही है। आपके रोटरी क्लब की सार्वजनिक छवि में वृद्धि करने की परियोजना के रूप में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का वित्तपोषण एक बढ़िया विकल्प है।

पानी की गुणवत्ता: 2023 रिकॉर्ड किए गए इतिहास में सबसे गर्म वर्ष था। बेंगलुरु जैसे शहरों में जल संकट पैदा हो गया है। 20 और 21 अप्रैल को एक वाटर मिंगा *(https://tinyurl.com/waterminga)* का उद्देश्य दुनिया भर में काम करने वाले ऐसे समुदायों का एक गिनीज रिकॉर्ड बनाना है जो किसी झील, दलदली भूमि, नदी, धारा या उसके मुहाने पर सफाई, गाद निकालने की परियोजनाओं, जागरूकता अभियानों या अन्य किसी भी परियोजना को अंजाम देते हैं। यदि आप एक जल परियोजना कर रहे हैं तो इसे रोटरी के कम्यूनिटी एक्शन फॉर फ्रेश वाटर साइट पर पंजीकृत करें।

रो ई मंडल 3203 ने राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय, जल शक्ति, भारत सरकार और WWF के साथ भवानी नदी की बहाली और रो ई मंडल 3232 के साथ कूम नदी की बहाली के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया हैं। ये जल निकायों के साथ क्लबों और स्थानीय समुदायों को

वेल्लार मुहाना, चिदम्बरम, तमिलनाडु में मैंग्रोव पौधे लगाए जा रहे हैं।

सफाई व्यवस्था करने, सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित करने, आर्द्रभूमि को बनाए रखने या जल धाराओं के मुहाने पर मैंग्रोव को बहाल करने में मदद करते हैं। 'लाइफ टू रिवर्स' रो ई मंडल 3240 की एक पहल जो संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में योगदान करने के लिए मीठे पानी के पारिस्थितिक तंत्र और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की रक्षा, बहाली और उन्हें बनाए रखने के लिए स्थानीय रूप से केंद्रित एक वैश्विक पहल है।

इस पहल का उद्देश्य रोटरी क्लबों और साझेदारों को जागरूकता बढ़ाने और पूर्वोत्तर राज्यों में हमारी जल धाराओं और नदियों के संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के लिए प्रभावी कार्यवाही करने में शामिल करना है। शिक्षा, समर्थन और हस्तांतरित संरक्षण प्रयासों के माध्यम से इस आंदोलन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नदियां पनपती रहें और भावी पीढ़ियों के लिए उपयोगी रहें।

इस पहल के अंतर्गत मंडल भर के क्लबों ने अपने क्षेत्र में जीवनदायी नदियों को बचाने के लिए नदी सफाई अभियान, जन जागरूकता रैलियां, नदियों के लिए पदयात्रा आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया है। रो ई मंडल 3291 की वकालत ने कोलकाता में अधिगंगा नदी में परिवर्तन लाया है। कुछ क्लब झील बहाली की योजना तैयार कर रहे हैं, कुछ सामुदायिक नदी रक्षक स्थापित करना चाहते हैं या जलविभाजक की बहाली करना चाहते हैं। पहले से ही कुछ क्लब चेक डैम स्थापित करने में लगे हुए हैं। ये सब रोटरी-यूएनईपी कार्यक्रम के अंतर्गत आते हैं। CAFW (कम्यूनिटी एक्शन फॉर फ्रेश वाटर) कार्यक्रम में किसी भी मदद के लिए *cafw@rotary.org* को एक ईमेल भेजें।

मैंग्रोव: मैंग्रोव तटीय बाढ़ के लिये एक अवरोधक के रूप में कार्य करते हैं और बंगाल की खाड़ी एवं

पीडीजी बालाजी बाबू (दाएं से तीसरे), रोटरी क्लब मयिलाडुदुराई के सदस्यों के साथ, वेल्लार मुहाना में एक पायलट मैंग्रोव संरक्षण और वृक्षारोपण परियोजना में भाग लेते हुए।

अरब सागर के तीव्र चक्रवातों से जूझने वाले पीड़ित समुदायों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। भारत में मैंग्रोव की बहाली बढ़ रही है जिसकी शुरुआत चिदंबरम में रो ई मंडल 2981 में एक प्रायोगिक वैश्विक अनुदान के पूरा होने के साथ हुई इसके साथ ही एक अन्य अनुदान इसकी सफलता को विस्तारित करने के लिए प्रक्रियाधीन है।

सुंदरबन में रो ई मंडल 3291 का एक भिन्न वैश्विक अनुदान मैंग्रोव पाम्स के लिए एक नर्सरी निर्मित करने के बारे में है जो अब स्थानीय रूप से विलुप्त हो गए हैं ताकि बांधों को स्थायी किया जा सके और मैंग्रोव-आधारित आर्थिक विकास परियोजनाएं की जा सकें। ये परियोजनाएं मंडलों, क्लबों और अन्य क्षेत्रीय हितधारकों के बीच संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देती हैं। आप एक प्रभावशाली और स्थायी परियोजना तैयार करने के लिए TRF कैडर और ESRAG विशेषज्ञता का उपयोग कर सकते हैं। यदि आपका क्लब/मंडल तट पर नहीं है तब भी आप मैंग्रोव परियोजनाओं पर काम कर सकते हैं। कृपया *project@esrag.org* से जुड़ें।

रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर की वैश्विक अनुदान परियोजना के हिस्से के रूप में सुंदरबन में एक ताड़ अंकुरण केंद्र और नर्सरी स्थापित किया गया।

प्लास्टिक और अन्य ठोस अपशिष्ट प्रदूषण को कम करना: इस रोटरी वर्ष को पूरा करने वाले अन्य वैश्विक अनुदानों में रो ई मंडल 3020 का प्रदूषण में कमी, पुनर्चक्रण, पुन: उपयोग और रोजगार सृजन के लिए प्लास्टिक कचरा संग्रह शामिल है। रो ई मंडल 3150 में बिस्किट और चॉकलेट रैपर जैसे बहुपरत प्लास्टिक पर एक वैश्विक अनुदान की तैयारी चल रही है ताकि अपशिष्ट पदार्थ को अलग करके उनका पुन: उपयोग करने के लिए एक अपस्किलिंग परियोजना पर विचार किया जा सके जिसे अन्यथा जला दिया जाता है। रो ई मंडल 3182 को एक परियोजना के लिए मंडल अनुदान प्रदान किया गया जो मुर्गी के अपशिष्ट पंखों की पैकेजिंग करता है। अन्य परियोजनाएं भी प्रक्रियाधीन हैं। पर्यावरण पर एक वैश्विक अनुदान परियोजना को चुनौतीपूर्ण नहीं होना चाहिए। आप ीक्षिशलीशीीरस. ेस पर डिजाइन और साझेदारी सहायता के लिए अपने प्रश्न भी भेज सकते हैं।

महिलाओं की आर्थिक सफलता को बढ़ावा देना: रो ई मंडल 3212 में हमारे पास समुद्री संसाधनों का

उपयोग करके महिला पर्यावरण उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली परियोजनाएं हैं।

अपने प्रभाव का दस्तावेजीकरण करें: किसी परियोजना के प्रभाव को मापना उम्मीद जगाता है और एक गति प्रदान करता है। क्लबों को इस प्रभाव को दिखाने के लिए वार्षिक रूप से डेटा एकत्रित करके उसे रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। डेटा के बिना हम न केवल खुद को बल्कि हमारे समुदायों को भी विफल करते हैं। उदाहरण के लिए हमें ई-कचरा अभियानों के साथ बड़ी सफलता मिली है: रो ई मंडल 3131 ने पिछले तीन वर्षों से इसे व्यवस्थित तरीके से शुरू किया और यह कई मंडलों में लोकप्रिय हो रहा है। जब आप प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित संग्रह एजेंसी को ई-कचरा वितरित करते है तो आपके क्लब को आपके प्रभाव की रसीद मिलती है। यह रसीद केवल आपके प्रभाव के रूप में अपलोड की जा सकती है। अपने समुदाय के साथ प्रभाव साझा करने और ESRAG के प्रोजेक्ट इम्पैक्ट रिपोर्टिंग टूल *(www.esrag.org/initiatives)* पर हर साल डेटा अपलोड करने के लिए अपने क्लब की प्रोजेक्ट टीम में डेटा-ट्रैकिंग चैंपियन नियुक्त करें। यदि कोई शंका हो तो *support@irotree.org* पर ईमेल भेजें। कृपया हमें अपनी पर्यावरण परियोजनाओं के बारे में बताएं ताकि हम आपकी पहल को उजागर कर सकें।

